CV चौथी वाणी राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

BIHHIN/2021/85413

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# चौथी वाणी

एक अखबार, पूरा हिन्दुस्तान

पटना (बिहार) से प्रकाशित

वर्ष : 05 | अंक : 101 | शनिवार 11 अप्रैल 2026 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 02 | ई मेल : chauthivanii@gmail.com | www.chauthivani.com




आईपीएल 2026: वैभव सूर्यवंशी ने तूफानी पारी खेलकर लगाई रिकॉर्ड्स की झड़ी

## संक्षिप्त खबरें

### गुजरातः वडोदरा बस टर्मिनल ढहने से एक की मौत, जांच के आदेश

**वडोदरा।** वडोदरा के सेंट्रल बस स्टेशन की ऊपरी संरचना का एक हिस्सा शुक्रवार को ढह गया, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और स्टेशन पर बस सेवाओं में अस्थायी बाधा उत्पन्न हुई। यह घटना बस टर्मिनल पर हुई, जिसे 114 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया था। इस घटना से वहां मौजूद यात्रियों और कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस के अनुसार, यह हादसा दोपहर 1 बजे से 2 बजे के बीच हुआ। हताहतों की संख्या को लेकर शुरू में जो भ्रम था, उसे बाद में अधिकारियों ने स्पष्ट किया। उन्होंने पुष्टि की कि इस घटना में केवल एक व्यक्ति की मौत हुई है और किसी अन्य के घायल होने की कोई खबर नहीं है।

### यूजीसी के सचिव मनीष जोशी होंगे कार्यमुक्त, श्यामा रथ बनेंगी नई सचिव

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के सचिव प्रो. मनीष आर. जोशी को कार्यमुक्त करने का निर्णय लिया गया है। उच्च शिक्षा प्रशासन में यह एक महत्वपूर्ण निर्णय है। यूजीसी सचिव 25 अप्रैल 2026 को कार्यमुक्त होंगे। उनके स्थान पर अब अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) की सदस्य सचिव प्रो. श्यामा रथ को यह अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। शुक्रवार को यह निर्णय यूजीसी के सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से लिया गया है। हालांकि यह निर्णय 25 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगा। यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब देश में उच्च शिक्षा व्यवस्था, विशेषकर यूजीसी की नीतियों और नियमों को लेकर व्यापक बहस चल रही है।

### भागलपुर में अवैध रूप से जमीन पर कब्जा करने के आरोप में आठ गिरफ्तार

**पटना।** भागलपुर पुलिस ने भूमि माफियाओं के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई में संगठित भूमि हड़पने वाले गिरोह के आठ सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया। पुलिस की तरफ से यह अभियान आनंद मार्ग क्षेत्र में चलाया गया, जहां से आरोपियों की गिरफ्तारी की गई। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। भागलपुर एसएसपी प्रमोद कुमार यादव के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान ने जिले के आपराधिक तत्वों में सनसनी पैदा कर दी है। एसपी प्रमोद कुमार यादव के अनुसार, 9 अप्रैल, 2026 को पुलिस को एक गुप्त सूचना मिली थी कि बंदूक की नोक पर एक कीमती जमीन पर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है।

# उपराष्ट्रपति ने सीएम नीतीश को दिलायी राज्यसभा सदस्य की शपथ

## सदस्यता ग्रहण करने के बाद दिल्ली से पटना लौटे नीतीश

**चौथी वाणी/पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण किया। उन्हें संसद भवन में आयोजित एक संक्षिप्त समारोह के दौरान शपथ दिलाई गई। राज्यसभा के सभापति एवं देश के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्ण ने नीतीश कुमार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।इस दौरान बिहार एनडीए नेताओं के साथ-साथ केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, जेपी नड्डा, अर्जुन राम मेघवाल भी मौजूद रहे। संजय झा ने सिग्नेचर करने के लिए उन्हें पेन दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने कहा, हो गया.. चलें। जिस पर फोटो सेशन के लिए रूकने को कहा गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चारों सदन का सदस्य बनने का रिकॉर्ड बनाया है। वो पहली बार राज्यसभा पहुंचे हैं, जबकि इसके पहले लोकसभा, बिहार विधान परिषद और विधानसभा के सदस्य रह चुके हैं। शपथ ग्रहण करने के बाद सीएम नीतीश कार्यकताओं से मिले। इस दौरान संजय झा और ललन सिंह भी मौजूद थें।

### बिहार में सरकार बदलने की अभी कोई बात नहीं : विजय चौधरी

सीएम नीतीश राज्यसभा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद दिल्ली से पटना लौट आए हैं। उनके साथ संजय झा और मंत्री विजय चौधरी भी पटना पहुंचे हैं। विजय चौधरी ने बिहार में नई सरकार के सवाल पर कहा कि नीतीश कुमार के सदस्यता ग्रहण करने से बिहार में सरकार बदलने की अभी कोई बात नहीं है। सदस्यता ग्रहण करने से सरकार नहीं बनती। सरकार इस्तीफा देने से बनती है। इंतजार कीजिए, अभी समय है।



### नीतीश से मिलने पहुंचे बिहार के बड़े नेता

इससे पहले सुबह दिल्ली में नीतीश से मिलने बिहार के बड़े नेता पहुंचे। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर ने सुबह मुलाकात की। फिर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, मंत्री अशोक चौधरी और मदन सहनी ने मुलाकात की। इधर, केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने नीतीश कुमार के राज्यसभा सांसद बनने पर सोशल मीडिया पर लिखा- बिहार विल मिस यू नीतीश जी। जबकि राजद प्रवक्ता शक्ति यादव ने कहा, आज से बिहार में उनकी सेवा समाप्त होती है। वहीं दिल्ली में नीतीश कुमार के सामने नेताओं और पार्टी कार्यकताओं ने कहा कि हमलोग आपके फैसले का विरोध करते हैं।

### बिहार की राजनीति में होगा बड़ा बदलाव

बता दें नीतीश कुमार का यह कदम बिहार की राजनीति में एक बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। लंबे समय तक राज्य की सत्ता संभालने के बाद उनका राज्यसभा जाना सियासी समीकरणों को नए सिरे से परिभाषित कर सकता है। नीतीश कुमार का संसदीय राजनीति में यह नया अध्याय राष्ट्रीय स्तर पर उनकी भूमिका को भी अहम बना सकता है।

### चारों सदनों के सदस्य बने नीतीश

नीतीश कुमार देश के चुनिंदा नेताओं में हैं जो विधायक, एमएलसी, लोकसभा और राज्यसभा सांसद रहे हैं। नीतीश ने पहली बार 1985 में विधायक का चुनाव जीता, फिर 1989 में बाढ़ संसदीय क्षेत्र से लोकसभा सांसद बने उसके बाद 2006 में एमएलसी बने और अब राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ ली है।

# नीतीश पर सीएम पद छोड़ने का बनाया गया दबाव : तेजस्वी



**चौथी वाणी/पटना।** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एनडीए पर तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश का अगला सीएम जनता के जनादेश से नहीं, बल्कि दिल्ली के मेहरबानी से बनेगा। प्रदेश की सरकार जनता के जनादेश से नहीं, दिल्ली से चलाई जाएगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को राज्यसभा सदस्य के तौर पर शपथ ली। तेजस्वी ने तंज कसते हुए कहा कि चुनावों के दौरान हमने कहा था कि उन्हें सत्ता में रहने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने सवाल उठाया कि भारी जनादेश के बावजूद सरकार क्यों बदल रही है? अगर यह नीतीश कुमार की अपनी इच्छा होती तो चुनाव से पहले ही बता देते, लेकिन यह उनकी इच्छा नहीं है, बल्कि उन पर दबाव है।

उन्होंने कहा कि बिहार में कानून-व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य, किसानों, गरीबी, महंगाई और बेदखली की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। हजारों लोग अपने घरों से बेदखल होकर बिहार लौट रहे हैं। गैस संकट के कारण नौकरियां खतरे में हैं। बिहार सरकार ने इन लोगों की मदद के लिए कुछ नहीं किया और न ही इस मुद्दे पर कोई चर्चा की। तेजस्वी ने आरोप लगाया कि भाजपा सिर्फ कुर्सी बचाने में लगी है। ये लोग बिहार को बदनाम कर रहे हैं और इसे बर्बाद कर रहे हैं। मुख्यमंत्री पद को लेकर तेजस्वी यादव ने कहा कि अगर सरकार बनती है तो सीएम कौन बनेगा? क्या लोगों का कोई जनादेश है? बिना जनादेश के यह कैसा लोकतंत्र है? हमारी सारी बात सही हुई और बिहार की सरकार दिल्ली से चलेगी। नीतीश कुमार का जिक्र करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि कल पहली बार नीतीश कुमार बोलने आए थे, लेकिन संजय झा ने उन्हें हटा दिया और बोलने से रोक दिया। कभी कोई उनका हाथ खींचता है, कभी कुर्ता खींचता है। मुख्यमंत्री जब भाषण दे रहे होते हैं तो उनकी लाइन काट दी जाती है। कभी कोई पीछे से कंधा पकड़ लेता है।

### जनादेश से नहीं, दिल्ली चलेगी बिहार सरकार

# पुलिस मुख्यालय ने जिलों में तैनात किए प्रभारी अधिकारी

**चौथी वाणी/पटना।** बिहार सरकार द्वारा मंत्रियों और सचिवों को जिलों का प्रभारी बनाए जाने की तर्ज पर अब पुलिस मुख्यालय ने भी राज्य के सभी जिलों में जिला प्रभारी और नोडल प्रभारी नियुक्त कर दिए हैं। डीजीपी विनय कुमार के इस फैसले का उद्देश्य जिलों में कानून-व्यवस्था को और अधिक चाक-चौबंद बनाना और जमीनी स्तर पर पुलिसिंग की निगरानी को प्रभावी बनाना है। इस नई व्यवस्था के तहत सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) नैय्यर हसनैन खां को दी गई है, जिन्हें पटना जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया है। नैय्यर खां पूर्व में पटना के एसएसपी और जोनल आईजी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उन्हें राजधानी के चप्पे-चप्पे की भौगोलिक स्थिति और अपराध के पैटर्न की गहरी समझ है। जानकारों का मानना है कि उनका मजबूत सूचना तंत्र और कार्यशैली पटना पुलिस के लिए संजीवनी साबित होगी, जिससे आने वाले दिनों में बड़ी सफलताएं मिलने के आसार हैं। इसी क्रम में डीजीपी ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को भी जिलों की जिम्मेदारी सौंपी है। एडीजी अमित कुमार जैन को सारण और बक्सर, आईजी संजय कुमार को मुजफ्फरपुर, एडीजी एस रवीन्द्रण को गया, और एडीजी आर मलार विजी को नालंदा का प्रभार दिया गया है। एडीजी पंकज कुमार दराद को भोजपुर, एडीजी सुधांशु कुमार को दरभंगा और एडीजी सुनील कुमार को जहानाबाद व अरवल की कमान सौंपी गई है। अन्य प्रमुख नियुक्तियों में एडीजी डॉ कमल किशोर सिंह (समस्तीपुर), एडीजी पारसनाथ (मुंगेर), एडीजी अजिताभ कुमार (गोपालगंज व खगड़िया) और एडीजी संजय सिंह (सीवान व पूर्णिया) शामिल हैं। एडीजी अमित राज को बेतिया व बगहा, जबकि चर्चित अधिकारी एडीजी अमित लोढ़ा को लखीसराय और शेखपुरा का जिम्मा मिला है। वहीं वैशाली के लिए मुख्यालय आईजी मनोज कुमार को बनाया गया है। महिला अधिकारियों को भी महत्वपूर्ण जिलों की कमान दी गई है, जिसमें आईजी अनसुइया रणसिंह साहु (औरंगाबाद), आईजी एस प्रेमलता (भागलपुर व नवगछिया), डीआईजी हरप्रीत कौर (भभुआ) और डीआईजी मीनू कुमारी (बेगूसराय) प्रमुख हैं। इसके अलावा सीमावर्ती और संवेदनशील जिलों में आईजी पी कन्नन (जमुई व अररिया), डीआईजी तौहीद परवेज (किशनगंज) और डीआईजी राशिद जमां (सीतामढ़ी) जैसे अधिकारियों को तैनात किया गया है। पुलिस मुख्यालय का मानना है कि इन वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन से जिलों के पुलिस कप्तानों को बेहतर तालमेल बिठाने और अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी।

### सभी जिलों में प्रभारी बनाए गए आईपीएस अधिकारी

### पटना जिले का प्रभार नैय्यर हसनैन खां को दी गई

# गला दबाकर युवक हत्या की आशंका, सनसनी

**चौथी वाणी/फुलवारी शरीफ।** संपतचक नगर परिषद अंतर्गत शाहपुर वार्ड नंबर 6 में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब 36 वर्षीय युवक पिंटू ठाकुर का शव उसके घर से करीब 500 मीटर दूर बरामद किया गया। मृतक की पहचान स्थानीय निवासी कृष्ण ठाकुर के बेटे पिंटू ठाकुर के रूप में हुई है, जो 90 फीट इलाके में सैलून चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। परिजनों और स्थानीय लोगों का आरोप है कि पिंटू ठाकुर की गला दबाकर हत्या की गई है। मृतक के परिवार में पत्नी और दो बच्चे (एक बेटा और एक बेटी) हैं, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल की टीम को बुलाया है। साथ ही डॉग स्क्वायड की मदद से भी साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। गोपालपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में एक व्यक्ति का शव मिलने के मामले में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर-2) पटना रंजन कुमार ने बताया कि पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और पूरे क्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक तरीके से जांच की जा रही है, ताकि मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सके। डीएसपी ने कहा कि पुलिस सभी संभावित बिंदुओं पर जांच कर रही है और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। मामले में अग्रतर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### शाहपुर में मिले शव की हर एंगल से जांच



# राज्य में उत्पादित मछलियों का होगा बड़े पैमाने पर निर्यात : सुरेंद्र मेहता

**चौथी वाणी/पटना।** राज्य में उत्पादित मछलियों को बड़े पैमाने पर दुनिया के बाजार में भेजने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य है कि मछली पालक किसानों को अधिक से अधिक मूल्य मिल सके। दुनिया भर में बिहार की मछलियों की मांग है, यहां उत्पादित कई प्रजाति की मछलियां दुनिया के बाजार में 1500 से 1600 रुपए किलो बिक रही हैं। ये बातें सूचना एवं जन संपर्क विभाग के संवाद कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के मंत्री सुरेंद्र मेहता ने शुक्रवार को कही। उन्होंने कहा कि मछली पालक किसानों का जीवन स्तर बेहतर करने के लिए सरकार कई प्रयास कर रही है। इस माह के अंत तक पटना सहित कई नगर निगमों में सुधा बिक्री केंद्रों की तर्ज पर फ्रेश कैच फिश आउटलेट खोला जाएगा, जिसमें जिंदा-ताजी मछलियां बिकेंगी।

**सुधा बिक्री केंद्र खोलने का प्रयास किया जा रहा :** वहीं इस मौके पर डेयरी मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के सचिव शीर्षत कपिल अशोक ने कहा कि हर गांव में डेयरी कॉपरेटिव सोसाइटी की स्थापना और सभी पंचायतों में सुधा बिक्री केंद्र खोलने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही पशु नस्ल सुधार कार्यक्रम के जरिए दूध उत्पादन बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। पशुओं के लिए राज्य में प्रोटीनयुक्त पशुचारा बनाने की व्यवस्था की जा रही है। गाय और अन्य पशुओं को संतुलित आहार मिले, इसके लिए भी प्रयास किया जा रहा है। पशुओं का टीकाकरण भी शत-प्रतिशत हो इसके लिए भी हम काम कर रहे हैं।

**दूध-मछली उत्पादन में आत्मनिर्भर हुआ बिहार :** इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में शीर्षत कपिल अशोक ने कहा कि दूध और मछली के क्षेत्र में बिहार आत्मनिर्भर हो चुका है। हम सुधा के उत्पादों को विदेशों में भी निर्यात कर रहे हैं, इसे अब व्यापक स्तर पर करने के लिए हम काम कर रहे हैं। मत्स्य पालन के क्षेत्र में हमने अच्छी उपलब्धियां हासिल की है। आज हम नौ लाख टन के करीब उत्पादन कर चुके हैं। 10 साल पहले हम नौवें स्थान पर थे, आज चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं।



### माह के अंत तक पटना समेत कई नगर निगमों में मछली बिक्री केंद्रों की होगी शुरूआत

# आईटीआई की अनुदेशक छह हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**झांसी (एजेंसी)।** देश की सबसे बड़ी तहसील व कोतवाली मऊरानीपुर स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई में सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन और प्रवेश पत्र जारी करने के नाम पर हो रही रिश्वतखोरी का एंटी करप्शन टीम ने भंडाफोड़ किया है। टीम ने कार्रवाई करते हुए अनुदेशक रेनू वर्मा को 6 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रथम वर्ष के छात्रों के सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन को लेकर उनसे 3 हजार से 5 हजार रुपये तक की अवैध वसूली की शिकायतें मिल रही थीं। आरोप था कि बिना रिश्वत दिए छात्रों के दस्तावेजों का सत्यापन और प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जा रहा था। शिकायत के आधार पर एंटी करप्शन टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया। 10 अप्रैल को कार्रवाई करते हुए जैसे ही रेनू वर्मा ने शिकायतकर्ता से 6 हजार रुपये लिए, टीम ने उन्हें मौके पर ही दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपित को मऊरानीपुर कोतवाली ले जाया गया, जहां विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई के बाद आईटीआई परिसर में हड़कंप मच गया और कर्मचारियों में दहशत का माहौल देखने को मिला। एंटी करप्शन टीम का नेतृत्व कर रहे निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और इसमें शामिल अन्य कर्मचारियों व लोगों की भूमिका भी खंगाली जा रही है।

### सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन और प्रवेश पत्र जारी करने के नाम पर हो रही थी रिश्वतखोरी

# हरिवंश नारायण सिंह राज्यसभा के लिए नामित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने हरिवंश नारायण सिंह को राज्यसभा का नामित सदस्य नियुक्त किया है' शुक्रवार को जारी गृह मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार एक सदस्य की सेवानिवृत्ति के बाद खाली हुई सीट पर राष्ट्रपति ने उन्हें मनोनीत किया है। यह रिक्ति भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई की सेवानिवृत्त के बाद हुई थी। उल्लेखनीय है कि हरिवंश जाने-माने पत्रकार रहे हैं। वे लंबे तक हिंदी अखबार प्रभात खबर के प्रधान संपादक रहे और पत्रकारिता में उनकी अलग पहचान रही है। वे जनता दल यूनाइटेड के साथ जुड़े। उन्हें 2014 में बिहार से राज्यसभा सदस्य बनाया गया। हरिवंश नारायण सिंह 9 अगस्त 2018 को राज्यसभा के उपसभापति बनाए गए। इसके बाद फिर 14 सितंबर 2020 को राज्यसभा के उपसभापति निर्वाचित हुए थे। संसद में उनकी भूमिका संतुलित और शांत तरीके से काम करने वाली मानी जाती है।



# बिहार: नालंदा में दुष्कर्म के बाद नाबालिग लड़की ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**पटना (चौथी वाणी)।** बिहार के नालंदा जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना में बंदूक की नोक पर कथित दुष्कर्म के बाद एक नाबालिग लड़की ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कक्षा 12 की छात्रा ने घटना के लगभग बारह घंटे बाद यह कदम उठाया, क्योंकि वह कथित तौर पर दुष्कर्म के सदमे और पीड़ा से उबर नहीं पाई। पीड़िता, पांच बहनों में सबसे छोटी थी, जिसने हाल ही में अपनी इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण की थी, जबकि उसका उत्पीड़क उसी मोहल्ले के एक प्रभावशाली परिवार का व्यक्ति बताया जा रहा है।


## आवश्यकता

चौथी वाणी के लिए मुजफ्फरपुर, अरवल, किशनगंज, गया, खगड़िया, भागलपुर एवं अन्य जिलों में जिला ब्यूरो प्रभारी की आवश्यकता है

इच्छुक पत्रकार Chauthivanii@gmail.com पर अपना पूरा डक्यूमेंट के साथ संपर्क करें।

ज्योति प्रकाश भवन, जकरियापुर एसएफसी कॉलोनी, जीरो माइल गंगा पेट्रोल पंप के नजदीक, पटना

संपर्क : 9835055017/7004145686

## संक्षिप्त खबरें

### बीएमडब्लू ने पहली तिमाही में सबसे अधिक कार बिक्री दर्ज की

**चौथी वाणी/पटना।** बीएमडब्लू ग्रुप इंडिया ने कैलेंडर वर्ष 2026 की पहली तिमाही (क्यू1) में अब तक की सबसे अधिक कार बिक्री दर्ज की है। कंपनी ने कुल 4,567 कारें बेचीं, जो पिछले वर्ष की तुलना में प्लस 17 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दशार्ती है। वर्ष की शुरूआत बेहद सकारात्मक रही, जहां हर महीने अब तक का सर्वश्रेष्ठ बिक्री प्रदर्शन दर्ज किया। हरदीप सिंह बरार, प्रेसिडेंट और सीईओ ने कहा कि कंपनी ने 2026 की शुरूआत बेहद मजबूत स्थिति से की है। हमने क्यू1 में अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की है। 2026 में हमारा सबसे बड़ा प्रोडक्ट ऑफेंसिव होगा, जिसमें 27 नए लांच शामिल हैं।

### बीस्पोक एआई टॉप-माउंट फ्रीजर रेफ्रिजरेटर लाइन-अप का विस्तार

**चौथी वाणी/पटना।** सैमसंग ने अपने बीस्पोक एआई टॉप-माउंट फ्रीजर रेफ्रिजरेटर लाइन-अप के विस्तार की घोषणा की है। यह नई रेंज भारतीय घरों में समझदारी भरी बिजली बचत और आधुनिक लुक लाने के लिए तैयार की गई है। रेफ्रिजरेटर्स की नई रेंज में 256 और 236 लीटर की क्षमता वाले चुनिंदा मॉडल्स वाई-फाई कनेक्टिविटी के साथ आते हैं, ताकि इन्हें स्मार्टथिंग्स ऐप के जरिए स्मार्टफोन से आसानी से कंट्रोल और मॉनिटर किया जा सके। डिजिटल अप्लायंसेज बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट घुफरान आलम ने कहा कि हम भारतीय ग्राहकों के लिए लगातार नए और बेहतर एनर्जी-एफिशिएंट समाधान ला रहे हैं। 300 लीटर से कम क्षमता वाले हमारे नए एआई-इनेबल्ड रेफ्रिजरेटर्स, जिनमें बीस्पोक एआई टॉप माउंट फ्रीजर भी शामिल है।

### सैमसंग ने वन यूआई 8.5 बीटा प्रोग्राम का किया विस्तार

**चौथी वाणी/पटना।** सैमसंग अपने वन यूआई 8.5 बीटा प्रोग्राम का विस्तार और अधिक गैलेक्सी डिवाइसों तक कर रहा है। मार्च में वन यूआई 8.5 बीटा के विस्तार के बाद अब यह प्रोग्राम गैलेक्सी एस 23 सीरीज, जेड फोल्ड5, जेड फ्लिप5, एस23 एफई और पहली बार ए-सीरीज के गैलेक्सी ए36 5जी सहित अन्य डिवाइसेस के लिए जारी किया जा रहा है। यह बीटा प्रोग्राम भारत, कोरिया, यूके और अमेरिका जैसे चुनिंदा बाजारों में चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध होगा। बीटा प्रोग्राम का विस्तार इस महीने के अंत में अन्य गैलेक्सी डिवाइसेस तक भी जारी रहेगा और इच्छुक उपयोगकर्ता सैमसंग मेंबर्स ऐप के माध्यम से इसके लिए पंजीकरण कर सकते हैं।

### एक्सिस एमएफ ने पेश किया निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स फंड

**चौथी वाणी/पटना।** ऐक्सिस म्यूचुअल फंड ने अपना नया निफ्टी इंडिया डिफेंस इंडेक्स फंड लांच किया है। यह एक खुली अवधि का इंडेक्स फंड है, जो निफ्टी इंडिया डिफेंस टीआरआई के घटकों में निवेश करता है। यह एनएफओ सब्सक्रिप्शन के लिए 10 को खुलेगा और 24 अप्रैल को बंद होगा। ऐक्सिस एमएफ का उद्देश्य व्यय से पहले ऐसे रिटर्न देना है, जो ट्रैकिंग एरर के अधीननिफ्टी इंडिया डिफेंस टोटल रिटर्न इंडेक्स (टीआरआई) के प्रदर्शन के बहुत करीब हों। यह फंड निवेशकों के लिए एक सस्ता, आसान और पारदर्शी तरीका है। यह उन लोगों के लिए बेहतरीन मौका है जो इस क्षेत्र में लंबी अवधि के लिए निवेश करना चाहते हैं।

### रिद्धि व तन्मय इंटरनेशनल ओलंपियाड के प्रथम चरण में सफल

**चौथी वाणी/पटना।** एलन करियर इंस्टीट्यूट के छात्रों ने नेशनल एग्जामिनेशन अर्थ साइंस ओलंपियाड (आईएनईईएसओ) 2026 में शानदार सफलता हासिल कर पूरे देश में बिहार का नाम रोशन किया है। एलन बिहार-झारखंड के जोनल हेड डॉ. विपिन योगी ने बताया कि यह आईएनईईएसओ परीक्षा इंटरनेशनल अर्थ साइंस ओलंपियाड (आईएसओ) 2026 का प्रथम चरण है, जो जियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया, बेंगलुरु द्वारा आयोजित की गई। इसमें एलन पटना की कक्षा 10 की रिद्धि रंजन एवं कक्षा 9 के तन्मय सिंह ने नेशनल स्तर पर सफलता प्राप्त की है। दोनों एलन पटना के रेगुलर क्लास रूम स्टूडेंट्स हैं। योगी ने बताया कि दोनों छात्र अपनी मेहनत और लगन से स्टेज-2 एवं नेशनल ट्रेनिंग कैम्प के लिए क्वालीफाई हुए हैं।

### शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित करने को संकल्प सभा 12 को



**चौथी वाणी/पटना।** छत्रपति शिवाजी महाराज की गगनचुंबी स्टैच्यू आफ गवर्नेंस की राजधानी के मेरिन ड्राइव पर स्थापना को लेकर छत्रपति शिवाजी महाराज परिवार की ओर से रविवार को गंगा स्नान संकल्प महासंगम द्वादश ज्योर्तिलिंग महाभिषेक होगा। यह जानकारी संयोजक प्रणव प्रकाश ने दी। भाजपा नेता प्रणव प्रकाश ने कहा कि आधुनिक भारत के निमार्ता शिवाजी महाराज से प्रेरणा लेने रविवार को हजारों लोग उपस्थित रहेंगे। शिवाजी ने गवर्नेंस का नया मॉडल व नीति पेश किया। महात्मा गांधी ने उनके ग्राम स्वराज को अपनाया। सत्ता का विकेन्द्रीकरण शिवाजी की देन है। सत्ता का लाभ वंचितों तक पहुंचे। भाजपा नेता ने कहा कि रविवार को काफी संख्या में शिवाजी के वंशज जुटेंगे। शिवाजी का संदेश राष्ट्र प्रथम, सर्वोपरि देश को अपनाना है।

### गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस पर संगोष्ठी-सह-कार्यशाला

**चौथी वाणी/पटना।** बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज प्रांगण में गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम) पर संगोष्ठी-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें सदस्यों को जेम से आए पदाधिकारियों ने उसकी महत्ता के बारे में विस्तार पूर्वक अवगत कराया। चैम्बर अध्यक्ष पीके अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि जेम भारत सरकार द्वारा अगस्त 2016 में बनाया गया एक ऑनलाइन पोर्टल है, इसका उद्देश्य सरकारी संस्थानों द्वारा वस्तुएं और सेवाएं खरीदने की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और तेज बनाना है। इस पोर्टल के माध्यम से व्यापारी अपने प्रोडक्ट या सेवा बेच सकते हैं, खरीददार जरूरी सामान खरीद सकते हैं और इच्छुक लोग टेंडर या भर्ती से जुड़े अवसर पा सकते हैं। यदि कोई सदस्य सरकार सप्लाई या नौकरी से जुड़ना चाहते हैं, तो जेम पोर्टल आपके लिए बहुत फायदेमंद है। इस अवसर पर चैम्बर के क्रय वरीयता नीति उप समिति के चेयरमैन मुकेश कुमार ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से जेम के विषय में सक्षिप्त परिचय दिया।

### मास्टर शेफ संजीव कपूर ने किया गोपाल कुशवाहा को किया सम्मानित

**चौथी वाणी/पटना।** बिहार के पारंपरिक स्वाद को एक बार फिर राष्ट्रीय मंच पर पहचान मिली है। बैंगलोर में आयोजित अवार्ड समारोह टेस्ट ऑफ इंडिया अवार्ड सीजन 2 में देश के सुप्रसिद्ध मास्टर शेफ संजीव कपूर ने ओल्ड चंपारण मीट हाउस के सीईओ गोपाल कुशवाहा को सम्मानित किया। यह सम्मान बिहार के पारंपरिक व्यंजनों, खासकर चंपारण मीट के अनूठे स्वाद और उसकी बढ़ती लोकप्रियता को ध्यान में रखते हुए दिया गया। ओल्ड चंपारण मीट हाउस ने अपने सिग्नेचर डिश अहुना मटन को विशेष पकाने की शैली और प्रामाणिक स्वाद के कारण देशभर में पहचान बनाई है। इस अवसर पर गोपाल कुशवाहा ने कहा कि यह सम्मान सिर्फ उनका नहीं, बल्कि बिहार की समृद्ध खाद्य परंपरा और उन सभी लोगों का है।

### पटना हाईकोर्ट ने वायु-ध्वनि प्रदूषण पर बीएसपीसीबी और पुलिस को लगाई फटकार

**पटना ।** पटना हाई कोर्ट ने शुक्रवार को शहर में बढ़ते वायु और ध्वनि प्रदूषण के स्तर पर कड़ी नाराजगी जाहिर की, और मौजूदा नियमों को लागू करने में नाकाम रहने के लिए अधिकारियों को फटकार लगाई। सुनवाई के दौरान, जस्टिस राजीव रॉय की अध्यक्षता वाली एकल-न्यायाधीश पीठ ने टिप्पणी की कि बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (बीएसपीसीबी) शहर में प्रदूषण को नियंत्रित करने में पूरी तरह से विफल रहा है।

# सीएम नीतीश ने ली राज्यसभा सदस्य की शपथ, बधाईयों का तांता



**सम्राट चौधरी ने नीतीश कुमार को दी बधाई**

**चौथी वाणी/पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने पर सीएम नीतीश कुमार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार में सुशासन, विकास और सामाजिक न्याय की दिशा में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। बिहार में सुदृढ़ आधारभूत संरचना, बेहतर शिक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था, महिलाओं के सशक्तिकरण की प्रभावी पहल और मजबूत कानून-व्यवस्था ने राज्य को नई पहचान दी है। 2005 से पहले अदालत ने भी जिस बिहार को जंगलराज का उपमा दिया था, वहां नीतीश कुमार जी ने सुशासन स्थापित करने का काम किया। श्री चौधरी ने कहा कि न्याय के साथ विकास के मंत्र के साथ बिहार ने प्रगति और समावेशी विकास का नया अध्याय लिखा है। उन्होंने कहा कि आधी आबादी को सम्मान देने के लिए पंचायत और निकाय चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया, जो पूरे देश के लिए अनुकरणीय उदाहरण बना। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि नीतीश कुमार का करीब चार दशकों का संसदीय अनुभव रहा है। इस दौरान वे लोकसभा और बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों के सदस्य रहे हैं।

**स्वास्थ्य मंत्री ने दी बधाई :** स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री मंगल पांडेय ने मुख्यमंत्री ीतीश कुमार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास में नीतीश कुमार का योगदान अतुलनीय है। जनसेवा के प्रति उनका समर्पण, सुशासन की छवि, कार्यों के प्रति प्रतिबद्धता और बिहार के समग्र विकास के लिए उनका सतत प्रयास हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। उनके नेतृत्व में राज्य ने सतत विकास किया, आधारभूत संरचना और सामाजिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ हासिल की हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार सृजन समेत कई मामले में बिहार आगे बढ़ा। हम सभी की यह आशा है कि उनके अनुभव और दूरदर्शी सोच से देश को और अधिक मजबूती एवं नई दिशा प्राप्त होगी।

**सीएम नीतीश को सभापति ने दी शुभकामनाएं :** बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने बिहार के यशस्वी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश लगभग दो दसकों तक बिहार के मुख्यमंत्री रहे हैं। उनके विकास कार्य, लंबे राजनीतिक अनुभव से संसद की गरिमा और बढ़ेगी। इसी के साथ वे चुनिंदा नेताओं में शामिल हो गए हैं, जो चारो सदन यानी विधान परिषद्, विधान सभा, लोक सभा और राज्य सभा के सदस्य रहे हैं।

**राज्यसभा में नई पारी के लिए नीतीश को शुभकामनाएं :** हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने नीतीश कुमार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. सुमन ने कहा कि नीतीश कुमार का पूरा सार्वजनिक जीवन सेवा, समर्पण और सुशासन की मिसाल रहा है। उनके नेतृत्व में बिहार ने विकास, सामाजिक न्याय, सुशासन के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी ऐतिहासिक कार्य किए हैं। पंचायती राज में महिलाओं को व्यापक भागीदारी, शिक्षा और रोजगार के अवसरों का विस्तार तथा समाज में उनकी भूमिका को सशक्त बनाने की दिशा में उनके प्रयास उल्लेखनीय रहे हैं।

## पटना नगर निगम ने शुरू किया मैनहोल, कैचपिट एवं स्लैब का सर्वे और जीआईएस टैगिंग

**चौथी वाणी/पटना।** पटना नगर निगम द्वारा मैनहोल, कैचपिट एवं स्लैब की जीआईएस टैगिंग करायी जा रही है। इस कार्य के लिए सभी अंचलों में सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी तथा सहायक अभियंताओं की संयुक्त टीम गठित की गई है। सर्वे टीमों को एक सप्ताह के भीतर सर्वे कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही सर्वे के दौरान क्षतिग्रस्त पाए गए मैनहोल, कैचपिट एवं स्लैब की जानकारी संबंधित कार्यपालक अभियंता को उपलब्ध कराते हुए ऑन-स्पॉट मरम्मत सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। जीआईएस टैगिंग के दौरान सर्वे टीम द्वारा प्रत्येक मैनहोल, कैचपिट एवं स्लैब की वस्तुस्थिति, फोटो, वीडियो, गहराई, आकार, ढक्कन की स्थिति, सिल्ट लेवल, रोड से लेवल, मटेरियल तथा अन्य तकनीकी जानकारियां संग्रहित की जा रही हैं। सभी डाटा को मुख्यालय द्वारा विकसित वेब-ऐप के माध्यम से डिजिटली रिकॉर्ड किया जा रहा है। निदेर्शानुसार, सभी क्षतिग्रस्त मैनहोल, कैचपिट, स्लैब एवं ढक्कनों की मरम्मत से पहले और मरम्मत के बाद की फोटो एवं वीडियो भी अनिवार्य रूप से अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यालय द्वारा सर्वे कार्यों की रियल टाइम मॉनिटरिंग की जा रही है। साथ ही प्रतिदिन शाम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नगर आयुक्त द्वारा मानसून की तैयारियों से संबंधित कार्यों, जैसे नाला उड़ाही, नाला-सह-सड़क परियोजना, जलनिकासी व्यवस्था तथा सर्वे कार्यों की समीक्षा की जा रही है। वर्तमान में पटना नगर निगम क्षेत्रांतर्गत 53,606 मैनहोल तथा 41,594 कैचपिट हैं

## लाभ अधिक से अधिक श्रमिकों तक हर हाल में पहुंचाया जाए : मंत्री

**चौथी वाणी/पटना।** श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग के मंत्री संजय सिंह (टाइगर) के द्वारा नियोजन भवन स्थित प्रतिबिंब सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में उन्होंने श्रमिक कल्याण, प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा, समेत अन्य विभागीय योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन की विस्तार से समीक्षा की। उक्त अवसर पर विभाग के विशेष सचिव, उपेन्द्र प्रसाद, श्रमायुक्त बिहार, राजेश भारती, संयुक्त सचिव, राजीव रंजन सिंह, मंत्री के आप्त सचिव विमल कुमार सिंह के साथ विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि विभाग की सभी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक श्रमिकों तक हर हाल में पहुंचाया जाए। बैठक में विशेष रूप से बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया, ताकि दुर्घटना की स्थिति में प्रवासी श्रमिकों को समय पर आर्थिक सहायता मिल सके। मंत्री ने बिहार भवन सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के तहत निर्धारित सेस की वसूली को लेकर भी सख्त रुख अपनाया। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन नियोजकों द्वारा समय पर सेस का भुगतान नहीं किया गया है, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, यह भी कहा गया कि सेस की नियमित वसूली से ही श्रमिक कल्याण योजनाओं का दायरा मजबूत होगा। बैठक में श्रमिकों के पंजीयन (निबंधन) पर विशेष बल दिया गया। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि समय-समय पर विभिन्न क्षेत्रों में विशेष कैंप लगाकर श्रमिकों का पंजीकरण कराया जाए, ताकि अधिक से अधिक मजदूर बोर्ड से जुड़ सकें और उन्हें योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके।

## बापू टावर और बुद्ध स्मृति स्तूप को मिला प्रतिष्ठित 17वां सीआईडीसी विश्वकर्मा अवॉर्ड



**चौथी वाणी/पटना।** बिहार के बुनियादी ढांचा विकास और विरासत संरक्षण के प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ी पहचान मिली है। भवन निर्माण विभाग द्वारा निर्मित दो महत्वाकांक्षी परियोजनाओं बापू टावर, पटना और बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय एवं स्मृति स्तूप (वैशाली) को प्रतिष्ठित 17वें सीआईडीसी विश्वकर्मा अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के हाथों भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने यह सम्मान प्राप्त किया। दोनों परियोजनाओं को बेस्ट कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट श्रेणी में विश्वकर्मा अवॉर्ड मिला है।

इस अवसर पर भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने कहा कि यह सम्मान बिहार के लिए गर्व का विषय है। यह उपलब्धि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व और विभाग की पूरी टीम की अटूट प्रतिबद्धता का परिणाम है। दोनों प्रोजेक्ट मुख्यमंत्री की परिकल्पना के अनुसार उनके सतत मार्गदर्शन में भवन निर्माण विभाग द्वारा क्रियान्वित किया गया है। दोनों प्रोजेक्ट से जुड़े सभी अभियंताओं, वास्तुविद और एजेंसी को बधाई देता हूं। भवन निर्माण विभाग वास्तुकला व भवन निर्माण शैली में नित नए कीर्तिमान गढ़ देश-दुनिया के समक्ष बिहार की नई पहचान बना रहा है।

## प्रोफेशनल स्किल डेवलपमेंट सेमिनार एवं कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन



**चौथी वाणी/पटना।** गंगा देवी महिला महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल द्वारा फ्लाइविड एविएशन इंस्टीट्यूट के सहयोग से प्रोफेशनल स्किल डेवलपमेंट सेमिनार एवं कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्या प्रो. विजय लक्ष्मी के मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट सेल की समन्वयक डॉ. रोजी कुमारी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। सेमिनार में छात्राओं को करियर मार्गदर्शन, रिज्यूमे निर्माण, ग्रूमिंग तथा प्रभावी संप्रेषण कौशल की जानकारी प्रदान की गई। काउंसलिंग के उपरांत 3 छात्राओं का सफल चयन किया गया। गृह विज्ञान की पीजी शोधार्थी नेहा खातून, गृह विज्ञान (यूजी सेमेस्टर 6) की नंदिनी कुमारी तथा अंग्रेजी (यूजी सेमेस्टर 4) की अन्नू प्रिया का चयन विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत इन्हें ग्राउंड हैंडलिंग के पद पर नियुक्त किया जाएगा। इस उपलब्धि पर प्राचार्या एवं छात्राओं ने प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. सजला शिपी तथा भौतिकी विभाग की सहायक प्राध्यापिका एवं प्लेसमेंट सेल की सदस्य डॉ. पौलमी घोष भी उपस्थित रहीं और छात्राओं की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया।

## जल संसाधन के पदाधिकारियों के लिए स्ट्रेस मैनेजमेंट कार्यशाला



**चौथी वाणी/पटना।** जल संसाधन विभाग द्वारा अधिवेशन भवन में विभागीय पदाधिकारियों के लिए स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर मुख्य शिक्षक के रूप में आर्ट

अपने संबोधन एवं प्रशिक्षण सत्र में रिपु सदन ने आर्ट ऑफ लिविंग के माध्यम से जीवन जीने की कला पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वर्तमान व्यस्त जीवनशैली में तनाव से दूर रहकर मन को शांत एवं संतुलित रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विभिन्न योग एवं ध्यान प्रक्रियाओं का अभ्यास कराया तथा तनाव प्रबंधन से संबंधित वीडियो के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रेरित किया। उन्होंने यह भी बताया कि सकारात्मक सोच एवं नियमित अभ्यास के माध्यम से व्यक्ति सरल, स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन व्यतीत कर सकता है। कार्यशाला के समापन अवसर पर प्रधान सचिवसंतोष कुमार मल्ल ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को अपने दैनिक जीवन में आत्मसात करते हुए सभी पदाधिकारी अपने कार्यों को अधिक प्रभावी एवं तनावमुक्त ढंग से संपादित कर सकते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से आह्वान किया कि वे कार्यशाला में बताई गई बातों का पालन करने हेतु संकल्पित हों।

## आईआईपी के स्थापना दिवस पर जुटेंगे महागठबंधन के दिग्गज



**चौथी वाणी/पटना।** इंडियन इंक्लूसिव पार्टी (आईआईपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहरसा विधायक ई. आईपी गुप्ता ने न्यू विधायक क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर महागठबंधन के नेता बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। अभी तक कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव व दीपांकर भट्टाचार्य ने सहमति जतायी है। पार्टी स्थापना दिवस को पान सम्मान दिवस के रुप में मनायेगी। तांती-ततवा समाज अपने आरक्षण की मांग को लेकर 12 अप्रैल को ई. गुप्ता के नेतृत्व में बापू सभागार में एक बार फिर हुंकार भरेंगे, साथ ही इस समाज के बच्चे को आईएएस, आईपीएस बनाने के लिए का लेकर आईएएस और रहमानी एक्सीलेंस के साथ गठबंधन किया है। स्थापना दिवस के मौके पर बिहार के अलावे देश के विभिन्न राज्यों से बच्चों को अभिभावक के साथ बुलाया गया है। इस मौके पर रामसकल दास, राजेश प्रसाद, प्रो. के. राज, मनीष कुमार सिंह, महाराष्ट्र से मनीष गायकवाड़ उपस्थित थे।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाती है प्रदर्शनी



**चौथी वाणी/पटना।** बिहार विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल की सचेतक रीना यादव ने कहा कि महिला अगर आत्मनिर्भर और स्वाबलंबी होगी तो परिवार ठीक ढंग से चलता है। महिलाओं को बेहतर स्वाबलंबी बनाने में लाइफस्टाइल व प्रदर्शनी का अहम योगदान होता है। उक्त बातें मौर्या होटल में आयोजजित बाबरी फिरकी लाइफस्टाईल एक्जीविशन का उद्घाटन के मौके पर कही। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से जहां पटना की महिलाओं को बेहतर डिजाईन का कपड़ा व ज्वेलरी मिलेगा, वहीं इससे महिला रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। आयोजन में शामिल महिला स्वाति बाजोरिया, सरिता सुरेका, बाबरी बाजोरिया, पललवी टेकरीवाल ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से बिहार की महिलाओं के बीच वस्त्र व आभूषण का बेहतर डिजायन पहुंचाना है। उनके इस प्रदर्शनी की शुरूआत कोलकाता से हुई थी, जहां दस डिजायर शामिल हुए थे।

## संक्षिप्त खबरें

### भीषण अगलगी से कई एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख

**लालगंज (चौथी वाणी)।** लालगंज थाना क्षेत्र के बसंता जहानाबाद घाट स्थित खेतों में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अचानक गेहूं की फसल में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के खेतों को अपनी चपेट में लेने लगी।आग लगने की सूचना मिलते ही स्थानीय किसानों में हड़कंप मच गया। अग्निशमन की टीम के सूचना दिया गया अग्निशमन टीम को पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। आग पर काबू पाने के लिए किसानों ने ट्रैक्टर से खेतों के चारों तरफ जुताई कर फायर ब्रेक बनाया, जिससे आग पर काबू पाने में मदद मिली।इस भीषण आगजनी में कमलेश्वर राय एवं दिनेश राय,विनय सिंह, रामाशिष पासवान समेत कई किसान गेंहू ,भूसा जलकर नष्ट हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची अग्निशमन की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता, तो आसपास के बड़े क्षेत्र की फसल भी जलकर राख हो सकती थी।घटना के बाद प्रभावित किसानों ने सरकार से उचित मुआवजा देने की मांग की है, ताकि उन्हें हुए नुकसान की भरपाई हो सके।

### राघोपुर में आग लगने से खलिहान में रखी फसल सहित एक घर जलकर राख

**राघोपुर / वैशाली ( चौथी वाणी)** राघोपुर प्रखंड क्षेत्र के रुस्तमपुर थाना अंतर्गत रुस्तमपुर पंचायत के वार्ड संख्या 6 में आज शुक्रवार को आग लगने से खलिहान में रखी गेहूं की फसल सहित एक घर जलकर राख हो गया । रुस्तमपुर पंचायत के वार्ड संख्या छह निवासी राजू ठाकुर पिता झालर ठाकुर के घर के बगल में बने खलिहान में अचानक आग लग गई । आग की भयावहता एवं तेज पछुआ हवा इतनी तेज थी कि देखते ही देखते आग ने राजू ठाकुर के घर को भीअपने आगोश में ले लिया । आग की लपेटे देख कर ग्रामीणों ने घटनास्थल पर पहुंच चापाकल एवं मोटर पंप की सहायता से आग पर काबू पा लिया ।

### राघोपुर अंचल कार्यालय में लगा जनता दरबार, अंचल अधिकारी ने सुनी जनसमस्या

**राघोपुर / वैशाली ( चौथी वाणी)** राघोपुर अंचल कार्यालय में शुक्रवार को जमीन से जुड़े मामलों को लेकर जनता दरबार का आयोजन किया गया।इस दौरान अंचल अधिकारी राजीव रंजन चौधरी ने स्वयं उपस्थित होकर फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं।जनता दरबार में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे।शेष मामलों के निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। अंचलाधिकारी राजीव रंजन चौधरी ने स्पष्ट कहा कि आम जनता को न्याय दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता है। कार्यक्रम के दौरान अंचल अधिकारी पूरे समय सक्रिय और सजग नजर आए। उन्होंने उन्होंने प्रत्येक आवेदन पर गंभीरता दिखाते हुए निष्पक्ष निर्णय लेने की बात कही।

### कटरमाला में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी जोरों पर

**गोरौल(चौथी वाणी)।** गोरौल प्रखंड के कटरमाला पंचायत अंतर्गत बेलवर गांव में भगवान हनुमान की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। इसके साथ ही अष्टयाम यज्ञ का भी आयोजन किया जाएगा। पंचायत की मुखिया जानकी देवी एवं सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी रामनाथ प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि यहां एक भव्य मंदिर का निर्माण कराया गया है, जिसमें काशी से भगवान हनुमान की मूर्ति मंगाई गई है।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 20 अप्रैल को कलश यात्रा निकाली जाएगी, जबकि 23 अप्रैल को मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के साथ अष्टयाम यज्ञ का शुभारंभ होगा। यज्ञशाला का निर्माण कार्य भी अंतिम चरण में है। आयोजन के दौरान मेला भी लगेगा तथा खेल-तमाशे के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस धार्मिक आयोजन को लेकर गांव और आसपास के लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

### एन पी एस रशूलपुर कोरिगाव में स्वास्थ्य विभाग ने बच्चों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**गोरौल(चौथी वाणी)** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोरौल की स्वास्थ्य टीम द्वारा नवसृजित प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर कोरीगांव में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी बच्चों की वजन, ऊंचाई, आंख, दांत, कान, नाखून एवं स्वच्छता से संबंधित विस्तृत जांच डॉक्टर मनीष रंजन और डॉक्टर सोनाली प्रिया ने की।मौके पर मौजूद एएनएम अंजू कुमारी और कुमारी नूतन ने बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए नियमित स्नान करने, बालों में शैंपू करने, साफ-सुथरे कपड़े पहनने, गर्मी के मौसम में अधिक पानी पीने, तेज धूप से बचने तथा हमेशा चप्पल या जूता पहनने की सलाह दी।जांच के दौरान दो बच्चों को बेहतर उपचार के लिए पीएचसी गोरौल जाने की सलाह दी गई। विद्यालय के कुल 25 नामांकित एवं उपस्थित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर प्रधान शिक्षक धर्मेंद्र कुमार, शिक्षक जितेंद्र कुमार एवं शिक्षिका विभा कुमारी भी उपस्थित थे।

### प्रेम यूथ फाउंडेशन के इंटर्न ने सेनेटरी पैड वितरित किया

**पटना ( चौथी वाणी) पटना** खुसरूपुर- प्रेम यूथ फाउंडेशन के इंटर्न श्रेया वर्मा ने गोविंदपुर गाँव के दलित टोला में माहवारी स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान चलाया तथा महिलाओं के बीच सेनेटरी पैड, सेनेटाइजर, आयरन के टैबलेट का वितरण किया । श्रेया वर्मा ने बताया कि फाउंडेशन में इंटर्नशिप कर संवाद कौशल, नेतृत्व , के साथ बहुत कुछ सीखने का मौका मिला । उन्होंने बताया कि माहवारी के समय गंदा कपड़ा का इस्तेमाल करने से सर्वाइकल कैंसर की



समस्या काफी बढ़ रहा है । उन्होंने स्वच्छता पर विस्तार से प्रकाश डाला । वही फाउंडेशन के महिला प्रभाग के निदेशक राखी कुमारी ने बताया कि नई शिक्षा नीति में इंटर्नशिप को अनिवार्य कर बहुत ही उत्कृष्ट कार्य किया गया है । यूजी में फोर्थ सेमेस्टर में 30 घँटा एवं फाइव सेमेस्टर में 60 से 120 घँटा का इंटर्नशिप सभी छात्र छात्राओं के लिए अति महत्वपूर्ण है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह निर्णय छात्र छात्राओं के वौद्धिक क्षमता के विकाश के साथ साथ समुदाय को समझने का और समाज से जुड़ने का अवसर प्राप्त होता । फाउंडेशन निःशुल्क आपदा प्रवंधन, एनजीओ मैनेजमेंट, युवा नेतृत्व एवं व्यक्तित्व विकाश, जलवायु परिवर्तन, साइवर सुरक्षा के विषय पर इंटर्नशिप करा रहा है साथ ही इंटर्न को देश विदेश का एक्सपोजर विजिट का भी मौका दिया जा रहा है । मौके पर फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर सुजीत कुमार , धीरज वर्मा, सूफी खातून, प्रियंका कुमारी, रागनी जयसवाल मौजूद रहे ।

### जेएनवी के विद्यार्थियों ने जिला का नाम किया रोशन

**हाजीपुर (चौथी वाणी)।** वैशाली के वफापुर शर्मा स्थित पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय के बच्चों ने राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिला का नाम रोशन किया। बिहार बास्केटबॉल संघ के तत्वावधान में आयोजित तीन गुने तीन बास्केटबॉलप्रतियोगिता वीर कुंवर सिंह आजादी पार्क पटना में किया गया, जिसमें बिहार के विभिन्न जिलों से बालिका अंडर सोलह संवर्ग में कुल अठारह टीमों ने भाग लिया, जिसमें पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय की कमल राज, अंकिता कुमारी, दिव्या कुमारी, एवं रितिका कुमारी की टीम विजेता रही। कोमल राज को टूनामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया। विजेता टीम को मेडल के साथ- साथ दस हजार धन राशि से पुरस्कृत किया। बच्चों की सफलता के पीछे विद्यालय के प्राचार्य जितेन्द्र कुमार का कुशल मार्गदर्शन, शारीरिक शिक्षक शरद कुमार का प्रशिक्षण एवं सुश्री नेहा का विशेष सहयोग रहा। बिहार में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय परिवार के साथ-साथ जिलावासियों में हर्ष व्याप्त है।

# जनसमस्याओं के समाधान को ले जिला प्रशासन सजग

**हाजीपुर (चौथी वाणी)।** जनसमस्याओं के समाधान के प्रति जिला प्रशासन की संवेदनशीलता एक बार फिर जनता दरबार के माध्यम से देखने को मिली। जिलाधिकारी वर्षा सिंह ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में कुल 84 परिवादों का अवलोकन करते हुए उनके निस्तारण की दिशा में आवश्यक निर्देश दिए।इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं सीधे जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। समीक्षा के दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी प्राप्त परिवादों पर सात दिनों के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित कर उसकी रिपोर्ट जन



शिकायत कोषांग को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निष्पादन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जनता दरबार में राजस्व एवं भूमि सुधार, शिक्षा, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, अवर निबंधक, आवास, विद्युत, डीएसओ, आईसीडीएस, आर्म्स, सीएस, जीविका, आपदा प्रबंधन, निर्वाचन एवं सामाजिक सुरक्षा सहित विभिन्न विभागों से जुड़े मामले सामने आए। जिलाधिकारी ने सभी मामलों की प्राथमिकता के आधार पर जांच कर त्वरित और पारदर्शी निस्तारण करने का निर्देश दिया।गौरतलब है कि ह्लसात निश्चयझ्र3ः सबका सम्मानझ्रजीवन आसानह्व कार्यक्रम के तहत जिला, अनुमंडल, प्रखंड, थाना और पंचायत स्तर पर भी नियमित रूप से जनता दरबार आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज विभिन्न स्तरों पर कुल 478 आवेदनों का अवलोकन एवं निस्तारण किया गया।जिलाधिकारी ने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और समयबद्ध समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने जनता दरबार को एक प्रभावी मंच बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से लोग सीधे अपनी समस्याएं प्रशासन तक पहुंचा सकते हैं, जिससे उनके समाधान की प्रक्रिया तेज होती है। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी परिवादों के निष्पादन में संवेदनशीलता और गंभीरता बरतते हुए तय समयसीमा का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें, ताकि आम लोगों को अनावश्यक रूप से दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें।दूसरी ओर वैशाली एस पी विक्रम सिहाग ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाकर 70 फरियादी की जनसमस्याओं को सुना।जनसमस्याओं का निष्पादन किया।

## ग्रामीणों की सतर्कता से राष्ट्रीय पक्षी मोर का सुरक्षित रेस्क्यू



**लालगंज(चौथी वाणी)।** लालगंज थाना क्षेत्र के शाहदुल्लापुर वार्ड संख्या 01 में उस समय अफरातफरी मच गई जब अचानक एक खेत में मोर दिख गया। खेत में अकेला मोर को पाकर कुत्ते भौंकने लगे। तभी आसपास के लोग दौर पड़े। कुत्ते को भगाया और मोर को पकड़ कर सुरक्षित स्थान पर रख कर टोकरी से ढंक दिया। इसके बाद वन विभाग की टीम को सूचना दी गई। स्थानीय युवक सन्नी कुमार ने बताया कि जब कुत्ते मोर को देखकर भौंक रहे थे तो लोग दौड़ पड़े। काफी कड़ी मशक्कत के बाद मोर को पकड़ा गया है। सूचना पर पहुंचे वन विभाग के सिपाही सोनू कुमार सिंह, सहायक वन रक्षी रामचंद्र राय, सुबोध कुमार,मोर को कब्जे में लेकर विभाग के कार्यालय आ गए। बताया गया कि पशु चिकित्सक को सूचना दी गई है। प्राथमिक स्वास्थ्य जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।मोर राष्ट्रीय पक्षी है। जिसका संरक्षण अति आवश्यक है इस ख्याल से ग्रामीण और वन विभाग दोनों सजग दिखे। मगर सबसे बड़ा सवाल ये है कि वैशाली जिले और इसके आसपास मोर की संख्या नगण्य है। बावजूद मोर का आना थोड़ा लोगों में कौतूहल पैदा करता है। जानकारों की माने तो बिहार से सटे उत्तर प्रदेश की सीमा में उस क्षेत्र में मोर अधिक पाए जाते हैं। गर्मी का समय है संभव है मोर दाना पानी की तलाश में भटककर लालगंज आ पहुंचा है। जिसे ग्रामीणों की सजगता से सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया। बताया जा रहा है कि इस मोर का वजन तकरीबन दस किलोग्राम होगा।

## गर्मी बढ़ते ही स्वास्थ्य विभाग सतर्क, चमकी बुखार से बचाव को लेकर व्यापक तैयारी



**लालगंज (चौथी वाणी)।** गर्मी के मौसम के आगमन के साथ ही स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह एक्टिव मोड में नजर आ रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को रेफरल अस्पताल में चमकी बुखार की रोकथाम एवं बचाव को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें अधिकारियों ने जमीनी स्तर पर तैयारियों को तेज करने पर जोर दिया।बैठक में रेफरल अस्पताल चिकित्सा पदाधिकारी नवीन कुमार ने बताया कि विशेष रूप से बच्चों के अभिभावकों को जरूरी सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बच्चों को रात में सोने से पहले भरपेट भोजन अवश्य कराएं तथा संभव हो तो कुछ मीठा भी खिलाएं, ताकि शरीर में ग्लूकोज की कमी न हो और बीमारी का खतरा कम किया जा सके।उन्होंने ने यह भी सलाह दी कि रात के दौरान और सुबह उठते ही बच्चों पर विशेष नजर रखें। यदि बच्चा बेहोश दिखे या उसमें चमकी, दौरा या झटके जैसे लक्षण नजर आएं, तो बिना देरी किए आशा कार्यकर्ता को सूचित करें और तुरंत निःशुल्क 102 एम्बुलेंस या अन्य उपलब्ध वाहन से नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाएं। निजी वाहन से लाने वाले मरीज को सरकार द्वारा 400 रुपया वाहन किराया दिया जाएगा।बैठक में यह निर्णय लिया गया कि हर टोला-मोहल्ला में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, ताकि लोगों को समय रहते लक्षण और बचाव के उपायों की जानकारी मिल सके। साथ ही हर पंचायत में संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर विशेष निगरानी रखी जाएगी। खासकर जहां सूअर पालन होता है या गंदगी अधिक रहती है, ऐसे क्षेत्रों में विशेष साफ-सफाई और जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमारी किरण,डॉ. मुकेश पंकज, हेल्थ मैनेजर राजीव रंजन, बीसीएम कनक श्वेता, मुखिया संघ अध्यक्ष गणेश राय, अलका देवी, सुधांशु कुमार, बिनय कुमार,रामबाबू पासवान ह्यरेम्बोह्व, पर्यवेक्षिका सुजाता कुमारी, ऋतु कुमारी, सुमित्रा कुमारी, सुषमा कुमारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मौर्य वंश के संस्थापक चंद्रगुप्त मौर्य की जयंती समारोह पर कार्यक्रम का आयोजन




**हाजीपुर ( चौथी वाणी)।** मौर्य वंश के संस्थापक चंद्रगुप्त मौर्य की जयंती सम्राट अशोक सेना वैशाली के तत्वाधान में प्रधान कार्यालय शिरोमणि मार्केट, दीग्घी पश्चिमी हाजीपुर में मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सम्राट अशोक सेना के अध्यक्ष कमल प्रसाद सिंह ने कहा-जो कौम अपने पूर्वजों को याद नहीं रखता वह मुर्दा हो जाता है। चंद्रगुप्त मौर्य एक साधारण परिवार से आते हुए उन्होंने असाधारण एवं अद्वितीय कार्य किया जिन्होंने चाणक्य के साथ मिलकर थनानंद जैसी अत्याचारी राजा का अंत कर एक नई शासन व्यवस्था की नींव डाली जो शासन व्यवस्था अपने युग के सबसे उत्तम व्यवस्था मानी गई। हम सभी मौर्यवंशी अपने पूर्वज की जयंती प्रतिवर्ष धूमधाम से मनाएंगे।संयोजक पंकज कुशवाहा ने कहा-तथाकथित इतिहासकारों ने भले ही चंद्रगुप्त मौर्य की गाथा को कम करने का प्रयास किया लेकिन हम सभी मौर्यवंशी उनकी गौरव गाथा को जन-जन तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा-चंद्रगुप्त मौर्य के शासन व्यवस्था की नींव कहे जाने वाले चाणक्य की नीतियां आज भी पूरे विश्व में प्रासंगिक एवं पूजनीय है। कार्यक्रम के अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कमल प्रसाद सिंह एवं संचालन संयोजक पंकज कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष राजकिशोर सिंह, जिला सचिव शिवकुमार हरि, मीडिया प्रभारी सुनील कुशवाहा,प्रखंड अध्यक्ष विशाल चंद्र कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष मुरलीधर सिंह, राजकुमार सिंह, इंजीनियर देवाशीष रंजन, प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष नीतीश कुमार ,राघवेंद्र कुशवाहा के अलावा कई लोग शामिल हुए ।

## हाजीपुर के सुभई चौक के नजदीक ट्रक के चपेट में आने से एक महिला की मौत

**हाजीपुर (चौथी वाणी)।** हाजीपुर- महुआ मुख्य मार्ग सुभाई चौक के नजदीक ट्रक के चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई।दरअसल, घटना शुक्रवार के दोपहर लगभग 3:00 की बताई गई है। जानकारी के अनुसार बताते चले कि मृतका हाजीपुर सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत दौलतपुर देवरिया निवासी सुरेंद्र दास की पत्नी सावित्री देवी बताई गई है। महिला सड़क पार कर रही थी तभी एक तेज रफ्तार ट्रक के चपेट में आने से घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों में अफरा तफरी माहौल बन गया। देखते ही देखते आसपास के लोग सड़क पर इकट्ठा हो गया और सड़क को जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाने की पुलिस पहुंचकर काफी मशक्कत करने के बाद लोगों को समझाया और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया है। सदर थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया मृतका के परिवार वाले का मांग है। घटना से संबंधित जांच उपरांत उचित कार्रवाई हो। आवेदन प्राप्त होने पर अग्रतर कार्रवाई की जाएगी।

## जिवन के कुछ नियम जिसका पालन हम सबो को करना चाहिए : आचार्य सुजीत शास्त्री

**वैशाली (चौथी वाणी)** रुसुलपर कोरीगांव में चल रहे रुद्र महायज्ञ में सातवें दिन यज्ञाचार्य सुजीत शास्त्री( मिट्ठू बाबा )ने संबोधित करते हुए कहा कि

याद रहे धर्म से कर्म इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि धर्म करके भगवान से मांगना पडता है,जबकि कर्म करने से भगवान को खुद ही देना पडता है। और सबसे अधिक ज्ञानी वही है जो अपनी कमियों को समझकर उनका सुधार कर सकता हो।आचार्य मिट्ठू बाबा ने कहा एक बात और...." चरण उनके ही पूजे जाते हैं, जिनके आचरण पूजने योग्य होते हैं।" क्योंकि "ईश्वर चित्र में नहीं चरित्र में बसता है",इसलिए अपनी आत्मा और आचरण को पवित्र बनाओ। मनुष्य के दुख का, संताप का, परेशानियों एवं दुर्गति का कारण कामना, इच्छा और वासना है। जब इच्छा पूरी होती है तो सुख होता है, और इच्छा की अपूर्ति में दुख होता है। इच्छा में बाधा लगने से ही क्रोध की उत्पत्ति होती है। अगर कोई क्रोधी है, तो इसका कारण है उसके भीतर इच्छाएं दबी पड़ी हैं। सत्संग से, सेवा से परोपकार से इच्छाओं का संबंध होता है। कर्मयोगी पुरूष दूसरों



की इच्छाएं पूरी करके, सेवा करके, सुख पहुंचा के अपनी इच्छाओं से रहित हो जाता है। पंडित सूरज शास्त्री ने कहा जो दूसरों की शास्त्रोंचित इच्छाएं पूरी करता है। उसे अपनी इच्छाओं से दुखी नहीं होना पड़ता। इच्छा उत्पन्न होने के दो कारण हैं- एक तो पूर्व जन्म के संस्कार जो अन्र्तमन में पड़े रहते हैं। समय-समय पर वो प्रकट होते रहते हैं और उनमें इच्छाएं, वासनाएं उत्पन्न होती रहती हैं। और दूसरा कारण है- वर्तमान में किसी वस्तु व्यक्ति को हम देखकर बहुत महत्व देते हैं तो उसकी इच्छा पैदा हो जाती है। इसका मूल कारण है देहाभिमान। इच्छा किसी कारण से उत्पन्न हुई हो व्यक्ति को विवेकपूर्वक उसका परिणाम देखना चाहिए।यज्ञ में उपाचार्य विपुल भारद्वाज, पंडित सुदीप शास्त्री, पंडित बलराम पांडेय, पंडित निशांत रंजन, पंडित सुशांत तिवारी, पंडित उज्वल आनंद पांडेय, पंडित गोलु तिवारी, पंडित राहुल तिवारी,पंडित भोला तिवारी के सामुहिक मंत्रोच्चार से पुरा क्षेत्र मंत्रमुग्ध हो गया। महायज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ के मुख्य यजमान संजीव सिंह, हरिशंकर सिंह, मणिकांत प्रसाद सिंह, मनोज कुमार, मिंटु सिंह, पूर्व मुखिया कौशल किशोर सिंह, मुखिया केसरी देवी सहित समस्त ग्रामवासी तत्पर हैं।

## वैशाली जिला परिसद अध्यक्ष के अविश्वास को ले जिले जे एक पार्षद के घर पर हमला

**हाजीपुर (चौथी वाणी)।** वैशाली जिले में इन दिनों जिला परिषद अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। इसी बीच 41 सदस्यीय जिला परिषद के गोरौल क्षेत्र संख्या-7 की पार्षद रूबी देवी के आवास पर असामाजिक तत्वों द्वारा कथित हमले की चर्चा पूरे जिले में जोरों पर है।बताया जा रहा है कि पार्षद रूबी देवी इस समय प्रवास पर हैं। इधर, जिले में यह भी चर्चा है कि वर्तमान जिला परिषद अध्यक्ष के विरोधी खेमे में नेतृत्व की भूमिका रूबी देवी निभा रही हैं। सोशल मीडिया पर भी उनके कुछ फोटो और वीडियो वायरल हो रहे हैं।

रूबी देवी के सोंधो स्थित आवास पर हुए हमले को लेकर गोरौल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, जिसमें चुनावी रंजिश और जमीन विवाद को कारण बताया गया है। प्राथमिकी के अनुसार, असामाजिक तत्वों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ की और कई सामान लूटकर ले गए।

घटना के समय रूबी देवी और उनके पति संजीत कुमार ओडिशा के जगन्नाथ पुरी तीर्थ यात्रा पर गए हुए थे। घर पर उनके वृद्ध ससुर सत्य नारायण साह और सास मौजूद थे। इसी का फायदा उठाकर कुछ लोग घर में घुस आए और हमला कर दिया।रूबी देवी के ससुर ने थाने में दिए आवेदन में बताया कि शुक्रवार को गांव के कुछ लोग लाठी-डंडा, लोहे की रॉड और धारदार हथियार लेकर उनके घर पहुंचे और तोड़फोड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई और घर में रखे सामान को लूट लिया गया। इस घटना में करीब पांच लाख रुपये की क्षति बताई जा रही है।

मामले में नंदकिशोर राय, दिनेश कुमार, दिलीप कुमार, दीपक कुमार, उमेश राय, तारकेश कुमार, प्रभात कुमार और राजीव कुमार राय सहित कुल आठ लोगों को नामजद किया गया है, जबकि 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई है।स्थानीय लोगों ने घटना को लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं, क्योंकि रूबी देवी के घर के पास ही एक ग्रामीण पुलिसकर्मी का आवास भी है। बावजूद इसके इतनी बड़ी घटना हो गई।

थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि मामले को गंभीरता से लिया गया है और प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि घटना में शामिल एक रेलकर्मी की भी पहचान हुई है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### श्रीपुर में शराब के नशे में हंगामा कर रहे छह पियक्कड़ गिरफ्तार

**फुलवरिया /गोपालगंज (चौथी वाणी)** । श्रीपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने शराब के नशे में हंगामा कर रहे छह लोगों को गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई की है । प्राप्त जानकारी के अनुसार, बुधवार की देर रात पुलिस ने क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों पर विशेष अभियान चलाया। इस दौरान नशे में उत्पात मचा रहे छह पियक्कड़ों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार सभी आरोपियों को पुलिस द्वारा स्वास्थ्य जांच के लिए फुलवरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच में सभी के शराब सेवन की पुष्टि की। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिला अंतर्गत चौराहा थाना क्षेत्र के बनकटा बाजार निवासी विश्वजीत मद्धेशिया, शिवरही थाना क्षेत्र के धुरियाकोट निवासी अजय कुमार, भोरे थाना क्षेत्र के शुकुल डूमर गांव निवासी मोहम्मद शहाबुद्दीन अंसारी, तथा श्रीपुर थाना क्षेत्र के गिदहां गांव निवासी धरेन्द्र महतो, राहुल राम एवं राहुल कुमार शामिल हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद गुरुवार को सभी आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। वहीं आम लोगों ने इसे सराहनीय कदम बताया है।

### गाँव के समिप सूखी सोना नदी में लगी आग,

**गांव तक पहुंचने से पहले फायर ब्रिगेड ने पाया काबू**

**फुलवरिया /गोपालगंज (चौथी वाणी)** । श्रीपुर थाना स्थित बंशी बत्तरहां गांव से होकर गुजरने वाली सोना नदी में शुक्रवार की दोपहर अचानक आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई` बता दे कि इन दिनों नदी पूरी तरह सूखी हुई है और उसमें जगह-जगह घना डंठल व सूखी झाड़ियां तथ बगल में गेहूँ की फसल फैली हुई है` इसी बीच अज्ञात कारणों से डंठलों में आग लग गई` जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया` तेज हवा के कारण आग की लपटें तेजी से फैलने लगीं और धीरे-धीरे गांव की ओर बढ़ने लगीं`आग की भयावह स्थिति को देखकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया. कई ग्रामीण बाल्टी, पानी और मिट्टी के सहारे आग बुझाने की कोशिश में जुट गए, लेकिन तेज लपटों और हवा के कारण स्थिति नियंत्रण से बाहर होती जा रही थी` घटना की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दी गई` सूचना मिलते ही श्रीपुर पुलिस सक्रिय हुई और फायर ब्रिगेड टीम को अलर्ट किया गया` कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की टीम के कर्मी विकास कुमार गुप्ता के नेतृत्व में मौके पर पहुंची और आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया` करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया` आग बुझने के बाद ग्रामीणों ने सहजता महसूस की`

### गाय ने दिया दो बछियों को जन्म

बैकुण्ठपुर/गोपालगंज(चौथी वाणी)। स्थानीय प्रखंड के गोरौली गांव में एक किसान मैनेजर साह के गाय ने जुड़वा बछियो का जन्म दिया है। उक्त गाय जो स्थानीय लोगो के लिए आकर्षण केंद्र बनी है। सैकड़ो की संख्या में लोग उसे देखने पहुंच रहे है। गाय के साथ दोनो बछिया स्वस्थ्य है।

### गांधी स्मारक उच्च विद्यालय सह इंटर कालेज में शुरू होगी कॉमर्स की पढ़ाई

**भोरे/गोपालगंज(चौथी वाणी)** । भोरे प्रखंड मुख्यालय स्थित पीएम श्री गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सत्र 2026-27 से कॉमर्स (वाणिज्य) संकाय की पढ़ाई शुरू होने जा रही है। इस निर्णय से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। अब तक भोरे एवं आसपास के छात्रों को कॉमर्स विषय की पढ़ाई के लिए अन्य शहरों का रुख करना पड़ता था, जिससे उन्हें आर्थिक और समय संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब स्थानीय स्तर पर ही कॉमर्स की पढ़ाई उपलब्ध होने से छात्रों और अभिभावकों को बड़ी राहत मिलेगी। विद्यालय में कॉमर्स शुरू होने से छात्रों को अकाउंटेंसी, बिजनेस स्टडीज और अर्थशास्त्र जैसे महत्वपूर्ण विषयों की पढ़ाई करने का अवसर मिलेगा। इससे क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को बैंकिंग, चार्टर्ड अकाउंटेंसी, मैनेजमेंट सहित विभिन्न व्यवसायिक क्षेत्रों में करियर बनाने का रास्ता खुलेगा। स्थानीय लोगों, अभिभावकों और छात्रों ने इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे शिक्षा के क्षेत्र में एक अहम कदम बताया है। उनका कहना है कि इससे न सिर्फ शिक्षा का स्तर बेहतर होगा, बल्कि क्षेत्र के प्रतिभाशाली छात्रों को आगे बढ़ने का बेहतर अवसर भी मिलेगा।

### नाबालिग लड़की की हुई अपहरण प्राथमिकी दर्ज

**भोरे/गोपालगंज(चौथी वाणी)** । भोरे थाना क्षेत्र के इमिलिया गांव में एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की का शादी की नियत से हुआ अपहरण इस संबंध में लड़की की मां ने भोरे थाना में आवेदन देकर गांव के ही लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्राथमिकी के अनुसार, लालमती देवी की पुत्री गोल्डी कुमारी (उम्र लगभग 15 वर्ष) को गुरुवार की शाम करीब 7 बजे गांव की ही सीता देवी और रेमा देवी शादी के बहाने अपने साथ बुलाकर ले गईं। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद धर्मदेव शाह, ब्रह्मदेव शाह एवं पवन कुमार ने मिलकर लड़की को शादी की नियत से अगवा कर लिया। परिजनों के अनुसार, काफी देर तक लड़की के घर नहीं लौटने पर खोजबीन शुरू की गई। इसी दौरान पता चला कि लड़की घर में रखे सोने के आभूषण और करीब 15 हजार रुपये नकद भी साथ ले गई है। बाद में जानकारी मिली कि उक्त सभी लोगों ने मिलकर उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले लिया है। वही लड़की की माँ ने स्थानीय थाने में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है पुलिस प्राथमिकी दर्ज मामले की जांच मे जुट गई है।

### भागलपुर कोर्ट में बनेगा वल्नरेबल विटनेस सेंटर, DM ने किया स्थल निरीक्षण

**चौथी वाणी/भागलपुर।** भागलपुर व्यवहार न्यायालय परिसर में वल्नरेबल विटनेस डिपोजिशन सेंटर के निर्माण की प्रक्रिया तेज हो गई है। गुरुवार को जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने संभावित स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बार लाइब्रेरी के नीचे स्थित स्थल को फिलहाल सेंटर निर्माण के लिए चिन्हित किया गया है। नगर निगम से अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने के बाद यहां निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। यह सेंटर संवेदनशील गवाहों की सुरक्षित और सुगम गवाही सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। मौके पर सहायक समाहर्ता जतिन कुमार, अपर समाहर्ता दिनेश राम एवं विधि शाखा की प्रभारी मीनाक्षी कुमारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



### पटखौली में हुआ डीटीसी नामक मच्छर भगानेवाला दवा का छिड़काव।

**विजयीपुर/गोपालगंज(चौथी वाणी)।** ठंडक मौसम बित्ते ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। इनसे खसरा, डिप्थीरिया, काला ज्वर डेंगू तमाम तरह के रोग फैलते हैं। इन लोगों से बंचाव के लिए विजयीपुर सीएचसी अस्पताल द्वारा समय समय पर दवा का छिड़काव किया जाता है। शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के पटखौली गांव में छिड़काव दल के सदस्यों ने दवा का छिड़काव किया।



# 10 हजार के इनामी कुख्यात अपराधी से सिधवलिया अंचलाधिकारी का है कनेक्शन

**वारयल ऑडियो के बाद डीएम ने प्राथमिकी दर्ज करने का दिया आदेश। पत्रकार सह समाजसेवी प्रवीर कुमार ने पुलिस अधीक्षक से सुरक्षा की लगाई है गुहार।**






**गोपालगंज/बिहार(चौथी वाणी)** । प्रवीर कुमार ने सरकारी जमीन के अतिक्रमण हटाने को लेकर दर्ज कराया था मामला जिसके बाद अंचलाधिकारी प्रितिलता पर अपर कलेक्टर सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी ने लापरवाही बरतने पर अनुसाशनिक करवाई करने का अनुशंसा जिला पदाधिकारी से किये थे।आदेश जारी के बाद का बताया जा रहा है ऑडियो। गोपालगंज।। जिले के सिधवलिया अंचल के अंचलाधिकारी प्रितिलता का कारनामा सामने आया है, बताते चलें कि सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने को लेकर लोक शिकायत सह अपर समाहर्ता गोपालगंज द्वारा दिनांक-27-11-2024 और 13-12-2024 को परिवाद संख्या-9999901271024513620/1 अ और परिवाद संख्या-9999901011024507944/1अ में जारी आदेश में लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी ने सिधवलिया अंचलाधिकारी प्रितिलता के कर्तव्यों के प्रति उदासीनता को लेकर जिला पदाधिकारी गोपालगंज से अनुशासनिक करवाई करने को पत्र लिखा है।मामला करीब दो साल पुराना है,इसी बीच आदेश पारित होने के बाद अंचलाधिकारी प्रितिलता का एक ऑडियो क्लिप काफी तेजी से वारयल होते नजर आ रहा है जिसमे वे किसी व्यक्ति को फोन करके सारी बाते बताती है तथा कहती है कि पूरा जमीन नही लेंगे जमीन के हम कुछ हिस्से पर आंगनबाड़ी केंद्र का प्रस्ताव भेजकर बाकी जमीन बचा देंगे, हालांकि ऑडियो कब का है इसकी पुष्टि हम नही करते है।सूत्रों के अनुसार बात करने वाला व्यक्ति रंजन यादव है जो अभी फरार है तथा उसपर गोपालगंज जिले के पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी ने 10हजार का इनाम भी रखा है।और ऑडियो क्लिप में परिवादी को भी देख लेने का बात चीत की जा रही है जिसमे परिवादी पत्रकार प्रवीर कुमार पांडेय को देख लेने की बात हो रही हैं।अब सवाल उठता है कि एक गजेटेड अधिकारी का साठ गांठ जिले के कुख्यात अपराधी से कैसे हुआ और सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने के बजाय कब्जा कराने की बात अंचल अधिकारी प्रितिलता कर रही है।जबकि सरकार एक तरफ भूमि को अतिक्रमण हटाने के लिए तरह-तरह के हथकण्डे अपनाकर हटाने का प्रयास कर रही है वही दूसरी तरफ उनके अधिकारी भू माफिया के संरक्षण देकर सरकारी जमीन कब्जाने में मदद करवा रही है।इस मामले पर बड़ी करवाई जिले के जिला अधिकारी पवन कुमार सिन्हा ने किया है।अंचलाधिकारी प्रितिलता पर प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश देते हुए अनुसाशनिक करवाई करने का आदेश जारी किए।इस मामले पर पत्रकार प्रवीर कुमार ने भी पुलिस अधीक्षक से सुरक्षा की गुहार लगाई है।

## 293 टेट्रा पैक शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार,दो बाइक जब्त



**कुचायकोट/गोपालगंज (चौथी वाणी)।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत उत्पाद विभाग की टीम ने विशंभरपुर एवं कुचायकोट थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। दो अलग-अलग स्थानों पर की गई कार्रवाई में कुल 293 पीस देशी टेट्रा पैक अवैध शराब बरामद की गई।साथ ही दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनकी दो बाइक भी जब्त की गई है।उत्पाद अधीक्षक अमृतेश कुमार ने बताया कि पहली कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर विशंभरपुर थाना क्षेत्र के सलेहपुर ब्रह्मस्थान के पास वाहन जांच के दौरान की गई।इस दौरान उत्तर प्रदेश की ओर से आ रहे एक बाइक सवार को रोका गया, जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 215 टेट्रा पैक अवैध शराब बरामद हुई। गिरफ्तार तस्कर की पहचान खेम मटिहिनिया गांव निवासी विक्की कुमार के रूप में हुई है।वहीं दूसरी कार्रवाई कुचायकोट थाना क्षेत्र के जलालपुर रोड स्थित कुर्म टोला गांव के पास की गई, जहां एक अन्य बाइक सवार को 78 टेट्रा पैक शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।पकड़े गए तस्कर की पहचान उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के तरया सुजान थाना क्षेत्र स्थित रामपुर बांगर गांव निवासी दशरथ कुमार शाह के रूप में हुई है।उत्पाद पुलिस ने दोनों तस्करों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया है।

## अवैध तरीके से 440 वोल्ट बिजली सप्लाई, हादसे का खतरा बढ़ा

**भोरे/गोपालगंज(चौथी वाणी)** । भोरे थाना क्षेत्र के खदही उत्तर टोला में बिजली व्यवस्था को लेकर बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहां बकाइन के पेड़ पर काटी ठोककर 440 वोल्ट के मेन लाइन से अवैध तरीके से बिजली जोड़कर सर्विस तार के माध्यम से घरों में सप्लाई दी जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह खतरनाक बिजली सप्लाई करीब एक साल से अधिक समय से चल रही है। हैरानी की बात यह है कि जिस पोल के सहारे लाइन होनी चाहिए थी, वह काफी पहले ही टूट चुका है, लेकिन अब तक बिजली विभाग ने इसकी मरम्मत या नया पोल लगाने की जहमत नहीं उठाई है। ग्रामीणों का कहना है कि पेड़ के सहारे सीधे मेन लाइन से बिजली लेने के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। बरसात या आंधी के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जिससे जान-माल का खतरा लगातार बना हुआ है।स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि बिजली विभाग इस गंभीर समस्या पर आंख मूंदे बैठा है और शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन और बिजली विभाग से अविलंब हस्तक्षेप कर अवैध कनेक्शन हटाने, नया पोल लगाने और सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।




## बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता की पहल: 'अंधेरे में रोशनी की किरण' टेली फिल्म जल्द होगी रिलीज

**कुचायकोट/गोपालगंज(चौथी वाणी)** । बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण टेली फिल्म 'अंधेरे में रोशनी की किरण' का निर्माण किया गया है। इस फिल्म का निर्माण प्रबुद्ध इंटरटेनमेंट, नेचुआ जलालपुर (गोपालगंज) द्वारा इंडियन डॉक्यूमेंट्री फिल्म्स के सहयोग से किया गया है, जिसे जल्द ही आम जनता के बीच प्रस्तुत किया जाएगा।फिल्म का मुख्य उद्देश्य समाज में बाल विवाह के दुष्परिणामों को उजागर करना और लोगों को इसके खिलाफ जागरूक करना है। इसमें मुख्य कलाकार के रूप में समीर और सोनी ने सशक्त अभिनय किया है, जो दर्शकों को एक गहरा सामाजिक संदेश देने का कार्य करेगा।फिल्म की निमार्ता पुष्पा रानी बरनवाल हैं, जबकि सह-निमार्ता के रूप में सुधा तिवारी ने सहयोग किया है। निर्देशन की जिम्मेदारी समीर और दिवाकर द्विवेदी ने संभाली है। वहीं, फिल्म की कहानी डॉ. श्री प्रकाश बरनवाल द्वारा लिखी गई है, जो सामाजिक यथार्थ को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करती है।फिल्म की शूटिंग के लिए आवश्यक अनुमति बिहार फिल्म निगम से प्राप्त की गई है। साथ ही, फिल्म के टाइटल को वेस्टर्न फिल्म प्रोड्यूसर एसोसिएशन द्वारा स्वीकृति मिल चुकी है।यह टेली फिल्म समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। उम्मीद जताई जा रही है कि इसके माध्यम से लोगों में जागरूकता बढ़ेगी और बाल विवाह जैसी कुरीति को समाप्त करने में मदद मिलेगी।




## सासामुसा स्टेशन पर अज्ञात वृद्ध का शव मिलने से सनसनी, पहचान में जुटी पुलिस

**कुचायकोट/गोपालगंज (चौथी वाणी)** । शुक्रवार को थावे-कप्तानगंज रेलखंड के सासामुसा रेलवे स्टेशन पर एक अज्ञात वृद्ध का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की उम्र करीब 70 वर्ष बताई जा रही है।प्रथम दृष्टया उनके मुस्लिम समुदाय से होने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो सकी थी।प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्टेशन के प्रतीक्षालय के पास एक वृद्ध चादर ओढ़े काफी देर से पड़ा हुआ था। आसपास मौजूद लोगों को पहले लगा कि वह सो रहा है, लेकिन लंबे समय तक कोई हरकत नहीं होने पर लोगों को संदेह हुआ। इसके बाद इसकी सूचना स्टेशन प्रबंधन को दी गई।सूचना मिलते ही रेलवे कर्मी मौके पर पहुंचे और जांच की, जहां वृद्ध के मृत होने की आशंका जताई गई।घटना की जानकारी मिलते ही थावे जीआरपी थानाध्यक्ष मनोज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।साथ ही मृतक की पहचान के लिए आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। फिलहाल मामले की छानबीन जारी है।

## सेमरा पंचायत में मेधावी छात्रों का भव्य सम्मान समारोह, टॉपर्स को साइकिल व उपहार देकर किया गया सम्मानित

**समाजसेवी भारत वर्मा के नेतृत्व में आयोजन, सैकड़ों की मौजूदगी में बच्चों को शिक्षा के प्रति किया गया प्रेरित**

**कुचायकोट/गोपालगंज (चौथी वाणी)** । स्थानीय प्रखंड के सेमरा पंचायत में शुक्रवार को समाजसेवी भारत वर्मा के नेतृत्व में मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर पंचायत के लगभग ढाई दर्जन से अधिक टॉपर छात्रों को रेंजर साइकिल, पंखा, मोमेंटो, मेडल, कॉपी, पेन एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अशोक कुमार सिंह रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में प्रमुख अखिलेश्वर, थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार मिश्रा, सरपंच इंद्रदेव राम, प्रिंस पांडेय एवं श्याम बिहारी पांडेय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।समारोह में हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी भव्य बना दिया। इस दौरान वक्ताओं ने बच्चों को मेहनत और लगन से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है। मेधावी छात्रों का सम्मान अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा।सेमरा पंचायत की मैट्रिक टॉपर काजल कुमारी ने 458 अंक प्राप्त किए, जबकि इंटर टॉपर मनीष कुमार ने 422 अंक हासिल किए। अन्य प्रमुख टॉपर्स में स्वास्तिक कुमारी (366), अदिति कुमारी (386), रागिनी कुमारी (420), निशा कुमारी (426) एवं बरकत सिद्दीकी (375) शामिल रहे।कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं क्षेत्र संख्या 06 की बीडीसी अमित देवी, भारत वर्मा, लक्ष्मण वर्मा, जितेंद्र वर्मा, अरविंद सिपाही, मुकेश सिपाही एवं विकास कटारी का सराहनीय योगदान रहा।



## मनमानी पार्किंग वसूली के खिलाफ चालकों का फूटा गुस्सा, कार्रवाई की मांग



**बेतिया/नरकटियागंज (चौथी वाणी)** नगरियागंज नगर परिषद क्षेत्र में पार्किंग शुल्क को लेकर टेंपो व ई-रिक्शा चालकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को बड़ी संख्या में चालक शिकारपुर थाना और नगर परिषद कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने लिखित शिकायत देकर अवैध वसूली पर रोक लगाने की मांग की। चालकों का कहना है कि नगर परिषद ने 2025-26 के लिए टेंपो का शुल्क 18 रुपए और ई-रिक्शा का 10 रुपए तय किया है, लेकिन जमीनी स्तर पर इससे कई गुना अधिक राशि वसूली जा रही है। आरोप है कि टेंपो से 40-50 रुपए और ई-रिक्शा से 30 रुपए तक जबरन लिया जा रहा है। वसूली करने वाले लोग खुद की रसीदें छपवाकर नियमों को ठेंगा दिखा रहे हैं। विरोध करने पर अभद्र व्यवहार और धमकी दिए जाने की भी शिकायत सामने आई है। चालकों ने बताया कि शाम के बाद भी अवैध वसूली जारी रहती है। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### आंगनबाड़ी में सिरप पिलाने के बाद 25 बच्चों की तबीयत बिगड़ी,

**बेतिया/गौनाहा(चौथी वाणी)** पश्चिम चंपारण के गौनाहा प्रखंड अंतर्गत माधोपुर पंचायत के पकड़ी बिसौली स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 180 में शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब विटामिन डी-3 सिरप पिलाने के बाद करीब 25 बच्चे अचानक बीमार पड़ गए। बच्चों में बेचैनी, चक्कर और बेहोशी जैसे लक्षण दिखने लगे। घटना के बाद आनन-फानन में एम्बुलेंस की मदद से सभी बच्चों को गौनाहा रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार फिलहाल सभी बच्चों की स्थिति नियंत्रण में है और वे खतरे से बाहर हैं। स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा दवा पिलाए जाने के बाद यह स्थिति बनी, जिसकी जांच की बात कही जा रही है। कुछ अभिभावकों ने बताया कि बच्चे असामान्य व्यवहार।

## खबरें एक नजर में

### पूर्व प्रधानाध्यापक हाजी मोहम्मद मुस्तकीम का पटना में निधन, किरण भारती एवं नेताजी विभूति यादव ने जताया शोक

**सहरसा नगर ( चौथी वाणी)।** । जिले के सौर प्रखंड के चिकनी निवासी एवं इस्लामिया हाई स्कूल के पूर्व प्रधानाध्यापक सह कद्दावर नेता हाजी मोहम्मद मुस्तकीम का शुक्रवार को पटना में इलाज के दौरान निधन हो गया। नेताजी विभूति



यादव एवं उनकी धर्मपत्नी पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी किरण भारती ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि हाजी साहब न केवल एक कुशल शिक्षाविद् थे। बल्कि समाजसेवा के क्षेत्र में भी अग्रणी नेता थे। वे राजद के मजबूत स्तंभ माने जाते थे। नेताजी ने कहा कि वे हम सबको छोड़कर हमेशा के लिए चले गए। मेरे और मेरे परिवार के लिए यह अपूरणीय क्षति है। उनकी कमी सदैव खलेगी। नेताजी ने अल्लाह तआला से दुआ की कि हाजी साहब को जन्नतुल फिरदौस में ऊंचा मुकाम अता फरमाए और उनकी मगफिरत करें।

### परसबन्नी में आज होगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**सहरसा नगर ( चौथी वाणी)।** जिले के बनमाईटहरी प्रखंड अंतर्गत परसबन्नी गांव में कल 11 अप्रैल को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर परसबन्नी विश्वकर्मा शर्मा चैक के समीप आयोजित होगा। जिसका संचालन श्री नारायण मेडिकल इंस्टीट्यूट एंड हॉस्पिटल, सहरसा द्वारा किया जा रहा है। शिविर में आंख, कान, नाक, गला, दांत, हड्डी, नस, गठिया, वात और साइटिका सहित विभिन्न रोगों की जांच की जाएगी। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम मरीजों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श देगी तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई जाएंगी। आयोजकों के अनुसार, शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और लोगों को समय पर जांच के लिए प्रेरित करना है, ताकि गंभीर बीमारियों से बचाव हो सके। वहीं पब्लिक रिलेशन ऑफिसर पिंटू कुमार, चित्रा झा, डॉक्टर रंजन सहित अन्य सहयोगियों ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### देखरेख के अभाव में जिम बना कबाड़ा, स्कूली बच्चों को नही मिल रहा है लाभ

**बनमा ईटहरी (सहरसा)( चौथी वाणी)।** प्रखंड के मध्य विद्यालय लालपुर में बीते तीन साल पूर्व लगाए जिम उपकरण इन दिनों देखरेख के अभाव में क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़ा हुआ हैं। उपकरणों के खराब हो जाने के कारण छात्र-छात्राएं इसका लाभ नहीं उठा पा रहे हैं, जिससे उनके शारीरिक विकास पर असर पड़ रहा है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक शशि कुमार ने बताया कि जिम उपकरण फिलहाल उपयोग के लायक नहीं हैं। कई उपकरण टूट-फूट गए हैं, जिसके कारण सुरक्षा की दृष्टि से भी



उनका इस्तेमाल बंद कर दिया गया है। आपको बता दूं कि 15 वीं वित्त योजना से लगाए गए जीम किसकी लागत करीब 05 लाख रुपए बताया जा रहा है। जब इसकी जानकारी लेने की कोसिस की गई तो संबंधित लोग सामने आने से बचते दिखे। पंचायत सचिव कौशल कुमार से जब पूछा गया तो उन्होंने बताने से इनकार कर दिया। कहा हमको कुछ पता ही नही है। विद्यालय के शिक्षकों की मांग है कि विद्यालय प्रांगण में लगाये गए जीम को अभिलंब ठीक करा कर दुरुस्त किया जाय। वही उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग को इसकी जानकारी दी गई है, ताकि जल्द मरम्मत कराकर पुनः उपयोग शुरू किया जा सके। ताकि स्कूली बच्चों को लाभ मिल सके। मुखिया प्रतिनिधि ने कहा कि वकील पासवान ने बताया कि मुझे जानकारी नही है। पंचायत का पूरा लेखाजोखा पंचायत सचिव ही रखता है। इस संबंध में दिवाकर कुमार ने बताया कि लगभग पांच लाख की लागत से तीन साल पूर्व 15 वीं वित्त योजना से लगाया गया था, देखरेख के लिए पंचायत सचिव और मुखिया का दायित्व है।

### प्रमंडलीय आयुक्त राजेश कुमार के जनता दरवार में कुल 12 आवेदनों का हुआ निपटारा

**सहरसा ( चौथी वाणी)।** सबका सम्मान-जीवन आसान अंतर्गत पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रमंडलीय आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित जनता से संवाद कार्यक्रम के दौरान बारह आवेदनों के संदर्भ में सुनवाई की गई। प्राप्त आवेदनों को यथाशीघ्र निष्पादित करने का निर्देशह्ल पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसारष्शुक्रवार को सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के तहत ह्यह्यसबका सम्मान-जीवन आसानह्लह्ल अंतर्गत प्रमंडलीय आयुक्त राजेश कुमार की अध्यक्षता में संवाद कार्यक्रम के दौरान समेकित रूप से कुल



बारह आवेदन आए। जिसमें सहरसासे सात, सुपौलः एक एवं से मधेपुरा चार आवेदनों का निष्पादन किया गया। जिसे संबंधित कार्यालय प्रधान यथाःअपर समाहर्ता, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता सहित अन्य संबंधित को प्राप्त आवेदनों में वर्णित समस्या का नियमानुसार यथाशीघ्र निदान करने पश्चात तत्संबंधित अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। आज आयोजित उक्त वर्णित कार्यक्रम के अवसर पर योगेश्वर मुखिया, देवनन्दन प्रसाद साह, दशरथ साह सहित अन्य ने अपने समस्याओं से अवगत कराया। उक्त अवसर पर आयुक्त के सचिव दिनेशलाल दास सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### थाना के समीप गैस वितरण, लोगों की उमड़ी भीड़

**बनमा ईटहरी (सहरसा) ( चौथी वाणी)।** थाना परिसर के समीप शुक्रवार को गैस सिलेंडर का वितरण किया गया। वितरण के दौरान बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी और लोगों की लंबी कतार लगी रही। गैस सिलेंडर वितरण कर रहे कर्मी ने बताया कि गांव-गांव जाकर सिलेंडर पहुंचाने में काफी कठिनाइयों का



सामना करना पड़ता है। कई बार उपभोक्ता जल्दबाजी में जबरदस्ती सिलेंडर की मांग करने लगते हैं, जिससे स्थिति संभालना मुश्किल हो जाता है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए वितरण कार्य थाना के समीप पुलिस की मौजूदगी में कराया गया। इस दौरान उपभोक्ताओं को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा, हालांकि भीड़ अधिक होने के कारण कुछ लोगों को परेशानी भी झेलनी पड़ी। स्थानीय लोगों का कहना है कि नियमित और व्यवस्थित तरीके से गैस आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि इस तरह की भीड़ और अव्यवस्था से बचा जा सके। वहीं, मामले में एजेंसी संचालक से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी क्योंकि उन्होंने फोन कॉल का जवाब नहीं दिया।

### सत्र 26-27 के लिए विद्यालय मे पुस्तक का किया गया वितरण

**रुपौली/पूर्णिया ( चौथी वाणी)।** रुपौली प्रखंड के अंतर्गत राजकीय बुनियादी विद्यालय कंकाला में सभी बच्चों को पुस्तक का वितरण किया गया। सभी छात्र एवं छात्राओं को पुस्तक मिलते ही खुश हो गया। वर्ग 1 से लेकर वर्ग 8 तक के छात्र एवं छात्राओं को पुस्तक सरकार द्वारा सभी विद्यालय में वितरण करने दिया गया है जैसे जैसे विद्यालय में पुस्तक वितरण करने के लिए दिया जाता है सभी वर्ग के छात्र एवं छात्राओं को वर्ग 8 के सभी विषय का पुस्तक वितरण किया जा रहा है। राजकीय बुनियादी विद्यालय कंकाला सत्र 26 27 के



मुताबिक पुस्तक छात्र एवं छात्राओं को दिया जा रहा है प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार ने बताया कि सभी वर्ग के छात्र एवं छात्राओं पुस्तक दिया गया क्योंकि हर साल एक वर्ग से दूसरे वर्ग में पढ़ाई के लिए दिया जाता है उस मुताबिक सरकार के द्वारा पुस्तक वितरण कर दिए हैं बच्चे सब मन लगा कर पढ़ेंगा तो हमारे विद्यालय का नाम रोशन करेगा जैसे शिक्षक प्रमोद कुमार प्रधानाध्यापक, रानी कुमारी, दिव्यांशु कुमार, मोनू कुमारी, गोपाल पासवान, दीपक कुमार, ब्रजेश कुमार, विमलेश कुमार, रणधीर कुमार पासवान, ज्ञान पासवान, तबरेज आलम कंप्यूटर शिक्षक इत्यादि सभी शिक्षक मौजूद रहे।

# 25 वर्षीय युवक का आम के पेड़ से लटका मिला शव, क्षेत्र में सनसनी

## युवक नावालिक लड़की से करता था प्रेम, जांच में जुटी पुलिस



**सहरसा कार्यालय ( चौथी वाणी)।** जिले के गोबरगढ़ स्थित पासवान टोला में शुक्रवार को एक 25 वर्षीय युवक का शव आम के पेड़ से लटका मिला, सुचना मिलते ही आनन-फानन में स्थानी लोगों इसकी सूचना पुलिस को दी। सुचना मिलते ही सदर थाना की पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गयी। इस दौरान इलाके में तनाव का माहौल है। मृतक की पहचान नंदन पासवान के पुत्र आकाश कुमार उर्फ डोमी के रूप में हुई है। वह तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। सदर थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि प्रथम द्दष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए गहन जांच की जा रही है। परिजनों के अनुसार, आकाश मधेपुरा में एक डेयरी में काम करता था। करीब एक वर्ष पूर्व उसने एक पिकअप वाहन भी खरीदा था। इसी दौरान उसका एक नाबालिग लड़की से प्रेम संबंध हो गया था। लगभग एक सप्ताह पहले वह लड़की को अपने घर ले आया था, जिसके बाद लड़की के पिता ने थाने में अपहरण का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए लड़की को सकुशल बरामद कर लिया था। मृतक के चाचा दशरथ पासवान ने आरोप लगाया कि इस घटना के बाद लड़की के परिजनों ने आकाश की पिकअप गाड़ी गायब कर दी थी। उन्होंने बताया कि गुरुवार शाम आकाश घर लौटा था और खुशी में लड्डू बांट रहा था। उसने आसपास के लोगों से कहा था कि उसकी गाड़ी जल्द मिल जाएगी। लेकिन अगले ही दिन शुक्रवार सुबह उसका शव घर के पास आम के पेड़ से लटका मिला। इस घटना से परिवार में शोक की लहर है। परिजन प्रेम प्रसंग और उससे जुड़े तनाव को आत्महत्या की संभावित वजह मान रहे हैं, हालांकि वास्तविक कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। आकाश शादीशुदा था और दो बच्चों का पिता भी था। घटना के समय उसकी पत्नी मायके गई हुई थी और घर पर मौजूद नहीं थी। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## आईसीडीएस जिला कार्यक्रम पदाधिकारी की अध्यक्षता में पोषण पखवाड़े के सफल आयोजन हेतु बैठक का हुआ आयोजन

**पूर्णिया ( चौथी वाणी)।** जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (क्ळउत्र) पूर्णिया की अध्यक्षता में गुरुवार को को जिला स्तर पर पोषण पखवाड़ा 2026 (09 से 23 अप्रैल 2026) के सफल आयोजन हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक सह वर्चुअल उद्घाटन समारोह का



आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस पूर्णिया सुगंधा शर्मा द्वारा की गई। इस बैठक में सभी परियोजना पदाधिकारी, पूर्णिया के साथ-साथ विभिन्न सहयोगी संस्थाओं जैसे यूनिसेफ, पीरामल, सीफार, पीएसआई, करुणा सेक्शन क्लिनिक, विक्रमशिला, एजुकेशन रिसोर्स सोसाइटी, फीया फाउंडेशन, रिलायंस फाउंडेशन सहित एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन (अश्अ) - बचपन बचाओ आंदोलन के प्रतिनिधियों की भी सक्रिय एवं महत्वपूर्ण भागीदारी रही। सभी प्रतिभागियों ने पोषण पखवाड़ा के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अपने-अपने अनुभव साझा करते हुए समन्वित रणनीति पर विस्तृत चर्चा की।

पोषण पखवाड़ा 2026 का मुख्य उद्देश्य जीवन के प्रथम छह वर्षों में बच्चों के मस्तिष्क के समुचित एवं सर्वोच्च विकास को सुनिश्चित करना है। इस दिशा में संतुलित पोषण, समुचित देखभाल, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता एवं प्रारंभिक बाल उद्दीपन (एं१'८ ड्ढँ'ङ्खिड्ढ्र रड्ढ४'ड्ड्ल्ल) को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है।बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि पखवाड़ा अवधि में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जिसमें घर-घर संपर्क, पोषण जागरूकता रैली, गर्भवती एवं धात्री माताओं के लिए विशेष परामर्श सत्र, आंगनबाड़ी केंद्रों पर थीम आधारित गतिविधियाँ एवं सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने हेतु विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही, विभिन्न विभागों एवं विकास सहयोगी संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाने पर विशेष बल दिया गया। जिला प्रशासन पूर्णिया द्वारा सभी संबंधित विभागों, संस्थाओं एवं नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस महत्वपूर्ण अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि कुपोषण मुक्त, स्वस्थ एवं सशक्त समाज के निर्माण की दिशा में ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए जा सकें।

## एनएसयूआई छात्रों के अधिकारों के लिए संघर्ष करती है: मुकेश झा

**सहरसा नगर ( चौथी वाणी)।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के 56वें स्थापना दिवस पर जिला ईकाई द्वारा शुक्रवार को विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला एनएसयूआई अध्यक्ष नीतीश कुमार के नेतृत्व में राजेंद्र मिश्रा कांग्रेस कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया। इसके उपरांत एमएलटी कॉलेज मैदान, सहरसा में एक दिवसीय भव्य हॉकी टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। हॉकी टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबले में महाराणा प्रताप क्लब, सहरसा



और एसप्रचूलिस्ट एडवेंचर्स स्पोर्ट्स क्लब, सहरसा के बीच रोमांचक मैच खेला गया। जिसमें एसप्रचूलिस्ट एडवेंचर्स स्पोर्ट्स क्लब ने 4-3 से जीत हासिल किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनएसयूआई जिला अध्यक्ष नीतीश कुमार ने की,जबकि संचालन पूर्व राष्ट्रीय संयोजक मनीष कुमार ने किया। टूनार्मेंट का उद्घाटन एम.एल.टी. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार सिंह, एआईसीसी सदस्य एवं बिहार के पूर्व एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष केसर कुमार सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश झा, बीएनएमयू सीनेट सदस्य एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस शिक्षक प्रकोष्ठ के महासचिव डॉ. संजीव झा तथा युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव एवं पूर्व जिला अध्यक्ष सुदीप कुमार सुमन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि डॉ. सुधीर कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि एनएसयूआई ने अपने स्थापना दिवस पर हॉकी जैसे राष्ट्रीय खेल को बढ़ावा देकर छात्रों एवं खिलाड़ियों के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता साबित की है। उन्होंने आश्वासन दिया कि एमएलटी कॉलेज हमेशा खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर रहेगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश झा ने कहा कि एनएसयूआई न केवल छात्रों के अधिकारों के लिए संघर्ष करती है, बल्कि खेल और खिलाड़ियों के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वहीं केसर कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का सशक्त माध्यम हैं। डॉ. संजीव झा ने अपने संबोधन में खेलों को समाज में एकता, समानता और राष्ट्रीयता का प्रतीक बताया उन्होंने कहा कि एनएसयूआई छात्र सिर्फ.कैम्पस में छात्रों का आवाज ही नहीं उठाता है बल्कि खेल के मैदान में भी खिलाड़ियों के लिए एक प्लेटफार्म प्रदान करता है। युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सुदीप कुमार सुमन ने कहा कि मुझे फक्र है कि मैं 7 साल तक एनएसयूआई का जिला अध्यक्ष रहा और इस दौरान छात्र हेतु की कई लड़ाई को लड़ा मेरी पहचान आज एनएसयूआइ से ही है। इस मौके पर एमटीएल कॉलेज के राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक डॉ हर्षवर्धन सिंह, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव रामशरण यादव, मृणाल कामेश, जिला कांग्रेस के महासचिव मोहम्मद शाजली, वन पार्षद प्रतिनिधि ताबिश मेहर, तारिक खान, खेल पदाधिकारी मनीष कुमार, प्रियरंजन, शिंकु आनंद पिंकेश यादव, अमरजीत कुमार, निर्मल कुमार, मनीष कुमार, रोशन कुमार, रणधीर यादव, विशाल यादव, भरत कुमार, सौरव कुमार, मनीष गुप्ता, धीरज सम्राट सहित अन्य मौजूद थें। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहरसा जिला हॉकी एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील झा एवं सचिव प्रमोद झा का सराहनीय योगदान रहा।

## गरीबों का राशन ड्राइवर व मजदूर मिलकर करते है चोरी, डीलर परेशान

**सहरसा शहर ( चौथी वाणी)।** प्रधानमंत्री द्वारा गरीबी रेखा से निजात दिलाने के लिए गरीब कल्याण अन्न योजना बरसों से चलाई जा रही है।वहीं सरकारी खाद्यान्न की चोरी धडल्ले से की जा रही है। जिसके भुक्त भोगी डीलर को ही भोगना पड़ता है। डीलर को कम अनाज मिलने पर उनके द्वारा उठाई गई आवाज को भी विभाग द्वारा अनसुनी कर दी जाती है। जिसके कारण खाद्यान्न चोरी करने वालों का मनोबल बढ़ता ही जा रहा है। सरकार के द्वारा जीपीएस लगे वाहनों से डोर टू डोर डीलर के यहां खाद्यान्न पहुंचाया जा रहा है लेकिन रास्ते में ही ड्राइवर एवं मजदूर की मिली भगत से डीलरों की अनाज को चोरी किया जा रहा है। डीलर द्वारा डिजिटल साक्ष्य दिए जाने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है जिसके कारण भारी मात्रा में डीलर की अनाज को चोरी






कर ली जाती है।वहीं कम अनाज मिलने के कारण वही डीलरों ने बताया कि सरकारी खाद्यान्न का वजन भी करके नहीं दिया जाता है वही कम अनाज मिलने के कारण डीलर भी उपभोक्ताओं को कम अनाज देने के लिए बाध्य हो रहे हैं। वही पीड़ित उपभोक्ताओ की आवाज को भी अनसुना कर दिया जा रहा है।ज्ञात हो कि 30 मार्च को रैक पॉइंट से चला 475 बोरा चावल में से 184 बोरा रास्ते में ही गायब कर दिया गया जिसकी जांच अभी चल ही रही है ।इसी बीच बरियाही पंचायत के डीलर बीवी कौशर डीलर का गोदाम से राशन भेजा गया। जिसे बीच रास्ते में ही मजदूर और ड्राइवर मिलकर अनाज की चोरी कर ली गई। उन्होंने बताया कि कल गोदाम से अनाज वाहन द्वारा भेजा गया लेकिन गरीबों का राशन ड्राइवर और मजदूर दोनों मिलकर रास्ते में ही चोरी कर लिया जाता है।इसके साक्ष्य भी मौजूद है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण यह लोग हमेशा ही इसी प्रकार अनाज की चोरी कर रहे हैं।डीलरों ने इस संबंध में जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं जिला अधिकारी से मांग की गई की सरकारी खाद्यान्न ढोने वाली गाड़ी पर विशेष नजर रखते हुए डीलर को निर्धारित अनाज की आपूर्ति ससमय किया जाए।

## अंतरराष्ट्रीय कथावाचिका पूज्या डॉ शिवानी कृष्ण शुक्ला के श्री मुख से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ, कुवांरी कन्याओं के द्वारा कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा प्रारंभ

**सहरसा शहर ( चौथी वाणी)।** श्री सनातन नारायण सेवा संस्थान के तत्वाधान में हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी भव्य श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारम्भ शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। आयोजन समिति के सदस्य सागर कुमार नन्हें ने कहा आज बहुत ही सुंदर तरीके से प्रातः काल की बेला में कलश यात्रा हजारों की संख्या में कुमारी कन्या, महिला यज्ञ स्थल राजकीय कन्या उच्च विद्यालय मैदान नलकूप, पूरब बाजार सहरसा के प्रांगण से निकला जो पंचमुखी मंदिर विद्यापति नगर,पूरब बाजार, कॉलेज गेट, बंगाली बाजार, शंकर चैक पहुंचा जहाँ रामजानकी ठाकुरवारी मंदिर प्रांगण में विधिविधान के साथ पूजन हुआ। वही से कलश में जल भर कर डीबी रोड, गंगजला चैक, प्रताप चैक होते हुए पुनः यज्ञ स्थल पहुंचा फिर मंडप प्रवेश मूर्ति पूजन किया गया एवं वृंदावन धाम से पधारे हुए। अंतरराष्ट्रीय कथावक्ता पूज्या डॉ शिवानी कृष्ण शुक्ला जी के श्री मुख से संगीतमय श्रीमद्





भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। आज पूज्य देवी जी ने श्रीमद् भागवत महापुराण के महत्व पर चर्चा की जो इस कथा का श्रवण करता है उनके जीवन में कभी भी किसी प्रकार की कठिनाई नहीं आती है। आचार्य डॉ नवनीत कुमार ने कहा यज्ञ होने से संपूर्ण विश्व का कल्याण होता है सुख समृद्धि और शांति की प्राप्ति होती है मनुष्य का द्वेशभाव खत्म होता है। मुख्य यजमान डॉ प्रानमोहन सिंह एवं डॉ नीलू सिंह ने कहा भागवत कथा सुनने मात्र से जीवन का सारा दुःख समाप्त हो जाता है। यहाँ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ हर वर्ष भव्य बहुत सुन्दर और अनुसासित तरीके से होता आरहा है। संगीतमय भागवत कथा प्रतिदिन 4 बजे से प्रारम्भ होगा। कलश यात्रा में प्रशासन की टीम विधिव्यवस्था में सक्रिय रहे। कलश यात्रा में राधे राधे,जय श्री राम, हर हर महादेव अन्य धार्मिक जयकारा गूंजता रहा।वही कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं केलिए डी बी रोड में सावरिया रेडीमेड अमित भगत के द्वारा शीतल शरब का व्यस्था किया गया वही प्रताप चैक पर प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य तरुण झा के द्वारा शीतल जल जा व्यस्था किया गया था वही शंकर चैक पर बिटू गुप्ता के द्वारा भी जूस का व्यस्था किया गया था।मौके पर समाजसेवी जीतेन्द्र सिंह चैहान, मेजर डॉ गौतम कुमार, पप्पू सिंह,संजय वसिस्ट,विजय बसंत सिंह,रंजीत दास,कुमार अमरज्योति जायसवाल,राणा करणजीत सिंह,बुल्लू झा,विनय मिश्रा,विद्या सिंह राठोर,अनुष्का सिंह,प्रिया कुमारी,वैशाली कुमारी,शिवानी कुमारी,मोनू महाकाल,विनीत सिंह, बंटी झा,समीर कुमार मिठू,अंकित सिंह, अभिजीत सिंह रघुवंशी,प्रिंस सिंह, गोलू सिंह, रिशु सिंह, इसान सिंह,आर्यन,रामप्रेवश साह महादेव, रोहण सिन्हा गुलशन,रौनक सिंह, रवि सिंह, गोबिंद पासवान,शंकर शशि,कौशिक राज फूलो,मानस मिश्रा, संतोष सिंह, अभिषेक तोमर, सोनू सिंह,छोटू, गाँधी जी, गौरव सिंह,अभिषेक गुप्ता, ज्ञानू ज्ञानेश्वर आदि मौजूद रहे।

## संपादकीय

# लेबनान में कोई युद्धविराम नहीं', नेतन्याहू का बड़ा बयान



रुपेश कुमार सिंह
संपादक
चौथी वाणी

इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि ईरान और अमेरिका के साथ हुआ सीजफायर लेबनान पर लागू नहीं है। उन्होंने हिजबुल्लाह के खिलाफ पूरी ताकत से हमले जारी रखने का दावा किया।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने लेबनान को लेकर सैन्य दबाव और कूटनीति पर एक साथ चलने की योजना बनाई है। नेतन्याहू ने कहा है कि लेबनान में कोई सीजफायर नहीं है और इजरायली सेना हिजबुल्लाह पर हमले जारी रखेगी। इसके साथ ही नेतन्याहू ने लेबनान की सरकार के साथ सीधी बातचीत शुरू करने की घोषणा की। नेतन्याहू का यह बयान लेबनान पर किए गए सबसे बड़े और सबसे घातक हवाई हमलों के बाद आया है।

इजरायली प्रधानमंत्री के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर शेयर किए एक वीडियो संदेश में नेतन्याहू ने कहा, मैं आपको सूचित करना चाहता हूं- लेबनान में कोई युद्धविराम नहीं है। हम पूरी ताकत से हिजबुल्लाह पर हमले जारी रखे हुए हैं। इजरायली नागरिकों को संबोधित करते हुए नेतन्याहू ने आगे कहा कि जब तक उनकी सुरक्षा बहाल नहीं हो जाती हमले जारी रहेंगे।

**लेबनान के साथ सीधी बातचीत**

इसके पहले नेतन्याहू ने बताया था कि उन्होंने अपनी कैबिनेट को बेरूत के साथ सीधी बातचीत शुरू करने का निर्देश दिया है। उबातचीत का मुख्य जोर हिजबुल्लाह के निरस्त्रीकरण पर होगा। नेतन्याहू ने एक बयान में कहा, लेबनान की ओर से इजरायल के साथ सीधी बातचीत शुरू करने की बार-बार की गई अपीलों को देखते हुए मैंने कल कैबिनेट को निर्देश दिया कि वे जल्द से जल्द लेबनान के साथ सीधी बातचीत शुरू करें।

नेतन्याहू ने आगे कहा कि बातचीत का मुख्य जोर हिजबुल्लाह को निरस्त्र करने और इजरायल व लेबनान के बीच शांतिपूर्ण संबंध स्थापित करने पर होगा। इस बयान के कुछ देर बाद ही इजरायली सेना ने घोषणा की कि उसने लेबनान में हिजबुल्लाह के लॉन्च स्थलों पर हमला करना शुरू कर दिया है।

**लेबनान मांग रहा युद्धविराम**

इस बीच एक वरिष्ठ लेबनानी अधिकारी ने रॉयटर्स को बताया कि लेबनान ने पिछले 24 घंटे इजरायल के साथ एक व्यापक बातचीत की अनुमति देने के लिए एक अस्थायी युद्धविराम की वकालत करने में बिताए हैं। अधिकारी ने कहा कि अभी कोई तारीख या जगह तय नहीं की गई है। साथ ही यह भी जोड़ा कि किसी भी समझौते के लिए अमेरिका की मध्यस्थता और गारंटी जरूरी है।

# भारत की जनगणना 2027- सुप्रीम कोर्ट द्वारा 10 अप्रैल 2026 को जातिगत विषय रोकनें जनहित याचिका खारिज

**जनगणना 2027 प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं,बल्कि एक व्यापक सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन का आधार- डिजिटल तकनीक, जातिगत डेटा और विस्तृत प्रश्नावली के माध्यम से यह जनगणना देश की वास्तविक तस्वीर प्रस्तुत करेगी**



लेखक
किशन सनमुखदास भावनानी
गोंदिया (महाराष्ट्र)

**गोंदिया** – वैश्विक स्तरपर भारत जैसे विशाल और विविधता पूर्ण देश में जनगणना केवल आबादी की गिनती नहीं होती,बल्कि यह शासन,विकास और सामाजिक न्याय का आधारभूत स्तंभ होती है। लगभग 146.2 करोड़ की आबादी वाले इस देश में अंतिम जनगणना 2011 में हुई थी, जबकि संवैधानिक और प्रशासनिक परंपरा के अनुसार हर 10 वर्षों में जनगणना कराई जानी चाहिए थी। इस दृष्टि से 2021 में जनगणना होना तय था, किंतु यह प्रक्रिया कई कारणों से स्थगित होती रही। अब 2027 की प्रस्तावित जनगणना न केवल इस लंबित प्रक्रिया को पूरा करेगी, बल्कि यह भारत के प्रशासनिक इतिहास में एक नए युग की शुरूआत भी मानी जा रही है। यह पहली बार होगा जब देश पूरी तरह डिजिटल जनगणना करेगा और 1931 के बाद पहली बार व्यापक स्तर पर जातिगत आंकड़े भी एकत्र किए जाएंगे।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि इस प्रकार यह जनगणना केवल एक प्रशासनिक अभ्यास नहीं,बल्कि सामाजिक संरचना,राजनीतिक विमर्श और आर्थिक नीतियों के लिए निर्णायक मोड़ साबित होगी।जातिगत जनगणना को लेकर दायर याचिकाओं पर भारत के सर्वोच्च न्यायालय का रुख भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। भारतीय सुप्रीम कोर्ट की एक बेंच ने 10 अप्रैल 2026 को एक जनहित याचिका को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि इस प्रक्रिया को रोकने का कोई ठोस आधार प्रस्तुत नहीं किया गया है।मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाकर्ता द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा पर भी कड़ी आपत्ति जताई और इसे न्यायिक मयार्दा के खिलाफ बताया। यह निर्णय न केवल न्यायपालिका की गंभीरता को दर्शाता है,बल्कि यह भी संकेत देता है किसरकार की नीतिगत प्रक्रियाओं में न्यायपालिका अनावश्यक हस्तक्षेप से बचना चाहती है, जब तक कि कोई स्पष्ट संवैधानिक उल्लंघन न हो।इससे पहले भी फरवरी 2026 में अदालत ने जातिगत डेटा संग्रहण की प्रक्रिया को चुनौती देने वाली एक अन्य याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया था। इन निर्णयों से यह स्पष्ट होता है कि न्यायपालिका इस विषय को नीतिगत क्षेत्र का हिस्सा मानते हुए सरकार को आगे बढ़ने की अनुमति दे रही है। साथियों बात अगर हम 2021 की जनगणना क्यों टली: महामारी से प्रशासनिक जटिलताओं तक इसको समझने की करें तो,2021 की जनगणना के स्थगन के पीछे सबसे प्रमुख कारण वैश्विक महामारी कोविड -19 थी, जिसने न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व की प्रशासनिक गतिविधियों को प्रभावित किया। भारत में मार्च 2020 से लागू लॉकडाउन,सामाजिक दूरी के नियम और स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों के चलते घर-घर जाकर डेटा संग्रह करना लगभग असंभव हो गया था। इसके अलावा, महामारी के दौरान सरकारी संसाधनों और मानवशक्ति का बड़ा हिस्सा स्वास्थ्य सेवाओं और राहत कार्यों में लगा हुआ था, जिससे जनगणना जैसी व्यापक प्रक्रिया को प्राथमिकता देना कठिन हो गया।इसके अतिरिक्त, तकनीकी तैयारी और डिजिटल अवसंरचना के विकास में भी अपेक्षित समय लगा।चूंकि सरकार इस बारजनगणना को पूरी तरह डिजिटल बनाना चाहती थी,इसलिए मोबाइल एप्लिकेशन, डेटा सुरक्षा, सर्वर क्षमता और प्रशिक्षण जैसे पहलुओं पर विशेष ध्यान देना पड़ा। इस प्रकार महामारी के साथ-साथ प्रशासनिक और तकनीकी कारणों ने मिलकर 2021 की जनगणना को टाल दिया,जो अब 2027 में सटिकाता से आयोजित की जा रही है।  साथियों बात अगर हम डिजिटल जनगणना 2027: डेटा संग्रहण की नई क्रांति को समझने की करें तो 2027 की जनगणना को भारत की पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना के रूप में देखा जा रहा है। यह प्रक्रिया मोबाइल एप्लिकेशन, ऑनलाइन पोर्टल और रियल- टाइम डेटा संग्रहण तकनीकों के माध्यम से संचालित होगी। इसमें जियो-टैगिंग,स्व-गणना और डेटा का तत्काल सत्यापन जैसी सुविधाएं शामिल होंगी।इस डिजिटल परिवर्तन का सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि डेटा संग्रहण अधिक सटीक, तेज और पारदर्शी होगा। पहले जहां आंकड़ों को संकलित और प्रकाशित करने में वर्षों लग जाते थे, वहीं अब यह प्रक्रिया काफी हद तक त्वरित हो सकेगी। साथ ही, डेटा एनालिटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से सरकार नीतियों को अधिक प्रभावी और लक्षित बना सकेगी।हालांकि, इसके साथ ही डेटा सुरक्षा और गोपनीयता के मुद्दे भी सामने आते हैं। इतनी बड़ी आबादी का संवेदनशील डेटा डिजिटल रूप में संग्रहित करना साइबर सुरक्षा के दृष्टिकोण से चुनौतीपूर्ण होगा। अतः सरकार को इस दिशा में मजबूत सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने होंगे। साथियों बात अगर हम जातिगत जनगणना:1931 के बाद एक ऐतिहासिक पहल को समझने की करें तो भारत में 1931 के बाद से व्यापक जातिगत जनगणना नहीं की गई थी। स्वतंत्रता के बाद केवल अनुसूचित जाति औरअनुसूचित जनजाति से संबंधित आंकड़े ही एकत्र किए जाते रहे। लेकिन 2027 की जनगणना में सभी जातियों का डेटा एकत्र करने की योजना है, जो इसे ऐतिहासिक बनाती है।जातिगत जनगणना का उद्देश्य सामाजिक न्याय और संसाधनों के समान वितरण को सुनिश्चित करना है।




इसके माध्यम से सरकार यह समझ सकेगी कि विभिन्न जातियों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति क्या है और किन समूहों को अधिक सहायता की आवश्यकता है। यह डेटा आरक्षण नीति, कल्याणकारी योजनाओं और आर्थिक विकास कार्यक्रमों के लिए महत्वपूर्ण आधार प्रदान करेगा।हालांकि,इस पहल के साथ कई विवाद भी जुड़े हुए हैं। आलोचकों का मानना है कि जातिगत आंकड़े समाज में विभाजन को बढ़ा सकते हैं और पहचान की राजनीति को प्रोत्साहित कर सकते हैं। वहीं समर्थकों का तर्क है कि बिना सटीक डेटा के सामाजिक न्याय की नीति बनाना संभव नहीं है। इस प्रकार यह मुद्दा सामाजिक और राजनीतिक दोनों स्तरों पर गहन बहस का विषय बना हुआ है। साथियों बात अगर हम जनगणना की संरचना:दो चरणों में विस्तृत प्रक्रिया को समझने की करें तो जनगणना 2027 को दो मुख्य चरणों में आयोजित किया जाएगा।पहला चरण अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच हाउस लिस्टिंग और आवास गणना का होगा,जिसमें घरों की स्थिति,उपलब्ध सुविधाएं और परिसंपत्तियों का विवरण एकत्र किया जाएगा।इसमें जियो- टैगिंग के माध्यम से प्रत्येक आवास का स्थान भी दर्ज किया जाएगा।दूसरा चरण फरवरी 2027 में जनसंख्या गणना का होगा, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति की व्यक्तिगत जानकारी, जैसे आयु,लिंग,शिक्षा,रोजगार और जाति से संबंधित डेटा एकत्र किया जाएगा। इसकी संदर्भ तिथि 1 मार्च 2027 निर्धारित की गई है,अर्थात इस समय तक जन्मे सभी व्यक्तियों को जनगणना में शामिल किया जाएगा। विशेष परिस्थितियों वाले क्षेत्रों,जैसे जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमालयी राज्यों में, मौसम और भौगोलिक कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए अलग संदर्भ तिथि निर्धारित की गई है। साथियों बात अगर हम 33 सवालों की सूची:जीवनशैली और विकास का समग्र आकलन को समझने की करें तो इस बार जनगणना में पूछे जाने वाले 33 सवाल केवल जनसंख्या तक सीमित नहीं होंगे,बल्कि वे लोगों की जीवनशैली, आर्थिक स्थिति और तकनीकी पहुंच का भी आकलन करेंगे।इसमें पीने के पानी,बिजली,शौचालय, ईंधन, इंटरनेट,मोबाइल,कंप्यूटर और वाहन जैसी सुविधाओं से जुड़े प्रश्न शामिल होंगे।पहली बार यह भी पूछा जाएगा कि परिवार के पास चार पहिया वाहन है या नहीं, और वे कौन-सा प्रमुख अनाज उपभोग करते हैं।इन प्रश्नों के माध्यम से सरकार देश की बदलती उपभोक्ता प्रवृत्तियों और जीवन स्तर को समझ सकेगी।यह डेटा कृषि नीति, डिजिटल इंडिया, शहरी विकास और सामाजिक कल्याण योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण आधार बनेगा। इस प्रकार जनगणना अब केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि विकास की दिशा तय करने वाला उपकरण बन चुकी है। साथियों बात कर हम आर्थिक और नीतिगत प्रभाव: डेटा से विकास की दिशा को समझने की करें तो जनगणना के आंकड़े सरकार के लिए नीति निर्माण का सबसे महत्वपूर्ण आधार होते हैं।शिक्षा,स्वास्थ्य, रोजगार, आवास और बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी योजनाएं इन्हीं आंकड़ों के आधार पर बनाई जाती हैं।2027 की जनगणना से प्राप्त डेटा अगले 10 वर्षों की विकास योजनाओं को दिशा देगा। उदाहरण के लिए, यदि किसी क्षेत्र में इंटरनेट की पहुंच कम पाई जाती है, तो वहां डिजिटल अवसंरचना को बढ़ाने पर ध्यान दिया जाएगा। इसी प्रकार, यदि किसी विशेष समुदाय की आर्थिक स्थिति कमजोर पाई जाती है, तो उनके लिए लक्षित योजनाएं बनाई जा सकती हैं।इस प्रकार यह जनगणना भारत की आर्थिक रणनीति और सामाजिक नीति के लिए एक रोडमैप तैयार करेगी। साथियों बात अगर हम सामाजिक और राजनीतिक प्रभाव: पहचान, प्रतिनिधित्व और संतुलन के दृष्टिकोण से समझने की करें तो जातिगत जनगणना का सबसे बड़ा प्रभाव सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में देखने को मिलेगा। इससे विभिन्न समुदायों की वास्तविक जनसंख्या और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति का स्पष्ट चित्र सामने आएगा,जो राजनीतिक प्रतिनिधित्व और आरक्षण नीति को प्रभावित कर सकता है।हालांकि, इसके साथ पहचान की राजनीति के बढ़ने की आशंका भी जताई जा रही है। विभिन्न जातियां अपने अधिकारों और हिस्सेदारी के लिए अधिक मुखर हो सकती हैं, जिससे सामाजिक तनाव भी बढ़ सकता है।इसलिए सरकार और समाज दोनों के लिए यह आवश्यक होगा कि इस डेटा का उपयोग संतुलित और जिम्मेदार तरीके से किया जाए, ताकि यह सामाजिक समरसता को बनाए रखते हुए विकास को बढ़ावा दे सके। साथियों बात अगर हम भारतीय जनसंख्या गणना2027 को अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य: भारत का वैश्विक उदाहरण इस रूप में समझने की करें तो विश्व के कई देशों में जनगणना की प्रक्रिया नियमित रूप से होती है, लेकिन भारत जैसे विशाल और विविध देश में इसे सफलता पूर्वक आयोजित करना एक बड़ी उपलब्धि है। डिजिटल जनगणना और व्यापक सामाजिक डेटा संग्रहण के माध्यम से भारत एक नया वैश्विक मानक स्थापित कर सकता है।यदि यह प्रक्रिया सफल रहती है, तो यह अन्य विकासशील देशों के लिए भी एक मॉडल बन सकती है कि कैसे तकनीक का उपयोग करके बड़े पैमाने पर डेटा संग्रहण और नीति निर्माण किया जा सकता है। अतः ग्राम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भविष्य की दिशा तय करने वाला ऐतिहासिक कदम हैं,जनगणना 2027 भारत के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी।

# बे-असर सीज-फायर,वैश्विक मानवता का संकट यथावत

**लेबनान में निर्दोष नागरिकों की मौत**



लेखक
संजीव ठाकुर
रायपुर, छत्तीसगढ़

महायुद्ध,सीजफायर और कूटनीतिक उलझनों के बीच वर्तमान वैश्विक परिदृश्य एक ऐसे त्रिशंकु की स्थिति को जन्म देता दिखाई दे रहा है। जिसमें न केवल क्षेत्रीय शक्तियां बल्कि वैश्विक महाशक्तियां भी उलझती नजर आ रही है। अमेरिका, इजरायल, ईरान और पाकिस्तान के बीच चल रहा यह तनाव अब केवल सीमित अमेरिका इजरायल और ईरान के मध्य नहीं रह गया यह युद्ध एक वैश्विक सामरिक आर्थिक और सामाजिक संकट को पैदा कर रहा है।यह महायुद्ध अविश्वास, रणनीतिक प्रतिस्पर्धा और कूटनीतिक विफलताओं का एक जटिल और बहुस्तरीय मानवता विरोधी संघर्ष बन चुका है।, हाल के घटनाक्रम में अमेरिका द्वारा प्रस्तावित सीजफायर को एक संभावित समाधान के रूप में देखा जा रहा था। जिसमें लेबनान को भी शामिल किया गया, इस प्रस्ताव को प्रारंभिक स्तर पर एक सकारात्मक पहल के रूप में देखा गया था क्योंकि इससे ऐसी उम्मीद जगी थी कि लगातार हो रही बमबारी और नागरिकों की मौतों पर कुछ हद तक विराम लग सकेगा।किंतु युद्ध के घटनाक्रम में ऐसी करवट ली जिससे उसने इस आशा को बहुत जल्दी निराशा में बदल दिया है और संकट की संभावनाओं को और भी जटिल तथा संघर्षपूर्ण बना दिया। सीजफायर लागू होने के बावजूद इजरायल द्वारा लेबनान पर लगातार हमले जारी करके हजारों इमारतों को ध्वस्त कर दिया है,यह स्पष्ट संकेत है कि युद्ध के मैदानी स्तर पर सैन्य रणनीति और कूटनीतिक घोषणाओं के बीच बड़ा गहरा भयानक परिणाम देने वाला अंतर मौजूद है, इस दौरान सैकड़ों निर्दोष नागरिकों की मौत से यह संघर्ष को केवल राजनीतिक या सैन्य मुद्दा नहीं रह गया है बल्कि इसे एक गहरे संवेदनशील मार्मिक मानवीय संकट में बदल दिया है। यह स्थिति अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानूनों की गंभीर अवहेलना को भी उजागर करती है और वैश्विक स्तर पर संस्थाओं की प्रभाव पर सवाल खड़े करती है। महायुद्ध में संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका लगभग प्रभावहीन है वैसे भी संयुक्त राष्ट्र संघ विगत कुछ वर्षों से निष्क्रिय सा दिखाई देने लगा है उसकी अपील पर बड़े और बाहुबली देश अब ध्यान देना बंद कर चुके हैं संयुक्त राष्ट्र संघ के अस्तित्व पर कई सवालिया निशान मौजूद हैं।अमेरिका की भूमिका इस पूरे परिदृश्य में अत्यंत जटिल विरोधाभासी और अविश्वसनीय दिखाई देती है। एक ओर वह स्वयं को शांति का पक्षधर और मध्यस्थ के रूप में प्रस्तुत कर के सीजफायर का प्रस्ताव रख क्षेत्र में स्थिरता की बात करता है, वहीं दूसरी ओर उसके सहयोगी इजरायल द्वारा उसी सीजफायर का उल्लंघन किए जाने पर उसकी प्रतिक्रिया अस्पष्ट नकारात्मक और कमजोर नजर आती है। इससे यह धारणा मजबूत होती है कि अमेरिका की नीतियां नैतिकता से अधिक रणनीतिक और व्यापारिक हितों से संचालित हो रही हैं, विशेष रूप से मध्य पूर्व में उसकी दीर्घकालिक रणनीति, ऊर्जा सुरक्षा और सामरिक प्रभुत्व की नीति इस पूरे घटनाक्रम को प्रभावित कर रही है। दूसरी तरफ ईरान इस संघर्ष में अपने पारंपरिक प्रतिरोधी रुख को और अधिक सुदृढ़ करता हुआ दिखाई देता है, वह न केवल इजरायल की कार्रवाइयों का खुलकर विरोध कर रहा है बल्कि क्षेत्रीय स्तर पर अपने प्रभाव को बनाए रखने और बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से प्रयासरत है। ईरान के लिए यह संघर्ष केवल सैन्य नहीं बल्कि वैचारिक और राजनीतिक भी है जिसमें वह स्वयं को क्षेत्रीय संतुलन का एक महत्वपूर्ण केंद्र मानता है। पाकिस्तान की स्थिति इस पूरे परिदृश्य में सबसे अधिक दुविधाजनक और जटिल बन गई है, उसने अमेरिका के संदेश को ईरान तक पहुंचाकर एक मध्यस्थ की भूमिका निभाने का प्रयास किया, यह प्रयास कूटनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण था क्योंकि इससे यह संकेत मिलता है कि पाकिस्तान क्षेत्रीय शांति प्रक्रिया में अपनी भूमिका स्थापित करना चाहता है, किंतु जब अमेरिका स्वयं अपने प्रस्ताव से पीछे हटता हुआ नजर आया और इजरायल ने सीजफायर का उल्लंघन जारी रखा, तब पाकिस्तान की स्थिति कमजोर पड़ गई है। वह न तो पूरी तरह अमेरिका के साथ खड़ा रह सका और न ही ईरान के साथ खुलकर अपनी स्थिति स्पष्ट कर पाया, परिणामस्वरूप वह एक त्रिशंकु बनकर युद्ध की विचित्र स्थिति में फंस गया है। जहां उसकी विश्वसनीयता और कूटनीतिक संतुलन दोनों पर संकट उत्पन्न हो गया है, पाकिस्तान के सामने यह चुनौती इसलिए भी गंभीर है क्योंकि उसे अपने पारंपरिक पश्चिमी सहयोगियों और इस्लामी विश्व के बीच संतुलन बनाए रखना पड़ता है। इस पूरे घटनाक्रम में लेबनान सबसे अधिक पीड़ित पक्ष के रूप में सामने आया है जहां आम नागरिकों ने इस संघर्ष की सबसे बड़ी कीमत चुकाई है। उसका बुनियादी ढांचा नष्ट हो चुका है, हजारों लोग विस्थापित हो गए हैं और मानवीय संकट दिन-प्रतिदिन गहराता जा रहा है।यह स्थिति वैश्विक समुदाय के लिए एक चेतावनी है कि यदि समय रहते प्रभावी और निष्पक्ष हस्तक्षेप नहीं किया गया तो यह संघर्ष व्यापक महायुद्ध का रूप ले सकता है।वर्तमान परिस्थितियां यह भी दशार्ती हैं कि वैश्विक राजनीति में शक्ति संतुलन तेजी से बदल रहा है और पारंपरिक गठबंधन अब पहले की तरह स्थिर नहीं रह गए हैं, अमेरिका की नीतिगत अस्थिरता, इजरायल की आक्रामक सैन्य रणनीति, ईरान की दृढ़ प्रतिरोध क्षमता और पाकिस्तान की असमंजसपूर्ण कूटनीति मिलकर एक ऐसे जटिल संकट को जन्म दे रही हैं जो न केवल मध्य पूर्व बल्कि वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। इसके साथ ही यह भी स्पष्ट होता जा रहा है कि आधुनिक युद्ध केवल हथियारों से नहीं बल्कि सूचना, कूटनीति और वैश्विक जनमत के स्तर पर भी लड़े जा रहे हैं। इस पूरे परिदृश्य में सबसे अधिक आवश्यकता एक ऐसे संतुलित, पारदर्शी और निष्पक्ष कूटनीतिक प्रयास की है जो केवल राजनीतिक और सामरिक हितों से प्रेरित न होकर मानवीय मूल्यों, अंतरराष्ट्रीय कानूनों और स्थायी शांति की अवधारणा पर आधारित हो, अन्यथा यह त्रिशंकु स्थिति केवल पाकिस्तान तक सीमित नहीं रहेगी बल्कि यह समूचे वैश्विक तंत्र को अस्थिरता, अविश्वास और संघर्ष की गहराई में धकेल सकती है।जहां से निकलना न केवल कठिन बल्कि अत्यंत महंगा भी साबित होगा। वैश्विक शांति स्थापना के लिए अन्य शक्तिशाली तथा वैचारिक क्षमता वाले देशों को बीच में आकर मध्यस्थ बनना होगा अन्यथा यह युद्ध महायुद्ध से आगे बढ़कर परमाणु युद्ध में परिवर्तित हो सकता है और मानवीय संवेदना और सामरिक आर्थिक और सामाजिक भीषण संकट पैदा कर सकता है जिसकी आज हम कल्पना भी नहीं कर सकते हैं।

# वीआईपी दर्शन के बढ़ते चलन में आम श्रद्धालु कहाँ खड़ा है

– डॉ. सत्यवान सौरभ



भारत जैसे देश में, जहाँ धर्म और आस्था केवल व्यक्तिगत विश्वास का विषय नहीं बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं, वहाँ मंदिरों और तीर्थ स्थलों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। ये स्थान सदियों से समानता, शांति, और आध्यात्मिक संतुलन के प्रतीक माने जाते रहे हैं। ह्लभगवान के दरबार में सब बराबर हैह्व—यह वाक्य केवल एक आदर्श नहीं, बल्कि भारतीय समाज की गहरी मान्यता रहा है। लेकिन बीते कुछ वर्षों में इस मान्यता पर प्रश्नचिह्न लगते दिखाई दे रहे हैं। देश के कई प्रमुख मंदिरों और तीर्थ स्थलों पर वीआईपी दर्शन, विशेष पूजन-अभिषेक और आरती के नाम पर भारी शुल्क वसूले जा रहे हैं। इन सेवाओं के बदले श्रद्धालुओं को लंबी कतारों से मुक्ति, कम समय में दर्शन, और अधिक सुविधाजनक अनुभव दिया जाता है। पहली नजर में यह व्यवस्था एक विकल्प के रूप में दिखाई देती है, लेकिन जब इसका असर आम श्रद्धालुओं के अनुभव पर पड़ता है, तब यह एक गंभीर सामाजिक समस्या बन जाती है।आज स्थिति यह है कि एक ओर वे लोग हैं जो अतिरिक्त पैसे देकर कुछ ही मिनटों में आराम से दर्शन कर लेते हैं, वहीं दूसरी ओर बड़ी संख्या में आम लोग घंटों, कभी-कभी पूरे दिन, कतारों में खड़े रहते हैं। इस दौरान उन्हें भीड़, धक्का-मुक्की, बदतमीजी और कई बार मारपीट जैसी स्थितियों का सामना करना पड़ता है। यह अनुभव केवल असुविधाजनक नहीं, बल्कि अपमानजनक भी होता है—विशेषकर तब जब व्यक्ति अपनी आस्था और श्रद्धा के साथ वहां पहुंचा हो।यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या आस्था भी अब एक ह्लप्रीमियम सेवाह्व बनती जा रही है? क्या भगवान के दर्शन के लिए भी आर्थिक स्थिति के आधार पर भेदभाव होना चाहिए? यह स्थिति केवल धार्मिक स्थलों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज में बढ़ती असमानता का प्रतिबिंब भी है। राशन की दुकानों से लेकर गैस सिलेंडर की लाइन तक, और अब मंदिरों तक—मिडल क्लास और आम आदमी के हिस्से में अक्सर अव्यवस्था और संघर्ष ही आता है।वीआईपी संस्कृति के पक्ष में तर्क दिया जाता है कि इससे मंदिरों को अतिरिक्त राजस्व मिलता है, जिससे उनकी व्यवस्था और सुविधाओं को बेहतर बनाया जा सकता है। यह तर्क कुछ हद तक सही भी है। बड़े मंदिरों में रोजाना लाखों श्रद्धालु आते हैं, जिनकी व्यवस्था करना आसान नहीं होता। ऐसे में यदि कुछ लोग अतिरिक्त शुल्क देकर अलग व्यवस्था चाहते हैं, तो उससे प्राप्त धन का उपयोग सार्वजनिक सुविधाओं में किया जा सकता है। लेकिन समस्या तब उत्पन्न होती है जब यह व्यवस्था असंतुलित हो जाती है। जब वीआईपी सुविधाएं इतनी अधिक हो जाती हैं कि आम श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध संसाधन और समय कम पड़ने लगते हैं, तब यह एक प्रकार का अन्याय बन जाता है। कई बार देखा गया है कि वीआईपी दर्शन के लिए सामान्य कतारों को रोका जाता है, जिससे आम लोगों का इंतजार और बढ़ जाता है। इससे असंतोष और आक्रोश पैदा होना स्वाभाविक है।इसके अलावा, मंदिरों में कार्यरत कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों का व्यवहार भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। कई मामलों में आम श्रद्धालुओं के साथ कठोर और अपमानजनक व्यवहार किया जाता है, जबकि वीआईपी लोगों के साथ अत्यधिक विनम्रता दिखाई जाती है। यह दोहरा व्यवहार समाज में पहले से मौजूद वर्ग विभाजन को और गहरा करता है।

धार्मिक स्थलों की मूल भावना पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। मंदिर केवल पूजा का स्थान नहीं होते, बल्कि वे मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन के केंद्र होते हैं। जब वहां पहुंचने वाला व्यक्ति अव्यवस्था, भीड़ और भेदभाव का सामना करता है, तो उसकी आध्यात्मिक अनुभूति प्रभावित होती है। यह अनुभव उसे निराश और हताश कर सकता है।

इस समस्या का समाधान आसान नहीं है, लेकिन असंभव भी नहीं। सबसे पहले, मंदिर प्रशासन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वीआईपी सेवाओं की संख्या और प्रभाव सीमित रहे। इन सेवाओं का उद्देश्य केवल अतिरिक्त सुविधा प्रदान करना होना चाहिए, न कि आम श्रद्धालुओं के अधिकारों को कम करना। दूसरा, भीड़ प्रबंधन के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा सकता है। ऑनलाइन बुकिंग, टाइम स्लॉट सिस्टम, और डिजिटल कतार प्रबंधन जैसे उपायों से भीड़ को बेहतर तरीके से नियंत्रित किया जा सकता है। इससे सभी श्रद्धालुओं को एक व्यवस्थित और सम्मानजनक अनुभव मिल सकता है। तीसरा, कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों को संवेदनशीलता और शिष्टाचार का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। हर श्रद्धालु, चाहे वह वीआईपी हो या आम व्यक्ति, सम्मान का पात्र है। यह भावना केवल नीतियों में नहीं, बल्कि व्यवहार में भी दिखाई देनी चाहिए। चौथा, सरकार और संबंधित ट्रस्टों को इस मुद्दे पर स्पष्ट दिशा-निर्देश बनाने चाहिए। धार्मिक स्थलों पर समानता और पारदर्शिता सुनिश्चित करना केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि नैतिक जिम्मेदारी भी है।अंततः, यह भी जरूरी है कि समाज स्वयं इस मुद्दे पर जागरूक हो। जब तक लोग इस असमानता को सामान्य मानते रहेंगे, तब तक इसमें बदलाव आना कठिन है। आस्था का अर्थ केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि समानता, करुणा और न्याय जैसे मूल्यों को अपनाना भी है।आज समय आ गया है कि हम यह सोचें कि हम किस दिशा में जा रहे हैं। क्या हम ऐसे समाज की ओर बढ़ रहे हैं जहाँ भगवान के दर्शन भी पैसे और पहुँच के आधार पर तय होंगे? या हम उस मूल भावना को बचाए रखेंगे, जिसमें हर व्यक्ति को समान अधिकार और सम्मान प्राप्त हो? मंदिरों की पवित्रता केवल उनकी भव्यता या व्यवस्था से नहीं, बल्कि वहां मिलने वाले अनुभव से तय होती है। यदि वह अनुभव भेदभाव और असमानता से भरा होगा, तो आस्था की नींव कमजोर पड़ जाएगी। इसलिए यह जरूरी है कि हम इस मुद्दे को गंभीरता से लें और मिलकर एक ऐसा वातावरण बनाएं, जहाँ हर श्रद्धालु को यह महसूस हो कि वह वास्तव में भगवान के दरबार में है—जहाँ सब बराबर हैं।

# आज की नारी सब पर भारी

(रवीन्द्र कुमार रतन, सेनानी-सदन)
हाजीपुर, बैशाली, बिहार

आज की नारी सब पर भारी,
बढ़ती आगे लेकर जिम्मेदारी।
ज्ञान-विज्ञान में ऊँची उड़ान,
हर क्षेत्र में करती पहचान।
साहस, शक्ति की है वह मूरत,
संघर्षों से गढ़ती अपनी सूरत।
घर-आँगन से लेकर आकाश,
हर सीमा को करती वह पार।
न्याय, अधिकार की रखवाली,
बनती अब अपनी खुद की लाली।
सम्मान, स्वाभिमान है प्यारी,
आज की नारी सबसे न्यारी।
धैर्य-दीप से पथ आलोकित,
संकट में भी मन अविचलित।
करुणा, ममता का सागर गहरा,
नव-सृजन का रचती चेहरा।
बंधन तोड़ रचती इतिहास,
स्वावलंबन से पाती विश्वास।
अन्यायों से लेती टक्कर,
सत्य-पथ पर बढ़ती हंसकर।
संस्कारों की ज्योति जलाती,
नवयुग का संदेश सुनाती।
विजय-ध्वजा हर ओर फहराए,
नारी शक्ति जग को बतलाए।
आज की नारी सब पर भारी ,
बढ़ती आगे लेकर जिम्मेदारी ।



प्रकाशक, संपादक, मुद्रक रूपेश कुमार सिंह, रैप एक्सप्रर्टस प्राइवेट लिमिटेड पटना द्वारा, कॉमी तंजीम पब्लिसर्स प्रा. लिमिटेड, अमीन मंजिल, सब्जीबाग, पटना-८०००04 से मुद्रित। ज्योति प्रकाश भवन, जकरियापुर एसएफसी कॉलोनी, जीरो माइल गंगा पेट्रोल पंप के नजदीक, पटना से प्रकाशित। संपर्क सूत्र : 9835055017 / 7004145686, RNI NO—BIHHIN/2021/85413

## संक्षिप्त खबरें

### स्वर्ण व्यवसायियों व सीएसपी संचालकों के साथ पुलिस की बैठक, सुरक्षा पर दिए निर्देश

**चौथी वाणी /एकमा (सारण)।** जिले के एकमा थाना परिसर में थानाध्यक्ष रामबालक यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार की शाम स्वर्ण व्यवसायियों और



सीएसपी संचालकों के साथ सुरक्षा को लेकर एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में एकमा, परसागढ़ बाजार सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के स्वर्ण व्यवसायी और सीएसपी संचालक शामिल हुए। इस दौरान बढ़ रही चोरी और लूट की घटनाओं की रोकथाम को लेकर विचार-विमर्श किया गया और कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। थानाध्यक्ष रामबालक यादव ने कहा कि व्यवसायियों की सजगता से बड़ी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है। उन्होंने दुकानों और केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि रात्रि में दुकान बंद करने के बाद ताले की जांच अवश्य करें। वहीं सीएसपी संचालकों से कहा गया कि बैंक से बड़ी राशि लाने-ले जाने के दौरान पुलिस को सूचित करें। ताकि सुरक्षा उपलब्ध कराई जा सके। बैठक में मनोज सोनी, जयप्रकाश स्वर्णकार, सुदर्शन प्रसाद, अजय ब्याहुत, वीरेंद्र प्रसाद, ओमप्रकाश सोनी, तारकेश्वर प्रसाद, देव कुमार शर्मा, अभिषेक कुमार मिश्रा, अनिल पंडित समेत कई इलोग मौजूद रहे।

### सड़क पर अचानक आए वृद्ध को बचाने के दौरान बाइक फिसलने से रसूलपुर थाने में योगदान देने आ रहे एसआई घायल, सदर अस्पताल रेफर

**चौथी वाणी/एकमा/मांझी (सारण)।** रसूलपुर थाना में योगदान देने आ रहे एक पुलिस अवर निरीक्षक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। यह दुर्घटना छपरा-सिवान नेशनल हाईवे 531 पर दाउदपुर बाजार में उस समय हुई जब एक वृद्ध व्यक्ति सड़क पर अचानक सामने आ गया। बताया गया है कि वृद्ध आदमी को बचाने के प्रयास में एसआई की बाइक असंतुलित होकर फिसल गई, जिससे वह गिरकर घायल हो गए। घायल की पहचान रौशन कुमार (28), पिता नागेंद्र शर्मा के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही रसूलपुर थानाध्यक्ष प्रिंस राज मौके पर पहुंचे और घायल को तुरंत एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार हेतु लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. गुंजन कुमार ने बताया कि प्राथमिक उपचार किया। स्थिति गंभीर होने के कारण बेहतर इलाज के लिए उन्हें छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### ट्रेन से कटकर अज्ञात वृद्ध की मौत, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया

**चौथी वाणी/एकमा (सारण)।** पूर्वोत्तर रेलवे के छपराझसीवान रेल खंड पर स्थित एकमा रेलवे स्टेशन के पश्चिम आमडाढ़ी रेलवे ओवरब्रिज के नीचे एक अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से करीब 52 वर्षीय एक अज्ञात वृद्ध की मौत हो



गई। बताया जाता है कि मृतक मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत हो रहा था। घटना की सूचना मिलते ही एकमा स्टेशन की जीआरपी, आरपीएफ के अलावा एकमा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया। एकमा थानाध्यक्ष रामबालक यादव ने बताया कि मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### रोहतास समाहरणालय में जनता दरबार, 40 आवेदनों पर कार्रवाई के निर्देश

**सासाराम संवाददाता (चौथी वाणी)।** रोहतास समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में शुक्रवार को जिला पदाधिकारी उदिता सिंह के निर्देश पर ह्यसबका सम्मान-जीवन आसानह्ल कार्यक्रम के तहत अपर समाहर्ता-सह-अपर



जिला दंडाधिकारी भूषण रंजन द्वारा जिला जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में कुल 40 आवेदकों ने अपनी शिकायतें एवं आवेदन प्रस्तुत किए। अनीता कुमारी ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय अलीगंज में रसोइया पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन दिया, जिसे जिला शिक्षा पदाधिकारी को भेजा गया। वहीं संदीप आनंद ने न्यायमित्र पद पर चयन के बाद सरपंच द्वारा सहमति पत्र पर हस्ताक्षर नहीं करने की शिकायत की, जिसे जिला पंचायती राज पदाधिकारी को तत्काल कार्रवाई के लिए अग्रसारित किया गया। इसके अलावा राधेश्याम राम ने शिक्षा सेवक पद पर नियुक्ति की मांग रखी, जबकि धर्मेंद्र कुमार सिंह ने गेहूं की फसल को नुकसान से बचाने को लेकर शिकायत दर्ज कराई। सभी मामलों की जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। अन्य सभी आवेदनों को भी संबंधित विभागों को भेजते हुए शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया गया।

### तुम्बा गांव में नवविवाहिता की संदिग्ध मौत, पति गिरफ्तार

**रोहतास संवाददाता (चौथी वाणी)।** रोहतास थाना क्षेत्र के तुम्बा गांव में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान अमरेशा कुमारी के रूप में हुई है। मृतका के मायके वालों ने पति पर गला घोंटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि अमरेशा कुमारी की शादी करीब एक वर्ष पूर्व इंद्रजीत कुमार के साथ हुई थी और परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही उसे ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ित किया जाने लगा था। और मारपीट व जान से मारने की धमकी दी जाती थी। शुक्रवार को दोपहर में घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में आक्रोश फैल गया और उनका रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं उनका कहना है कि घटना के दिन भी पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था, जिसके बाद यह घटना हुई और उन्होंने पति को ही मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया है।

# मॉडल स्कूलों में कक्षा 9 में नामांकन को लेकर सारण डीईओ ने पत्र जारी कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**चौथी वाणी/ छपरा (सारण)।** जिले के सभी प्रखंडों में एक-एक मॉडल स्कूल को बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी योजना के तहत चयनित किया गया है। इसी क्रम में सारण जिले के एकम स्थित अलख नारायण सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय को भी मॉडल स्कूल के रूप में चयनित किया गया है। इन स्कूलों में नामांकन प्रक्रिया को लेकर विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों में उत्सुकता बनी हुई थी। शुक्रवार को सारण जिला शिक्षा पदाधिकारी निशांत किरण द्वारा एकमा सहित जिला भर के इस मॉडल विद्यालयों में कक्षा 9 में नामांकन को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं। जारी पत्र के अनुसार, प्रत्येक प्रखंड



में स्थापित मॉडल विद्यालयों में नामांकन की प्रक्रिया जारी है। निर्देश दिया गया है कि मॉडल स्कूलों में कक्षा 9 में नामांकन केवल उन्हीं छात्र-छात्राओं का किया जाएगा, जो ठटटर (नेशनल मीन्स-कम-मेरिट स्कॉलरशिप) परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं, मॉडल विद्यालय के पोषक क्षेत्र में स्थित अन्य विद्यालयों के आठवीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं का नामांकन नजदीकी माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कराया जाएगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी संबंधित प्रधानाध्यापकों एवं प्रभारी प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया है कि वे उक्त आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करें और नामांकन प्रक्रिया को समय पर पूर्ण करें।

## किसानश्री हीरा राय के खेत पहुंचे उप निदेशक, किया फसल कटनी प्रयोग का निरीक्षण

**हाजीपुर (चौथी वाणी)।** बिहार राज्य फसल सहायता योजना के तहत गेहूं फसल के कटनी प्रयोग का निरीक्षण उप निदेशक (सांख्यिकी), तिरहुत प्रमंडल श्री शशि भूषण द्वारा प्रखंड गोरौल के कटरमाला पंचायत स्थित कटरमाला गांव में किया गया। निरीक्षण के दौरान वे स्वयं किसानश्री हीरा राय के खेत पहुंचे और हंसुआ लेकर फसल की कटनी भी की।गौरतलब है कि फसल कटनी प्रयोग उत्पादन एवं उपज दर के आकलन के लिए



अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। इस प्रक्रिया में संभाविक रैंडम पद्धति से प्लॉट का चयन किया जाता है। चयनित प्लॉट का आकार 10 मीटर लंबा और 5 मीटर चौड़ा, यानी कुल 50 वर्ग मीटर निर्धारित किया जाता है।इस प्रयोग के तहत 50 वर्ग मीटर क्षेत्र में कटनी के दौरान कुल 17 किलो 650 ग्राम गेहूं की उपज दर्ज की गई। कटनी प्रयोग का संचालन गोरौल के डाटा एंट्री ऑपरेटर मधुसूदन द्वारा किया गया, जिनकी कार्यकुशलता से उप निदेशक काफी प्रभावित हुए।इस अवसर पर सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी शिवानंद भारती, प्रखंड कृषि पदाधिकारी शिवजी पासवान, किसान सलाहकार मुकेश कुमार, मो. जहांगीर अशरफ (डाटा एंट्री ऑपरेटर, देसरी), धीरज कुमार (डाटा एंट्री ऑपरेटर, पटेढ़ी बेलसर), राजकुमार शरण एवं कमलेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।ठि६२13

## पथ निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता को विश्वकर्मा पुरस्कार

**हाजीपुर(चौथी वाणी)।** आपदा रोधी एवं पर्यावरण के अनुकूल समाज निर्माण को कृतसंकल्पित तथा विज्ञान एवं तकनीक के विभिन्न पहलुओं को समाज के अन्तिम पंक्ति के लोगों तक पहुंचाने को कटिबद्ध पथ निर्माण विभाग , बिहार के अधीक्षण अभियंता , बिहार अभियन्त्रण सेवा संघ के पूर्व महासचिव एवं इण्डियन इन्जीनियर्स फेडरेशन (पूर्व) के पूर्व उपाध्यक्ष डा सुनील कुमार चौधरी को विश्वकर्मा पुरस्कार से नवाजा गया है। यह पुरस्कार उन्हे निर्माण ,बुनियादी ढांचा विकास, पर्यावरण एवं आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उनके शानदार योगदान के लिए डा अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर,15,जनपथ,नई दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में दिया गया । उन्हें यह पुरस्कार 'पब्लिक ऑफिसर' (सार्वजनिक अधिकारी) श्रेणी में उत्कृष्ट कार्यो के लिए दिया गया है ।उन्होंने भवन निर्माण, सड़क, पुल, आपदा प्रबंधन से जुड़े प्रमुख परियोजनाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

यह पुरस्कार निर्माण उद्योग , पर्यावरण एवं आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उनके नेतृत्व और दूरदर्शिता को मान्यता देता है।कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री




डेवलपमेंट काउंसिल द्वारा दिया जाने वाला 'विश्वकर्मा पुरस्कार' भारत के निर्माण और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में सबसे प्रतिष्ठित सम्मानों में से एक है।कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री डेवलपमेंट काउंसिल ( भारत में निर्माण गतिविधियों को पेशेवर बनाने और उनकी गुणवत्ता सुधारने के लिए योजना आयोग (अब नीति आयोग) द्वारा स्थापित एक सर्वोच्च संस्था है जो निर्माण क्षेत्र में कौशल विकास, तकनीकी उन्नयन और नीति निर्धारण में मदद करती है।डा, चौधरी ने भवन,सड़क एवं पुल के भूकंप रोधी छमता बढ़ाने, पर्यावरण के अनुकूल तकनीक को अपनाकर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने तथा आपदा प्रबंधन के क्षेत्र मे अनेको अभिनव कार्य किये है जो समाज,राज्य एवं देश के विकास मे महत्वपूर्ण योगदान अदा कर सकता है।अवार्ड मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए डा चौधरी ने कहा कि यह अवार्ड मुझे आपदारोधी समाज एवं आत्म निर्भर बिहार के निर्माण की दिशा में सार्थक प्रयास करने हेतु प्रेरित करेगा। डा चौधरी अन्तरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के तकनीकी एवं सामाजिक संगठनों से जुड़कर भूकंप एवं उससे निपटने के लिए डिजास्टर रेजिलिएन्ट एवं कौस्ट इफेक्टिव टेक्नोलॉजी को समाज के अन्तिम पंक्ति के लोगों तक पहुंचाने का काम करते रहे हैं ।

## एकमा के निजी क्लिनिक में महिला कर्मी से दुष्कर्म का आरोप, महिला थानाध्यक्ष के साथ एफएसएल टीम ने पहुंचकर की जांच-पड़ताल

**चौथी वाणी/छपरा (सारण)।** जिले के एकमा थाना क्षेत्र में ब्लॉक रोड एकमा स्थित एक निजी क्लिनिक में कार्यरत महिला स्वास्थ्य कर्मी के साथ चिकित्सक द्वारा दुष्कर्म और मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता ने इस संबंध में छपरा महिला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

प्राथमिकी दर्ज होने के बाद महिला थानाध्यक्ष नेहा कुमारी शुक्रवार को एफएसएल टीम के साथ एकमा पहुंचीं और संबंधित आशीर्वाद सेवा सदन नामक निजी क्लिनिक में पहुंचकर जांच-पड़ताल की। इस दौरान टीम ने साक्ष्य जुटाने के लिए आवश्यक नमूने भी एकत्र किए। पीड़िता के अनुसार वह 15 दिसंबर 2025 से क्लिनिक में कार्यरत थी। आरोप है कि एक रात क्लिनिक संचालक सह चिकित्सक



उसके कमरे में पहुंचे और जबरन दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने अपने एक स्टाफ के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की और उसे वहां से जाने को कहा। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि उसका तीन महीने का मानदेय राशि भी नहीं दिया गया है। घटना से आहत होकर पीड़िता ने 8 अप्रैल को महिला थाना में मामला दर्ज कराया। इस संबंध में महिला थानाध्यक्ष नेहा कुमारी ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। आरोपी चिकित्सक और उसका सहयोगी फिलहाल फरार बताए जा रहे हैं।

### वैशाली प्रखण्ड क्षेत्र में स्वर्ण व्यशायी के साथ लूट

**हाजीपुर (चौथी वाणी)** वैशाली थाना क्षेत्र के मदरना पुरानी बाजार में एक स्वर्ण व्यवसायी के साथ लूट की घटना सामने आई है। शुक्रवार शाम करीब 7:15 बजे अज्ञात अपराधियों ने बाइक की डिक्की से लगभग तीन लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण उड़ा लिए।मिली जानकारी के अनुसार, स्वर्ण व्यवसायी राजू साह अपनी दुकान ह्लआईशा ज्वेलर्सह्व बंद कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने एक थैले में रखे सोने-चांदी के आभूषण बाइक की डिक्की में रख



दिए, लेकिन डिक्की को लॉक नहीं किया। जब वे शटर में ताला लगा रहे थे, तभी पहले से घात लगाए एक अपराधी ने मौके का फायदा उठाकर डिक्की से आभूषणों से भरा थैला निकाल लिया।इसके बाद आरोपी पास ही खड़े अपने साथी के साथ, जो उजले रंग की अपाचे बाइक पर तैयार था, बैठकर तेजी से मदरना चौक की ओर फरार हो गया। घटना का पता चलते ही राजू साह ने शोर मचाया, जिससे आसपास लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत वैशाली थाना और डायल 112 को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी। दुकानदार राजू साह के अनुसार, चोरी हुए थैले में करीब तीन लाख रुपये के सोने और चांदी के आभूषण थे।थानाध्यक्ष राजकुमार ने बताया कि अब तक दुकानदार की ओर से कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन मिलने के बाद ही क्षति का सही आकलन कर प्राथमिकी दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### एआईएमआईएम ने सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से नाजीर हुसैन को बनाया प्रत्याशी

**चौथी वाणी/मशरक (सारण)।** मशरक के स्टेशन रोड स्थित कार्यालय में एआईएमआईएम की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र-03 से एमएलसी चुनाव के लिए उम्मीदवार की घोषणा की गई। पार्टी के प्रदेश सचिव अखिलेश्वर प्रसाद सिंह ने बताया कि काबिलियत और संघर्षशील छवि को देखते हुए प्रो. नाजीर हुसैन को उम्मीदवार बनाया गया है। वे मशरक महाविद्यालय में प्रोफेसर हैं और नवादा गांव के निवासी हैं। उन्होंने कहा कि नाजीर हुसैन शिक्षकों और समाज के बीच लोकप्रिय हैं तथा उनकी छवि साफ-सुथरी है। वे एक साहित्यकार भी हैं और उनकी पुस्तक नग्मात समेत अब तक तीन किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं। उम्मीदवार बनाए जाने पर नाजीर हुसैन ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यदि शिक्षक मतदाता उन्हें मौका देते हैं तो वे ईमानदार नेतृत्व प्रदान करेंगे।

### बीईओ ने निजी स्कूलों का किया निरीक्षण, सुरक्षा व व्यवस्था पर दिए निर्देश

**चौथी वाणी/मशरक (सारण)।** प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी आफताब आलम ने प्रखंड के विभिन्न निजी विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान जेएन पब्लिक स्कूल बंगरा, आरएसएस पब्लिक स्कूल सपही सहित अन्य स्कूलों में नामांकन और पठन-पाठन व्यवस्था की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूल प्रबंधन को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों की सुरक्षा और उनके भविष्य के साथ किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विद्यालयों को निर्देशित किया कि छात्र-छात्राओं के आवागमन के लिए सुरक्षित वाहन और पंजीकृत चालकों का ही उपयोग किया जाए।

### रसूलपुर में हुए सड़क हादसे में दो बाइक सवार घायल, सदर अस्पताल छपरा रेफर

**चौथी वाणी/एकमा/रसूलपुर (सारण)।** एकमा पुलिस अंचल के रसूलपुर थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया है कि रसूलपुर थाना क्षेत्र में रसूलपुर-चैनपुर सड़क पर तेज रफ्तार के कारण यह हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलते ही रसूलपुर थाना की 112 टीम मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. सुशील प्रसाद ने प्राथमिक उपचार किया। घायलों की स्थिति गंभीर होने के कारण बेहतर इलाज के लिए दोनों को छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## नवागत थानाध्यक्ष ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ की बैठक, अपराध नियंत्रण व सड़क सुरक्षा पर जोर

**चौथी वाणी/मशरक (सारण)।** मशरक थाना परिसर में क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था और विधि- व्यवस्था को लेकर थानाध्यक्ष अश्विनी कुमार तिवारी की अध्यक्षता में पंचायत प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पंचायत चेयरमैन सोहन महतों,उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अमित सिंह, वार्ड पार्षद राजेश तिवारी, सिकंदर महतों,बंटी राय समेत अन्य मौजूद रहें। वहीं बीते दिनों पहले भी विभिन्न पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य व अन्य जनप्रतिनिधि की मौजूदगी में भी बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान थानाध्यक्ष ने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति, अपराध नियंत्रण और जनसहयोग से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि चोरी और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से अपील किया की वे पुलिस प्रशासन का सहयोग करें तथा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं।साथ ही अभिभावकों से कहा कि नाबालिगों को बाइक न दें और बिना हेलमेट व आवश्यक कागजात के वाहन चलाने से बचें। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए लगातार सख्ती बरती जाएगी। बैठक में जन प्रतिनिधियों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को पुलिस के समक्ष रखा। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि जिन मामलों का समाधान स्थानीय स्तर पर संभव है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निष्पादित किया जाए। बैठक में पुलिस-पब्लिक समन्वय को मजबूत करने और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। वहीं उन्होंने स्वर्ण व्यापारियों के साथ भी बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में ज्वेलरी दुकानों को लेकर अपराधियों की नजर अधिक रहती है, इसलिए सतर्कता और आधुनिक सुरक्षा उपायों को अपनाना बेहद जरूरी है।उन्होंने दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे, अलार्म सिस्टम और मजबूत ताले लगाने की सलाह दी, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत नजर रखी जा सके। इसके साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सभी दुकानदार अपने कर्मचारियों का पूरा सत्यापन कराएं और अजनबी व्यक्तियों पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। उन्होंने पुलिस की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया। बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि थाना क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जाएगी और संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने दुकानदारों से पुलिस के साथ समन्वय बनाए रखने की अपील की और कहा कि सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने में सभी की सहभागिता जरूरी है।

### ज्ञान भारतम मिशन के तहत पांडुलिपियों के संकलन व डिजिटलीकरण की अपील

**चौथी वाणी/छपरा (सारण)।** सारण जिला प्रशासन द्वारा केंद्र सरकार की योजना ह्यज्ञान भारतमह्ल के तहत जिले की प्राचीन पांडुलिपियों के संकलन और डिजिटलीकरण के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। जिला पदाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने नागरिकों, धार्मिक संस्थाओं और प्रबुद्ध वर्ग से इस अभियान में सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्राचीन पांडुलिपियां हमारी बौद्धिक विरासत हैं, जिन्हें सुरक्षित रखना आवश्यक है। इस मिशन के तहत पुराने पुस्तकालयों, संग्रहालयों, धार्मिक स्थलों, राजसी अभिलेखागारों और शैक्षणिक संस्थानों से पांडुलिपियों को चिन्हित कर डिजिटल रूप में संरक्षित किया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पांडुलिपियों का स्वामित्व संबंधित व्यक्तियों के पास ही रहेगा, केवल उनका वैज्ञानिक तरीके से डिजिटलीकरण किया जाएगा। जिलाधिकारी ने चिरांद में एक हस्तलिखित रचना का अवलोकन किया, वहीं उपविकास आयुक्त लक्ष्मण तिवारी ने कुतुबपुर दियारा में भिखारी ठाकुर से जुड़े दस्तावेजों का निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# जर्जर सड़क बनी हादसों की वजह, लोगों ने जिलाधिकारी से समाधान की मांग की

**चौथी वाणी सुपौल राघोपुर संवाददाता/** सुपौल जिले के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत सिमराही बाजार स्थित हॉस्पिटल रोड से एनएच-131 करजाइन रोड को जोड़ने वाली मुख्य सड़क की हालत अत्यंत जर्जर हो गई है। सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे, उखड़ी हुई परत और जलभराव के कारण यह मार्ग हादसों का केंद्र बनता जा रहा है। स्थानीय लोगों और राहगीरों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने में भी गंभीर दिक्कतें हो रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार यह सड़क इलाके की एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है, जिससे होकर प्रतिदिन सैकड़ों लोग गुजरते हैं। लेकिन खराब हालत के कारण हर दूसरे दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। विशेषकर बारिश के दिनों में गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क और अधिक खतरनाक हो जाती है। वाहन चालकों को गड्ढों का अंदाजा नहीं लग पाता और वे दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। कई बाइक सवार और छोटे वाहन चालक घायल भी हो चुके हैं। इस गंभीर समस्या को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। काशी प्रसाद गुप्ता, छोटे लाल साह, मंटु साह, मयंक गुप्ता, सुशील यादव, मोहम्मद असलम, डॉ. जब्बार, डॉ. नितिश झा, मोहम्मद हजरत, मोहम्मद हासिम और मोहम्मद मुस्तकिम समेत दर्जनों लोगों ने जिलाधिकारी सुपौल से सड़क की जल्द मरम्मत कराने की मांग की है। लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। वहीं, आरडब्ल्यूडी वीरपुर के सहायक अभियंता मणिकांत कुमार यादव ने बताया कि सड़क निर्माण को लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और जल्द ही यहां पीसीसी सड़क का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए रि-साइन कर दिया गया है और कार्य शीघ्र प्रारंभ होने की उम्मीद है। अब स्थानीय लोगों की नजर प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी है, ताकि इस जर्जर सड़क से राहत मिल सके और लगातार हो रहे हादसों पर रोक लगाई जा सके।



## संक्षिप्त खबरें

### नाद विद्यालय में डिजिटल पहल, 55 इंच एलईडी से बदलेगा पढ़ाई का तरीका

**बिक्रमगंज संवाददाता (चौथी वाणी)।** काराकाट प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय नाद में शिक्षा का नया अध्याय शुरू हो गया है। अब छात्र-छात्राएं डिजिटल स्क्रीन के माध्यम से पढ़ाई के साथ-साथ व्यावसायिक कौशल भी सीखेंगे। गेटवे कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पटना की ओर से विद्यालय की व्यावसायिक शिक्षिका सोनम कुमारी को 55 इंच का एलईडी टीवी उपलब्ध कराया गया। प्रखंड प्रमुख नारायण पासवान ने जिला कोऑर्डिनेटर आकाश पासवान की उपस्थिति में औपचारिक रूप से टीवी विद्यालय को सौंपा। प्रधानाध्यापक सिकंदर पासवान ने कहा कि दृश्य-श्रव्य माध्यम से पढ़ाई होने से बच्चों की समझ और रुचि दोनों बढ़ेगी। शिक्षकों ने इसे ग्रामीण शिक्षा के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। नई तकनीक मिलने से बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। यह पहल विद्यालय को आधुनिक शिक्षा की ओर नई पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाएगी।



### कटनी के दौरान आग पर सख्ती: बिना परमिट हार्वेस्टर-रीपर पर रोक

**बिक्रमगंज संवाददाता (चौथी वाणी)।** अनुमंडल क्षेत्र में गेहूं कटनी के दौरान लगातार हो रही आगजनी की घटनाओं को देखते हुए एसडीएम प्रभात कुमार ने सख्त निषेधाज्ञा लागू कर दी है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-152 के तहत जारी आदेश में हार्वेस्टर और रीपर मशीनों के संचालन पर कड़े निर्देश दिए गए हैं। आदेश के अनुसार अब बिना जिला कृषि पदाधिकारी, रोहतास से अनुमति लिए हार्वेस्टर व रीपर मशीन का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। फसल कटाई के दौरान मशीन के साथ दो ड्रम पानी और दो बाल्टी रखना अनिवार्य किया गया है, ताकि आग लगने पर तत्काल नियंत्रण किया जा सके। एसडीएम ने निर्देश दिया है कि मशीन मालिक कटाई से पहले संबंधित प्रखंड कृषि पदाधिकारी को सूचना दें। वहीं अधिकारियों को बिना अनुमति चल रहे मशीनों को जब्त कर प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया गया है। साथ ही आग लगने की सूचना पर कृषि विभाग को अग्निशमन विभाग के साथ समन्वय कर त्वरित कार्रवाई और फसल क्षति का आकलन कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है। यह आदेश 10 अप्रैल 2026 से प्रभावी कर दिया गया है।



### नगर निगम क्षेत्र में अतिक्रमण अभियान चलाया गया

**आरा** – जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के निदेर्शानुसार आज आरा नगर निगम क्षेत्र में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत नगर निगम, प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न प्रमुख सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। अभियान के दौरान सड़क किनारे अवैध रूप से अस्थायी निमार्णों को हटाते हुए यातायात को सुचारू बनाने का प्रयास किया गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर अधिकारियों ने अतिक्रमणकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए पुनः अतिक्रमण नहीं करने का निर्देश दिया। साथ ही, संबंधित पदाधिकारियों को नियमित रूप से निगरानी करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि शहर में यातायात व्यवस्था बेहतर बनी रहे और आम लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### चैता बहोरी में पुलिस का छापा, 55 लीटर महुआ शराब जब्त; धंधेबाज फरार

**संझौली संवाददाता (चौथी वाणी)।** अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई तेज करते हुए स्थानीय पुलिस ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र के चैता बहोरी गांव में छापेमारी कर करीब 55 लीटर महुआ देशी शराब बरामद की। थानाध्यक्ष पूनम कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में पुलिस टीम के पहुंचते ही धंधेबाज चंदन कुमार (पिता कृष्णा सिंह) मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके से शराब जब्त कर ली है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी शुरू कर दी है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध शराब के धंधे में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



### कोचस विद्युत विभाग में संविदा नौकरी के नाम पर बड़ा फजीवार्ड़ा, दो युवकों से लाखों की ठगी

**कोचस संवाददाता (चौथी वाणी)।** नगर पंचायत कोचस सहित आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। ताजा मामले में ठगों ने विद्युत विभाग में संविदा पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर दो युवकों से लाखों रुपये ठग लिए और उन्हें फर्जी जॉइनिंग लेटर थमा दिया। मिली जानकारी के अनुसार, ठगी के शिकार हुए दोनों युवकों में एक परसथूआ बाजार का निवासी है, जबकि दूसरा मुखराव पंचायत का रहने वाला बताया जाता है। ठगों ने खुद को ह्लआराध्या इंटरप्राइजेज लिमिटेड, पटनाह्व से जुड़ा बताते हुए विद्युत विभाग, कोचस में संविदा पर नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया। इसके एवज में दोनों युवकों से लाखों रुपये वसूल किए गए। इसके बाद ठगों द्वारा मोबाइल के माध्यम से जॉइनिंग लेटर की फोटो भेजी गई और शुक्रवार को विद्युत आपूर्ति शाखा, कोचस में योगदान करने का निर्देश दिया गया। लेटर में सहायक विद्युत अभियंता, कोचस के अधीन ह्ललिपिकह्व पद पर संविदा के आधार पर नियुक्ति का उल्लेख किया गया था, जिसमें 26 मार्च 2026 की तिथि अंकित थी। शुक्रवार को जब दोनों युवक विद्युत विभाग पहुंचे और संबंधित पत्र अधिकारियों को दिखाया, तो जांच में वह पूरी तरह फर्जी निकला। विभागीय अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार की कोई नियुक्ति प्रक्रिया उनके स्तर से नहीं की गई है। घटना के बाद पीड़ित युवकों को ठगी का एहसास हुआ। इधर, नगर पंचायत कोचस व आसपास के बाजारों में यह मामला तेजी से चर्चा का विषय बन गया है। लोगों में इस बात को लेकर चिंता है कि नौकरी के नाम पर ठग किस तेजी से युवाओं को निशाना बना रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से ऐसे फजीवार्ड़ा करने वाले गिरोहों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## सिमराही नगर पंचायत में 2.49 करोड़ की खरीद पर घोटाले के आरोप, आरटीआई कार्यकर्ता ने उठाए गंभीर सवाल



**चौथी वाणी सुपौल संवाददाता/** सुपौलः नगर पंचायत सिमराही में विकास कार्यों के नाम पर बड़े पैमाने पर अनियमितता और कमीशनखोरी के आरोप सामने आए हैं। आरटीआई कार्यकर्ता सह जन सुराज नेता अनिल कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता कर खुलासा किया कि महज 17 दिनों के भीतर जेम पोर्टल के माध्यम से 2.49 करोड़ रुपये की खरीदारी की गई, जिसमें करीब 1.5 करोड़ रुपये के गबन की आशंका जताई गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कार्यपालक पदाधिकारी (ईओ) वीणा वैशाली ने अपने गृह जिला नालंदा की एजेंसियों को ही काम आवंटित किया। कुल 10 निविदाएं निकाली गईं, जिनमें आठ कंपनियों ने भाग लिया, लेकिन चयनित चारों एजेंसियां नालंदा से ही संबंधित रहीं। इससे पूरी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो गए हैं।

आरोप है कि 16 जून से 3 जुलाई 2025 के बीच की गई खरीदारी में नियमों की अनदेखी की गई। जेम पोर्टल की प्रक्रिया को दरकिनार कर कंप्यूटर ऑपरेटर के माध्यम से कार्य कराया गया। चयनित एजेंसियों में कई को हाल ही में जीएसटी मिला था, जिससे संदेह और गहरा गया है कि इन्हें विशेष रूप से इस योजना के लिए तैयार किया गया। अनिल कुमार सिंह ने यह भी कहा कि कई मामलों में बाजार दर से अधिक कीमत पर अनब्रांडेड सामान खरीदे गए, जिससे सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि मनचाही एजेंसी का चयन नहीं होता, तो टेंडर रद्द कर दिया जाता था।

उन्होंने आर्थिक अपराध इकाई से ईओ वीणा वैशाली के कार्यकाल की जांच की मांग की है। मामले के सामने आने के बाद जेम पोर्टल की पारदर्शिता और सरकारी खरीद प्रक्रिया पर भी गंभीर सवाल उठने लगे हैं।

## सुपौल में शिक्षा क्रांति की गूंज: त्रिवेणीगंज में भव्य मोटिवेशनल सेशन, छात्रों में दिखा जबरदस्त उत्साह

**चौथी वाणी सुपौल त्रिवेणीगंज संवाददाता/** जिले के त्रिवेणीगंज स्थित +2 टॉपर्स कोचिंग सेंटर में यथासंभव वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्रेरणादायक मोटिवेशनल सेशन का सफल आयोजन किया गया। करीब 2 घंटे तक चले इस विशेष कार्यक्रम में छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ जीवन में सफलता पाने के लिए जरूरी सोच, स्किल और लक्ष्य निर्धारण पर मार्गदर्शन दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे प्रमोद कुमार (प्रेम आनंद) ने अपने जोशीले और प्रेरक विचारों से छात्रों में नई ऊर्जा भर दी। उनके हर शब्द पर छात्रों की जोरदार तालियों ने माहौल को उत्साह से भर दिया। यह सत्र छात्रों के लिए सिर्फ एक क्लास नहीं, बल्कि जीवन को नई दिशा देने वाला अनुभव साबित हुआ।

यथासंभव वेलफेयर फाउंडेशन के ह्लशिक्षा क्रांतिह्व अभियान के तहत यह तीसरा सफल आयोजन रहा। इस दौरान करियर गाइडेंस, स्किल डेवलपमेंट और मोटिवेशन जैसे अहम विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिससे छात्रों को अपने लक्ष्य को लेकर स्पष्टता मिली। कार्यक्रम के समापन पर +2 टॉपर्स कोचिंग सेंटर के मैनेजिंग डायरेक्टर मनीष कुमार को शॉल एवं आनंद कुमार सर को डायरी देकर सम्मानित किया गया। साथ ही ह्लपहले आओ, पहले पाओह्व पहल के तहत दो प्रतिभाशाली छात्रों को भी डायरी देकर प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर फाउंडेशन के निदेशक संजय कुमार मेहता ने कहा कि उनका उद्देश्य पूरे बिहार में शिक्षा क्रांति की अलख जगाना है, ताकि हर छात्र को सही दिशा और बेहतर अवसर मिल सके। यह आयोजन छात्रों के लिए बेहद प्रेरणादायक साबित हुआ और क्षेत्र में शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।




## बेरकप पंचायत में शिक्षा चौपाल, 81 गांवों में चल रहा जागरूकता अभियान

**अकोढ़ी गोला संवाददाता (चौथी वाणी)।** डेहरी प्रखंड के बेरकप पंचायत में शुक्रवार को समृद्धि संस्था के बैनर तले शिक्षा चौपाल (भाग-06) का आयोजन किया गया, जो रोहतास जिले के सभी प्रखंडों में 6 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 तक चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है, जिसके तहत 81 गांवों में कुल 162 शिक्षा चौपाल आयोजित किए जा रहे हैं। चौपाल के दौरान अभिभावकों, किशोर-किशोरियों एवं ग्रामीणों को बच्चों की नियमित उपस्थिति, नामांकन, ड्रॉपआउट रोकथाम और शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया, साथ ही बाल विवाह रोकथाम, बेटियों की शिक्षा, आवश्यक दस्तावेजीकरण और विद्यालय से जुड़ाव बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। संस्था की सचिव तारा देवी ने बताया कि मंत्रा 4 चेंज के तहत इस पहल का उद्देश्य समुदाय को शिक्षा के प्रति जागरूक करना और हर बच्चे को विद्यालय से जोड़ना है, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और समाज मिलकर बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं को समाप्त करने में भागीदारी निभाए। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड कॉर्डिनेटर एवं उत्प्रेरकों ने बच्चों की समस्याओं को चिन्हित कर समुदाय के सहयोग से समाधान निकालने और नामांकन सुनिश्चित कराने पर काम किया। पूर्व मुखिया हरिशंकर प्रसाद सिंह ने कहा कि ऐसे चौपाल से गांवों में सकारात्मक बदलाव दिख रहा है और अभिभावक शिक्षा के प्रति जागरूक हो रहे हैं। जिला कॉर्डिनेटर मालती देवी ने बताया कि

### निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष के साथ मारपीट मामले में 21 लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज

**कैमूर/रामपुर (चौथी वाणी)।** प्रखंड के भीतरीबांध पंचायत में पैक्स चुनाव को लेकर मतदाता सूची गड़बड़ी पर चुनाव स्थगित होने पर शुक्रवार को विवाद ने तूल पकड़ लिया, सुबह लगभग 8 बजे उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय के पास निवर्तमान और पूर्व पैक्स अध्यक्ष और समर्थकों के बीच कहासुनी मारपीट में बदल गई, पुलिस के सामने ही पैक्स अध्यक्ष मनोज कुमार जायसवाल और उनके भाई संतोष जायसवाल के साथ मारपीट किया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष मनोज कुमार जायसवाल ने आरोप लगाया कि 53 लोगों का नाम बीडीओ द्वारा गलत तरीके से जोड़ा गया, जिस पर उन्होंने प्राधिकार से शिकायत की,इसके बाद 8 अप्रैल को चुनाव स्थगित कर दिया गया, इसी विवाद में उन्हें और उनके भाई को जान से मारने की धमकी गई, पूर्व पैक्स अध्यक्ष के साथ सैकड़ों की संख्या में भीड़ जुट गई और मारपीट किया गया। मामले में निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष मनोज जायसवाल द्वारा थाने में 21 लोगों के खिलाफ आवेदन दिया है। वहीं पूर्व पैक्स अध्यक्ष राजकमल सिंह ने कहा कि नाम जोड़ने की प्रक्रिया वैध थी और नाबालिग व बाहरी लोगों को पैक्स मतदाता में जोड़ने का आरोप लगाया,सूचना पर करमचट थाना पुलिस पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराया, थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है निवर्तमान पैक्स अध्यक्ष द्वारा 21 लोगों के खिलाफ मारपीट जान से मारने के मामले में आवेदन दी गई है।

## 16-18 मई को दरभंगा में होगा 12 वां राज्य सम्मेलन

**आरा** – 16-18 मई 026 को भाकपा-माले का दरभंगा में होने वाले 12 वां राज्य सम्मेलन की तैयारी को लेकर 9-10 अप्रैल को जिला कमेटी की दो दिवसीय बैठक श्री साई शिवम् उत्सव पैलेस मौलाबाग आरा में शुरू हुआ !

बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधायक चंद्रदीप सिंह, केन्द्रीय कमेटी सदस्य राजू यादव,राज्य कमेटी सदस्य रमेश जी,ऐपवा जिला सचिव इंदू सिंह ने किया ! बैठक शुरू होने से पहले इस बीच ईरान-अमेरिका युद्ध में मारे गए लोगों एवं इस बीच गुजर चुके अपने साथियों को याद में दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई !

बैठक में जिला सचिव अभ्युदय ने बैठक के एजेंडा के परिप्रेक्ष्य एवं वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों को रखा !जिसमें कई जिला कमेटी सदस्यों ने अपनी बातों को रखा ! बैठक में राज्य सम्मेलन की तैयारी पर व्यापक बातचीत की गई जिसमें राजनीतिक प्रचार, प्रतिनिधि चयन के लिए पार्टी सदस्यों के द्वारा नामांकन व चुनाव में प्रकिया में हिस्सा लेने के प्रचार-प्रसार करने,राज्य सम्मेलन के राजनीतिक अभियान को गांव-गांव ले जाने का कार्यभार पर बातें हुई !बैठक में जिले सामग्र विकास,सोन नद अवैध बालू खनन के चलते पर्यावरण पर खास दुष्प्रभाव पड़ा है जिसके चलते सोन नदी के गांव के किनारे पानी का जलस्तर नीचे चला गया है पानी का जलस्तर नीचे जाने से लोगों को पानी पीने संकट हो गया है !इन सवालों को लेकर आंदोलन खड़ा करने का फैसला लिया गया है ! बैठक की मुख्य अतिथि को भाकपा-माले पोलित ब्यूरो सदस्य व वरिष्ठ नेता स्वदेश भट्टाचार्य ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजराइल का युद्ध,दूसरे महीने में प्रवेश कर चुका है और यह अमेरिकी साम्राज्यवाद के वैश्विक वर्चस्व पर जबरदस्त प्रहार सिद्ध हो रहा है !ट्रंप और नेतान्याहू ने सोचा था कि वे आसानी से कुछ ही दिन में ईरान को परास्त कर देंगे और स्कूली बच्चों व नागरिकों को निशाना बनाने के जघन्य कृत्य के साथ ही,ईरान के सर्वोच्च नेतृत्व की हत्या करके,आसानी से वहां हुकूमत बदल देंगे !पर ईरान ने जबरदस्त जिजीविषा का प्रदर्शन किया, तेजी से अमेरिका-इजराइल के हमलों में मारे जाने वालों की जगह नए नेताओं और अफसरों को जिम्मेदारियां सौंपी !जिजीविषा के साथ ही ईरान ने उल्लेखनीय सैन्य कुशाग्रता और कौशल का परिचय देते हुए अमेरिका-इजराइल के सैन्य लक्ष्यों को निरंतर भारी नुकसान पहुंचाया और होर्मुज की खाड़ी को एक बेहद प्रभावकारी रणनीतिक औजार में तब्दील कर दिया ! उन्होंने आगे कहा कि ट्रंप प्रशासन के खिलाफ अमेरिका में भी जबरदस्त जन विक्षोभ पैदा हुआ !अमेरिका के यूरोपीय सहयोगियों ने भी ट्रंप प्रशासन से दूरी बनाना शुरू कर दिया है,उनमें से बहुतों ने तो अमेरिका के इस युद्ध अभियान में कोई सहयोग देने से भी इंकार कर दिया है !अमेरिका को सैन्य अड्डे उपलब्ध करवाने वाले अरब देश और खाड़ी क्षेत्र से काम करने वाले वैश्विक तकनीकी के महारथी लगातार युद्ध की तपिश को महसूस कर रहे हैं ! बैठक में भाकपा-माले केंद्रीय कमेटी सदस्य व आरा सांसद सुदामा प्रसाद के अलावा अन्य लोग मौजूद थे।

## दावथ में भीषण आग से सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल स्वाहा

**दावथ संवाददाता (चौथी वाणी)।** प्रखंड क्षेत्र के देवढी, सहिनांव और महुअरी गांव में शुक्रवार को भीषण आग लगने से दर्जनों किसानों की सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची तीन अग्निशमन गाड़ियों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलती रही और कड़ी मशक्कत के बाद ही आग पर काबू पाया जा सका, तब तक भारी नुकसान हो चुका था। स्थानीय अधिकारी विकास पंडित ने बताया कि देवढी गांव की तरफ से आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद आग ने देखते ही देखते आसपास के गांवों की फसलों को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों और अग्निशमन टीम के संयुक्त प्रयास से आग पर काबू पाया गया, जिससे एक बड़ी घटना होने से बच गई। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है और इसकी जांच कराई जा रही है। वहीं पीड़ित किसानों को मुआवजा दिलाने के लिए नुकसान का आकलन कराने हेतु कर्मचारियों की नियुक्ति कर दी गई है और जल्द ही आगे की कार्रवाई शुरू की जाएगी।



## वीर सपूत की विदाई में उमड़ा जनसैलाब, नम आंखों से दी अंतिम श्रद्धांजलि

**सासाराम/शिवसागर (चौथी वाणी)।** प्रखंड क्षेत्र के डुमरी गांव में उस समय माहौल गमगीन हो गया, जब ड्यूटी के दौरान सड़क हादसे में जान गंवाने वाले जवान का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव पहुंचा। पार्थिव शरीर के गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया और हर आंख नम हो गई। पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। शहीद जवान के सम्मान में ह्लअमर रहेह्ल के नारों से वातावरण गूंज उठा। ग्रामीणों और परिजनों ने नम आंखों से अपने वीर सपूत को अंतिम विदाई दी। बताया जाता है कि जवान अरवल जिले के शहर कलपा में पदस्थापित थे और ड्यूटी के दौरान ही सड़क दुर्घटना में उनकी मौत हो गई थी। मौके पर रोहतास के पुलिस अधीक्षक रोशन कुमार भी पहुंचे। उन्होंने पूरे सम्मान के साथ तिरंगा अर्पित कर जवान को नमन किया और शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा पुलिस विभाग परिवार के साथ खड़ा है। वहीं, करहगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक वशिष्ठ सिंह भी पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की। अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरे राजकीय सम्मान के साथ जवान को अंतिम विदाई दी गई। इस हृदयविदारक घटना से डुमरी गांव सहित पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। हर कोई अपने वीर सपूत को याद कर भावुक नजर आया।



## खबरें एक नजर में

### शोपीस बना सार्वजनिक शौचालय, लाखों खर्च के बाद भी सुविधा से वंचित लोग।



**लौरिया(चौथी वाणी)** नगर पंचायत की ओर से आम जनता की सुविधा के लिए बनाया गया सार्वजनिक शौचालय फिलहाल केवल दिखावे की चीज बनकर रह गया है। थाना से बाजार जाने वाले मुख्य मार्ग पर बने इस शौचालय पर लगभग दस लाख रुपये खर्च किए गए, लेकिन निर्माण के महीनों बाद भी इसे जनता के लिए खोला नहीं गया है। क्षेत्रवासियों के अनुसार, करीब छह महीने पहले ही निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, बावजूद इसके शौचालय बंद पड़ा है। स्थिति यह है कि इसके अंदर और आसपास दुकानदारों ने अपने विज्ञापन बोर्ड और सामान रख दिए हैं, जिससे परिसर अव्यवस्थित और गंदा नजर आने लगा है। लोगों का कहना है कि एक ओर सरकार स्वच्छता को लेकर जागरूकता फैला रही है, वहीं दूसरी ओर इस तरह की लापरवाही योजनाओं की उपयोगिता पर सवाल खड़े करती है। शौचालय पर लागत या योजना की जानकारी देने वाला कोई बोर्ड भी नहीं है। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी दिनेश पूरी ने कहा कि मामले की जांच कर जल्द ही शौचालय को चालू कराया जाएगा और अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। अब देखना होगा कि यह आश्वासन कब हकीकत में बदलता

### दौरी की चिंगारी बनी तबाही की वजहः ढाई एकड़ गेहूं राख,उसके बाद विवाद में पांच घायल।

**लौरिया(चौथी वाणी)** बसवरिया पराउटोला पंचायत के पराउटोला गांव में शुक्रवार को गेहूं की दौरी के दौरान निकली एक चिंगारी ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। अचानक लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर



लिया और करीब ढाई एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक हडवा सरेह में दौरी के समय हडंबा से उठी चिंगारी पास के खेतों में जा गिरी, जिससे आग भड़क उठी। आग की चपेट में आकर बहादुर यादव, नईम मियां, धुरी राम, संदीप कुमार और ताज मोहम्मद अंसारी की फसल को भारी नुकसान हुआ। किसानों ने काफी प्रयास किया, लेकिन तब तक आग बेकाबू हो चुकी थी। इसी बीच फसल जलने को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। इस झड़प में रमेश यादव, बहादुर यादव, वीरेंद्र यादव, नंदनी कुमारी और इनायत अंसारी घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज स्थानीय स्तर पर कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही मुखिया ई. शैलेश कुमार, कर्मचारी मोहम्मद मोबसीर हसन जौहर और पुलिस टीम मौके पर पहुंची तथा स्थिति को शांत कराया। थानाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और दोषियों पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### नाला जाम पर सख्त महापौर, लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी

**बेतिया( चौथी वाणी)** शहर के एमजेके कॉलेज गेट के समीप दुगार्बाग मंदिर प्रवेश द्वार पर जल निकासी व्यवस्था की गंभीर अव्यवस्था उजागर होने पर नगर निगम प्रशासन हरकत में आ गया। नाले का ह्यूम पाइप पूरी तरह अवरुद्ध होने से गंदा पानी सड़क पर फैल गया था, जिससे आवागमन बाधित हो रहा था। शिकायत मिलते ही महापौर गरिमा देवी सिकारिया स्वयं स्थल पर पहुंचीं और स्थिति का जायजा लिया। जांच के दौरान पाया गया कि जलापूर्ति योजना से जुड़े संवेदक द्वारा लापरवाहीपूर्वक ह्यूम पाइप में मिट्टी भर दिए जाने के कारण जल प्रवाह अवरुद्ध हो गया था। नगर निगम की टीम ने तत्परता दिखाते हुए जेसीबी की मदद से पाइप हटाकर नाले की सफाई कराई, जिससे जल निकासी पुनः सुचारू हो सकी। महापौर ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि जल निकासी एवं स्वच्छता व्यवस्था में किसी भी प्रकार की शिथिलता या उदासीनता अस्वीकार्य है। उन्होंने संबंधित कर्मियों को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य निष्पादन के निर्देश दिए।

### रामनगर में एलटीएफ की कार्रवाई, 92 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त; एक तस्कर गिरफ्तार, दो फरार

**बगहा/रामनगर(चौथी वाणी)** बगहा पुलिस जिला के रामनगर में एलटीएफ टीम ने गुप्त सूचना पर शुक्रवार को आर्यनगर में छापेमारी कर 92 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की। शराब एक टेंपो से जब्त की गई, जिसकी कीमत करीब दो लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मौके से चौरसिया नगर निवासी रामलखन को गिरफ्तार किया,



जबकि दो अन्य तस्कर भागने में सफल रहे। जानकारी के अनुसार, तस्कर यूपी से ट्रेन के जरिए शराब लाकर दो ट्रॉली बैग व एक बैग में छिपाकर ला रहे थे। बरामद शराब में 21 बोतल रेड लेबल जॉनी वॉकर और 71 बोतल ब्लेंडर्स प्राइड शामिल हैं, जिसकी कुल मात्रा 69 लीटर है। एलटीएफ प्रभारी राजन साह ने बताया कि टेंपो भी जब्त किया गया है और उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया है। अन्य तस्करों की तलाश जारी है।

### नरकटियागंज-बेतिया में फुटबॉल व भारोत्तोलन ट्रायल संपन्न, 280 खिलाड़ियों ने दिखाया दम।

**बेतिया(चौथी वाणी)**मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के तहत एकलव्य राज्य आवासीय खेल प्रशिक्षण केंद्र के लिए फुटबॉल एवं भारोत्तोलन चयन ट्रायल शुक्रवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। फुटबॉल ट्रायल नरकटियागंज उच्च विद्यालय मैदान में तथा भारोत्तोलन ट्रायल खेल भवन सह व्यायामशाला, बेतिया में आयोजित किया गया। इसमें सीतामढ़ी, पश्चिम चंपारण, कैमूर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, मुंगेर व बेगूसराय समेत विभिन्न जिलों से कुल 220 फुटबॉल खिलाड़ी (135 बालक, 85 बालिका) और 60 भारोत्तोलकों ने भाग लिया। बैटरी टेस्ट के माध्यम से खिलाड़ियों की शारीरिक क्षमता, तकनीकी कौशल और दक्षता का आकलन कर चयन किया गया। जिला खेल पदाधिकारी विजय कुमार पंडित ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों को आधुनिक प्रशिक्षण, उच्च गुणवत्ता का भोजन, शिक्षा के साथ मासिक छात्रवृत्ति दी जाएगी।



### अवैध शराब और चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

**सुगौली/चौथी वाणी:** स्थानीय थाना क्षेत्र के गोडीगावां गांव में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध शराब कारोबार में संलिप्त एक युवक को शराब और चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान थाना क्षेत्र के गोडीगावां के राजेश कुमार के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी अवैध रूप से देशी चुलाई शराब का कारोबार कर रहा है। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने छापेमारी की। जहां छापेमारी के दौरान आरोपी के कब्जे से करीब 150 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद की गई।कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से एक चोरी की मोटरसाइकिल भी जब्त की है।इस बाइक की चोरी के संबंध में पहले से मामला दर्ज बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया और सभी बरामद सामग्री को जब्त कर लिया।थानाध्यक्ष अनीश कुमार सिंह ने बताया कि मामले में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है तथा आरोपी से पूछताछ जारी है।



# अष्टयाम देखने गए युवक की संदिग्ध मौत

## खेत के पास मिला शव, हत्या की आशंका; जांच में जुटी पुलिस



**बेतिया/योगापट्टी(चौथी वाणी)** योगापट्टी प्रखंड के शनिचरी बंगाली कॉलोनी के पास शुक्रवार सुबह एक युवक का संदिग्ध अवस्था में शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीण रोज की तरह खेतों की ओर जा रहे थे, तभी करीब एक किलोमीटर दूर खेत के पास युवक का शव पड़ा देखा। सूचना पर पहुंचे लोगों ने शव की पहचान चनपटिया प्रखंड के चारागाहा पंचायत वार्ड-5 निवासी बादशाह यादव के 25 वर्षीय पुत्र पप्पू यादव के रूप में की। परिजनों के अनुसार पप्पू यादव गुरुवार शाम बागली कॉलोनी में आयोजित अष्टयाम देखने अपनी बुलेट बाइक से गया था, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा। शुक्रवार सुबह सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान की। घटना को लेकर ग्रामीण गला दबाकर हत्या की आशंका जता रहे हैं। सूचना मिलते ही शनिचरी थाना पुलिस व एसडीपीओ विवेक दीप पुलिस बल और फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेज दिया। इस दौरान आधा दर्जन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इधर, चनपटिया विधायक अभिषेक रंजन अस्पताल पहुंचकर परिजनों से मिले और पोस्टमार्टम में देरी पर नाराजगी जताई। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। घटना के बाद गांव में शोक व दहशत का माहौल है।

### दहेज के लिए विवाहिता की हत्या का आरोप, पति-सास-ससुर हिरासत में

**मझौलिया(चौथी वाणी)** महोदीपुर पंचायत के चैता गांव वार्ड संख्या 4 में शुक्रवार सुबह 28 वर्षीय विवाहिता करिश्मा पांडेय का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पुलिस ने बरामद किया। थानाध्यक्ष अमर कुमार ने बताया कि शव ससुराल के दरवाजे पर खड़ी एक कार से मिला, जिसे ठिकाने लगाने की कोशिश की जा रही थी। मृतका की मां शोभा देवी की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पति राधेश्याम पांडेय, ससुर उमाकांत पांडेय और सास राधिका देवी को हिरासत में लिया है। मायके पक्ष ने दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। मृतका के पिता मुचकुंद पांडेय ने बताया कि 13 वर्ष पूर्व उनकी बेटी की शादी हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष कार खरीदने के लिए दो लाख रुपये की मांग कर प्रताड़ित करता था।

# बाहर रह रहे लोगों के जमीन पर भू माफियाओं की नजर

## अंचल के सहयोग से करा ले रहे म्यूटेशन

**मझौलिया(चौथी वाणी)** पूरी तरह से जमीन पर दखल कब्जा के बावजूद बाहर रह रहे लोगों के जमीन का अंचल कर्मियों के सहयोग से भू माफिया द्वारा म्यूटेशन करा लेने का मामला प्रकाश में आया है। इसको लेकर पीड़ित ने जिले के सभी वरीय पदाधिकारियों को ई मेल कर जानकारी दी है। मिली जानकारी के अनुसार बेतिया प्रखंड के गोनौली गांव निवासी हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड मुंबई में मुख्य महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत अधिकारी नीरज राय द्वारा इसको लेकर सीओ सहित अन्य सभी अधिकारियों को भेजे ईमेल के अनुसार बेतिया अंचल के गोनौली हल्का के थाना संख्या 191 में कंप्यूटरीकृत जमाबंदी संख्या 113 दर्ज है। जो उनकी पैतृक संपत्ति है। वे सपरिवार बाहर रहते है। जिससे उनके इसी भू खंड को भू माफियाओं द्वारा अंचल के मेल से अपने नाम भी करा लिया है। उन्होंने अधिकारियों को भेजे पत्र में बताया है कि संपत्ति पिछले 55 वर्षों से भी अधिक समय से मेरे कब्जे में है। इससे भी पहले यह संपत्ति हमारे संयुक्त परिवार के पास थी। हमारे परिवार की संपत्ति का जब बंटवारा हुआ तो पूरी संपत्ति का म्यूटेशन भी कराया गया था। जिसमें इस संपत्ति का भी उल्लेख है। मेरे पास इस भूमि का भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र भी अंचल से प्राप्त है। इस संपत्ति से संबंधित कर भुगतान की सभी अद्यतन रसीदें,जिनमें ऑनलाइन किए गए भुगतान भी शामिल है,मेरे पास उपलब्ध हैं। इसलिए उन्होंने अधिकारियों से विनम्र अनुरोध किया है कि इस मामले का समाधान करवाएँ। जिससे गाँव के कुछ लोग कोई शरारत न कर सकें और मेरी अनुपस्थिति का लाभ उठाकर मेरी संपत्ति किसी अन्य व्यक्ति को बेच न दें। आपके त्वरित हस्तक्षेप और कार्रवाई से केंद्र सरकार के एक सार्वजनिक उपक्रम पीएसयू के कर्मचारी को मदद मिलेगी, जो जिले से काफी दूर रहता है।

### आपदा से पहले अलर्ट मोड में प्रशासन, डीएम ने दिए सख्त निर्देश

**बेतिया(चौथी वाणी)** संभावित बाढ़, सुखाड़, भीषण गर्मी और अग्निकांड जैसी आपदाओं से निपटने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में सभी विभागों को अलर्ट मोड में रहते हुए समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में स्पष्ट कहा गया कि फ्लड कंट्रोल से जुड़े सभी कार्य बारिश से पहले हर हाल में पूरे हों और तटबंधों की मजबूती में कोई कोताही न बरती जाए। नावों के निबंधन, गोताखोरों की सूची, राहत शिविर और कम्युनिटी किचेन की तैयारी को भी प्राथमिकता देने को कहा गया। डीएम ने खाद्यान्न भंडारण, दवा, पशुचारा, एम्बुलेंस और मोबाइल मेडिकल टीम की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अग्निकांड रोकथाम के लिए गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाने और बिजली विभाग को त्वरित कार्रवाई के लिए सतर्क रहने को कहा गया। भीषण गर्मी से राहत हेतु सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ की व्यवस्था और नालों की सफाई अभियान को भी जल्द पूरा करने पर जोर दिया गया।



### गैस आपूर्ति में गड़बड़ी पर कड़ा एक्शन, दोषियों पर होगी सीधे एफआईआर।

**बेतिया(चौथी वाणी)** जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति में अनियमितता पर प्रशासन सख्त हो गया है। अपर समाहर्ता-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी और दोषियों पर सीधे एफआईआर दर्ज की जाएगी। जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह के निर्देश पर 11 अप्रैल से पूरे जिले में सघन जांच अभियान चलाया जाएगा। प्रशासनिक टीम लगातार निगरानी में जुटी है, जिससे गैस बैकलॉग तेजी से घट रहा है और आपूर्ति व्यवस्था सुधर रही है। फिलहाल जिले में 29,041 सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है, जबकि बीते दिन 13,352 सिलेंडरों की डिलीवरी की गई। उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए प्राप्त मामलों को अनुमंडल स्तर पर भेजा गया है। प्रशासन ने अफवाहों से बचने और किसी भी समस्या पर कंट्रोल रूम नंबर 06254-247002, 247003 पर संपर्क करने की अपील की है।

# बैरिया में भीषण अगलगी: 150 घर राख, करोड़ों की क्षति; मंत्री नारायण प्रसाद ने लिया जायजा



**बेतिया/(चौथी वाणी)** पश्चिम चंपारण के बैरिया प्रखंड स्थित लौकरिया पंचायत के वार्ड 3 व 5 के मुसहरी टोला में शुक्रवार शाम करीब 3 बजे लगी भीषण आग ने भारी तबाही मचाई। इस अगलगी में करीब 150 घर जलकर पूरी तरह राख हो गए, जबकि करोड़ों रुपये मूल्य की संपत्ति नष्ट हो गई। आग लगने के कारणों का अब तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग की लपटें इतनी तेज थीं कि लोगों को घरों से सामान निकालने का मौका तक नहीं मिला। देखते ही देखते पूरा टोला धू-धू कर जल उठा। पीड़ितों ने बताया कि इस हादसे में करीब 100 बकरियां, आठ मोटरसाइकिल, नकदी, गहने, कपड़े, खाद्यान्न और बिछावन सहित सभी जरूरी सामान जलकर खाक हो गए। सुदामा पासवान ने बताया कि उनके एक लाख रुपये नकद भी जल गए। घटना में सरोज मांझी की 10 वर्षीय पुत्री शिवानी गंभीर रूप से झुलस गई, जिसे आनन-फानन में बेतिया जीएमसीएच भेजा गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। सूचना मिलते ही नौतन विधायक सह बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन मंत्री नारायण प्रसाद मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल राहत पहुंचाने का निर्देश देते हुए पीड़ितों के लिए भोजन, प्लास्टिक शीट और रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। मंत्री ने लोगों से अपील की कि तेज पछुआ हवा के दौरान विशेष सावधानी बरतें और खाना बनाते समय पानी की व्यवस्था रखें। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है और पीड़ित परिवारों के सामने पुनर्वास की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है।

### जनसुनवाई में डीएम ने सुनीं 60 शिकायतें, कई मामलों का त्वरित समाधान

**बेतिया(चौथी वाणी)** समाहरणालय परिसर में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने शुक्रवार को आम लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान कुल 60 मामलों की सुनवाई हुई, जिनमें भूमि विवाद, राजस्व मुद्दे, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिजली, पेयजल, सड़क मरम्मत और राशन कार्ड से संबंधित शिकायतें प्रमुख रहीं। कई मामलों में मौके पर ही समाधान कर फरियादियों को राहत दी गई, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया गया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रखीं। कार्यक्रम ह्लसबका सम्मानझ्जीवन आसानह्व अभियान के तहत आयोजित किया गया। जनसुनवाई के दौरान उप विकास आयुक्त सहित कई वरीय अधिकारी मौजूद रहे, जिन्होंने शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाई।



# मॉडलिंग से फिल्मों तक का सपना, कृति आजाद बने 'मिस्टर बिहार 2026'



## 'मिस्टर बेतिया' के बाद राज्य स्तरीय जीत, गांव में जश्न

**मझौलिया(चौथी वाणी)** बलुआ रमपुरवा निवासी कृति आजाद यादव ने ह्यमिस्टर बिहार 2026ह्व का खिताब जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बेतिया के एक प्रतिष्ठित रिजॉर्ट में आयोजित एफबीबी ग्लोबल इंडिया के स्टेट लेवल ब्यूटी पेजेंट व रनवे फैशन शो में 23 वर्षीय कृति ने प्रथम स्थान हासिल किया। गुरुवार को दिए साक्षात्कार में उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और टीम वर्क को दिया। कृति ने बताया कि उनका अगला लक्ष्य ह्यमिस्टर इंडियाह्व बनना है और वे मॉडलिंग के जरिए फिल्मी दुनिया में पहचान बनाना चाहते हैं। उनका मानना है कि केवल आकर्षक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि रचनात्मक सोच और कड़ी मेहनत सफलता की कुंजी है। इससे पहले वे 4 मई 2025 को ह्यमिस्टर बेतियाह्व का खिताब भी जीत चुके हैं, जबकि 5 अप्रैल 2026 को राज्य स्तर पर शीर्ष स्थान हासिल किया। किसान परिवार से आने वाले कृति की सफलता पर गांव में जश्न है। दादा शारदानंद यादव व दादी जानकी देवी ने गर्व जताया। कृति ने एफबीबी ग्लोबल इंडिया की फाउंडर नमया श्रीवास्तव को आदर्श बताते हुए आगे और उपलब्धियां हासिल करने का भरोसा जताया।

### डॉग स्क्वॉड की मदद से सिरकटी लाश का खुलासा

**एसएसबी और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई से बड़ी सफलता।**

**बेतिया(चौथी वाणी)** पश्चिम चंपारण के बगहा पुलिस जिला अंतर्गत नौरंगिया थाना क्षेत्र में हुई सनसनीखेज हत्या की गुत्थी सुलझाने में 65वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) का अहम सहयोग सामने आया है। 09 मार्च 2026 को सिरसिया गांव के जरहलिया के समीप एक अज्ञात व्यक्ति का कटा हुआ सिर बरामद होने से इलाके में हड़कंप मच गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए नौरंगिया थाना पुलिस ने मृतक के शेष शरीर और अपराधियों की तलाश के लिए एसएसबी से डॉग स्क्वॉड की सहायता मांगी। कमांडेंट नंदन सिंह मेहरा के निर्देशन में एसएसबी की 65वीं वाहिनी ने तत्परता दिखाते हुए डॉग स्क्वॉड को घटनास्थल पर भेजा। प्रशिक्षित डॉग ह्लक्चठ्ठह्व की मदद से सघन तलाशी अभियान चलाया गया, जिसमें ऌउ/ऋक्र विमल कुमार सिंह, डॉग हैंडलर पवित्र सिंह सहित पुलिस बल के अन्य जवान सक्रिय रूप से शामिल रहे। डॉग स्क्वॉड की सूझबूझ के चलते मृतक का शेष शरीर घटनास्थल से करीब एक किलोमीटर दूर बरामद कर लिया गया, जिससे जांच में महत्वपूर्ण सफलता मिली है। इस अभियान में एसएसबी और स्थानीय पुलिस के बीच बेहतर समन्वय देखने को मिला। फिलहाल पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है तथा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

### बेतिया में कांग्रेस का प्रदर्शन, हिमंत सरमा का पुतला फूंका।



**बेतिया(चौथी वाणी)** बिहार में नई सरकार के गठन से पहले राजनीतिक माहौल गरमाने लगा है। इसी कड़ी में पश्चिम चंपारण के बेतिया में कांग्रेस कार्यकताओं ने असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व सरमा के खिलाफ विरोध जताते हुए उनका पुतला दहन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष राकेश कुमार यादव ने किया। कार्यकताओं ने भाजपा और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल के नेता विपक्ष के प्रति अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, जो लोकतांत्रिक परंपराओं के खिलाफ है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि राजनीतिक मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन भाषा की मयार्दा बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस तरह की बयानबाजी नहीं रुकी तो कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन को और तेज करेगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे और एकजुटता का प्रदर्शन किया।

### मुसहरी में फर्जी आधार केंद्र पर छापा, संचालक गिरफ्तार

**बेतिया/चनपटिया(चौथी वाणी)**चनपटिया-बेतिया मुख्य सड़क पर स्थित मुसहरी गांव में अवैध रूप से संचालित आधार नामांकन केंद्र का प्रशासन ने भंडाफोड़ किया है। 9 अप्रैल की शाम प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रणव कुमार गिरी और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान केंद्र पर मौजूद संचालक विपिन कुमार महतो से लाइसेंस और अधिकृत दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। जांच में केंद्र पूरी तरह अवैध पाया गया, जिसके बाद तत्काल दुकान को सील कर दिया गया। मौके से लैपटॉप, प्रिंटर, बायोमेट्रिक और आईरिस स्कैनर समेत कई उपकरण जब्त किए गए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। प्रशासन ने लोगों से केवल अधिकृत केंद्रों पर ही आधार बनवाने की अपील की है।

संक्षिप्त खबरें

### पूर्व प्रेमी संग विवाहिता फरार, केस दर्ज

**नासरीगंज संवाददाता (चौथी वाणी)।** नासरीगंज थानाक्षेत्र के अमलोवां गांव से एक विवाहिता के पूर्व प्रेमी संग फरार हो हाने का मामला प्रकाश में आया है।इस मामले में विवाहिता के ससुर मुनि राम ने थाने में आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमें कहा गया है कि उसने अपने बेटे विनय कुमार की शादी कुछ वर्ष पहले सूयपुरा थानाक्षेत्र के धरमागतपुर गांव निवासी शिवनाथ पासवान की पुत्री से की थी। शादी के बाद वह ठीक ढंग से रही। लेकिन कुछ महीने बाद अपने प्रेमी से फोन पर बातचीत करने लगी। इसी क्रम में गत एक अप्रैल को चार बजे सुबह बिना किसी को कुछ बताए ससुराल से फरार हो गई। उसे इधर-उधर तलाश किया गया। उसके मायके जाकर पता लगाया गया लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। और आखिरकार थक हार कर मुनि राम ने गुरूवार की शाम थाने में एफआईआर दर्ज करा दी। जिसमें उसने अपनी पतोह के मायके के गांव के उसके प्रेमी अंकुश कुमार पिता मंजी पासवान को नामजद किया है। थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### मोबाइल फोन पर कॉल कर पैसा ठगा, केस दर्ज

**नासरीगंज संवाददाता (चौथी वाणी)।** मोबाइल फोन पर काल करके हजारों रुपए की ठगी किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में स्थानीय थानाक्षेत्र के पड़ुरी गांव निवासी सरोज कुमार चौधरी ने थाने में आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमें कहा गया है कि फोन करके किसी व्यक्ति ने खुद को स्टेट बैंक का अधिकारी बताकर यूपीआई पर पैसे रिसीव करने के लिए कहा। और फिर राशि और यूपीआई नंबर लिखकर ओके पर क्लिक करने को कहा। इस प्रकिया को कई बार दोहराया गया। और जब पीड़ित को शक हुआ तो उसने अपने एकाउंट चेक किया और पैसे गायब पाए। बाद में पीड़ित ने थाने में आवेदन दिया। थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

### मारपीट व हत्या की धमकी का केस दर्ज

**नासरीगंज संवाददाता (चौथी वाणी)।** स्थानीय थानाक्षेत्र के पड़ुरी गांव निवासी अरुण चौधरी ने उसके साथ मारपीट करने और हथियार दिखा कर हत्या की धमकी का आरोप लगाते हुए थाने में नामजद एफआई आर दर्ज कराई है। अभितुक्तों में उमपति चौधरी, कामेश्वर चौधरी और एक महिला अभियुक्त शामिल हैं। आरोप है कि वह गत 9 अप्रैल की शाम अपनी मां के साथ खेत से गेहूं काट कर घर लौट रहा था। इसी क्रम में लोगों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया और बंदूक दिखाकर जान मारने की धमकी दी।

### करंट की चपेट में आया मासूम, 6 वर्षीय इकलौते बेटे की मौत से तेलारी में पसरा मातम

**चेनारी संवाददाता (चौथी वाणी)।** थाना क्षेत्र के तेलारी गांव में गुरुवार शाम एक दर्दनाक हादसे में करंट लगने से 6 वर्षीय मासूम की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार तेलारी निवासी अशोक राम का इकलौता पुत्र विवेक कुमार घर में पंखे का तार बोर्ड में लगा रहा था। इसी दौरान अचानक तार उसकी हथेली से सट गया और वह तेज करंट की चपेट में आ गया। जोरदार झटका लगते ही वह जमीन पर गिर पड़ा और मौके पर ही अचेत हो गया। परिजन तत्काल उसे पास के एक निजी क्लिनिक ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। विवेक तीन बहनों के बीच परिवार का इकलौता बेटा था। उसकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के बाद गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है। ग्रामीणों ने इसे बेहद हृदयविदारक हादसा बताते हुए बिजली सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरतने की जरूरत बताई है।

### अंबेडकर जयंती को लेकर लोजपा (रामविलास) की बैठक, पटना कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति

**सासाराम संवाददाता (चौथी वाणी)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की ओर से शुक्रवार को कुशवाहा सभाभवन सासाराम में बैठक आयोजित कर 14 अप्रैल को पटना के बापू सभागार में होने वाली बाबा साहेब डॉ. भीमराव



अंबेडकर जयंती समारोह को सफल बनाने की रणनीति तय की गई। बैठक की अध्यक्षता कार्यकारी जिलाध्यक्ष प्रेमतोष कुमार उर्फ बंटी सिंह ने की। इस दौरान कार्यकताओं और पदाधिकारियों को कार्यक्रम की सफलता के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्य अतिथि के रूप में डेहरी विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने कार्यकताओं से अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अंबेडकर जयंती सामाजिक समरसता और संविधान के मूल्यों को मजबूत करने का अवसर है। बैठक में एससी-एसटी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष चुनचुन पासवान, युवा जिलाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, संसदीय बोर्ड अध्यक्ष डॉ. छोटेलाल पासवान, अरुण सिंह समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया और व्यापक जनभागीदारी पर जोर दिया।

### कोचस के सरेया बधार में भीषण आग, 30 एकड़ फसल जलकर खाक

**कोचस संवाददाता (चौथी वाणी)।** प्रखंड क्षेत्र के सरेया गांव स्थित बधार में शुक्रवार को भीषण आग लगने से 30 एकड़ से अधिक क्षेत्र में लगी फसल जलकर पूरी तरह खाक हो गई। इस घटना से किसानों को भारी आर्थिक क्षति हुई है और क्षेत्र में हाहाकार मच गया है। ग्रामीणों के अनुसार, बधार में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते उसने विकराल रूप धारण कर



लिया। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलती चली गई और आसपास के खेतों में लगी तैयार फसल को अपनी चपेट में ले लिया।किसान आग बुझाने के लिए खेतों की ओर दौड़े और अपने स्तर से आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन आग की तीव्रता के सामने उनकी कोशिशें नाकाफी साबित हुईं। सूचना मिलने पर स्थानीय प्रशासन और दमकल की टीम मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक 30 एकड़ से अधिक में लगी गेहूं सहित अन्य फसलें जलकर राख हो चुकी थीं। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि आग शरारती तत्वों द्वारा लगाई गई है। हालांकि, प्रशासनिक स्तर पर इसकी पुष्टि नहीं की गई है। घटना के बाद पीड़ित किसानों के बीच गहरा आक्रोश और निराशा है। प्रशासन ने नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही प्रभावित किसानों को सरकारी प्रावधानों के तहत सहायता दिलाने का आश्वासन भी दिया गया है। घटना के बाद क्षेत्र के किसानों ने फसल सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए प्रशासन से निगरानी बढ़ाने और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# रोहतास में बुनकरों के लिए उद्योग वार्ता व प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**सासाराम संवाददाता (चौथी वाणी)।** रोहतास जिले में स्थानीय कारीगरों और बुनकरों को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत जिला उद्योग केंद्र, रोहतास में हैंडीक्राफ्ट एंड कारपेट विषय पर उद्योग वार्ता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन उद्योग महाप्रबंधक द्वारा तथा सह संयोजन एचओपीटी के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अपर समाहर्ता सह अपर जिला दंडाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में बुनकर और कारीगर शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत से हुई, जहां उन्हें पौधा एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया, वहीं उत्कृष्ट कार्य करने



वाले बुनकरों को भी सम्मानित किया गया और उद्योग विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई। उद्योग महाप्रबंधक आशीष रंजन ने बताया कि एचओपीटी के माध्यम से जिले के कारीगरों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल रही है तथा उनके उत्पादों को उचित मूल्य के साथ दुबई जैसे बाजारों में निर्यात किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एचओपीटी का स्किल इंडिया के साथ टाई-अप होने से कारीगरों को प्रशिक्षण और रोजगार के बेहतर अवसर मिल रहे हैं। साथ ही बुनकरों को यूनिक आईडी प्रदान कर योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है और उन्हें 15 हजार रुपये तक की कार्यशील पूंजी भी उपलब्ध कराई जाती है। कार्यक्रम में बुनकरों द्वारा निर्मित शॉल, चटाई, तकिया सहित विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें प्लास्टिक कचरे से बने उत्पाद विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। एचओपीटी के ट्रेनरों ने बुनकरों को प्रशिक्षण भी दिया। अधिकारियों ने बुनकरों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने और उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। यह कार्यक्रम बुनकरों के कौशल विकास, रोजगार सृजन और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा।

## जनता दरबार में 113 मामलों की सुनवाई, एसडीएम बोले-हर फरियादी को मिलेगा त्वरित समाधान



**बिक्रमगंज संवाददाता (चौथी वाणी)।** अनुमंडल कार्यालय के सभागार में सबका सम्मान, जीवन आसान अभियान के तहत आयोजित जनता दरबार में लोगों की समस्याओं की सीधी सुनवाई की गई। एसडीएम प्रभात कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे और अपनी समस्याएं रखीं। जनता दरबार में कुल 113 मामलों की सुनवाई हुई, जिनमें 25 भूमि विवाद, 74 राशन कार्ड और 14 अन्य शिकायतें शामिल रहीं। एसडीएम ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य केवल शिकायत सुनना नहीं, बल्कि समय पर समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यक्रम में आए लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि इससे उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान होगा और उन्हें अनावश्यक चक्कर से राहत मिलेगी।

## दरिहट में बाइक-ऑटो की भिड़ंत, एक की मौत, दो घायल

**अकोढ़ी गोला संवाददाता (चौथी वाणी)।** रोहतास जिले के दरिहट थाना क्षेत्र अंतर्गत डेहरी-बिक्रमगंज मुख्य मार्ग पर दरिहट हाई स्कूल के समीप बथानी के पास शुक्रवार को अनियंत्रित बाइक और ऑटो के बीच जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि ऑटो चालक को अंदरूनी चोटें आईं और साथ बैठे मोहम्मद कैफ को हल्की चोट लगी। मौके पर पहुंची 112 की टीम ने गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को अनुमंडलीय अस्पताल डेहरी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान प्रीतम कुमार (करीब 35 वर्ष), पिता कौशल साह, ग्राम भरकुड़िया थाना कछवां के रूप में हुई, जबकि घायल सोनू कुमार, पिता स्व. लालबहादुर साह, ग्राम अगिनौर बाजार



थाना कलेर (अरवल) का इलाज जारी है। घटना में घायल ऑटो चालक ददन शर्मा, पिता राम अशीष शर्मा, निवासी दरिहट को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार ऑटो पतपुरा से आयरकोठा थाना क्षेत्र के पड़ुहार गांव में शादी समारोह के लिए पतीला लेकर जा रहा था, जबकि बाइक नासरीगंज की ओर से डेहरी जा रही थी, इसी दौरान दोनों वाहनों के बीच टक्कर हो गई, जिससे ऑटो पलट गया और बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। थानाध्यक्ष रवि रंजन प्रियदर्शी ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त ऑटो और हीरो पैशन प्रो बाइक को जब्त कर लिया गया है। तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि परिजनों से लिखित आवेदन प्राप्त होते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## स्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के सफल संचालन हेतु गहन समीक्षा



**आरा** – स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) / लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अन्तर्गत प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन हेतु भोजपुर जिले में पाँच प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई (ढहटव) का अधिष्ठापन आरा सदर, कोईलवर, उदवंतनगर, संदेश एवं जगदीशपुर प्रखंड परिसर में किया गया है। जिसमें प्लास्टिक के समुचित प्रबंधन हेतु तीन प्रकार का मशीन का अधिष्ठापन किया गया है। जिसमें बेलिंग, कटिंग एवं थ्रेडिंग का कार्य होता है। जिसके सफल संचालन हेतु आज दिनाक 10.04.2026 को उप विकास आयुक्त, भोजपुर द्वारा समीक्षा बैठक किया गया जिसमें प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के सफल संचालन हेतु गहन समीक्षा की गई। इसमें पाया गया कि जिले में कोई भी इच्छुक व्यक्ति, संस्था, एजेंसी, कबाड़ी अपना प्रस्ताव दे सकते है। अपना प्रस्ताव हेतु जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, भोजपुर के कार्यालय में तीन दिनों के अंदर अपना आवेदन दे सकते है। इसकी शर्तें निम्नवत है-

प्लास्टिक कचड़े का सही तरीके से संग्रहण, प्रोसेसिंग एवं रिसाईकलिंग करने का

**अनुभव होना चाहिए :**

तकनीकी और मैनेजमेंट की जानकारी होनी चाहिए। वार्षिक निवेश एवं संचालन की क्षमता, 3 वर्षों के कार्य करने का अनुभव होनी चाहिए।

मैनपावर की उपलब्धता होनी चाहिए।

फायर सफ्टी, वर्कर सफ्टी एवं मशीनरी मेंटनेस आदि।

जो.एस.टी., पैन, कंपनी रजिस्ट्रेशन, पॉल्यूशन सर्टिफिकेट।

प्लास्टिक अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का रख-रखाव, संचालन एवं मैनपावर, बिजली

आदि पर होने वाले व्यय स्वयं वहन करने होगें।

सफल संचालन के उपरांत जिला जल एवं स्वच्छता समिति द्वारा दर निर्धारित का कार्य किया जाएगा।

जिला जल एवं स्वच्छता समिति, भोजपुर को यह पूर्ण अधिकार रहेगा कि इस प्राधिकरण या कायार्देश को आंशिक या पूर्ण रूप से रदद् कर सकता है।

**नोट:-** भोजपुर जिले में इच्छुक व्यक्ति, संस्था, एजेंसी, कबाड़ी अपना प्रस्ताव जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, भोजपुर के कार्यालय में दिनांक 15.04.2026 तक अपराहन 5.00 बजे तक जमा कर सकते है।

## धनगाई में गूंजी ध्रुपद की परंपरा, किलकारी टीम ने खोजी संगीत विरासत

**बिक्रमगंज संवाददाता (चौथी वाणी)।** नगर परिषद क्षेत्र के धनगाई गांव में ध्रुपद की ऐतिहासिक परंपरा एक बार फिर चर्चा में आ गई, जब पटना से आई किलकारी की कोऑर्डिनेटर साधना कुमारी अपनी टीम के साथ शोध यात्रा पर पहुंचीं। टीम ने गांव की सांगीतिक विरासत को समझने और नई पीढ़ी से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की। दौरे की शुरूआत प्राचीन बुढ़वा महादेव मंदिर से हुई, जहां आध्यात्म और संगीत का अनूठा संगम देखने को मिला। मंदिर परिसर में आयोजित भावपूर्ण ध्रुपद प्रस्तुति ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर धनगाई घराना सह डुमरांव घराना के प्रधान कृष्ण मुरारी दुबे एवं अजीत कुमार मलिक ने ध्रुपद की परंपरा, विकास और निरंतरता पर विस्तार से जानकारी दी। टीम ने ध्रुपद सम्राट एवं कवि पंडित धनारंग बाबा से जुड़े स्थलों का भ्रमण कर उनके जीवन



और योगदान को भी जाना। नई दिल्ली से आए सेवानिवृत्त वरीय संगीतज्ञ रामजी मिश्रा ने अपने अनुभव साझा करते हुए ध्रुपद की गहराई और वर्तमान में उसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। इस दौरान मौखिक इतिहास के संकलन पर विशेष जोर दिया गया, ताकि इस प्राचीन परंपरा को संरक्षित कर आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाया जा सके। कार्यक्रम में रंजीत कुमार मलिक, नित्यानंद मिश्रा, सत्यम मिश्रा समेत कई गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। पूरे गांव में आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल रहा। यह दौरा ध्रुपद परंपरा के संरक्षण और पुनर्जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## हिमंत बिस्व सरमा के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन, सासाराम में पुतला फूंका

**सासाराम संवाददाता (चौथी वाणी)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर की गई अभद्र टिप्पणी के खिलाफ रोहतास जिला कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए सासाराम के पोस्ट ऑफिस चौक पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा का पुतला दहन किया। इसका नेतृत्व करते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश पांडेय ने कहा कि हिमंत बिस्व सरमा की भाषा देश की एकता, समानता और बंधुत्व की भावना के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह की टिप्पणी न केवल कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का अपमान है, बल्कि पूरे दलित समाज को आहत करने वाली है। उन्होंने मांग की कि असम के मुख्यमंत्री के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए और चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं होती है तो पार्टी



आगे भी चरणबद्ध आंदोलन चलाएगी। जिलाध्यक्ष ने यह भी कहा कि असम में कांग्रेस की बढ़ती लोकप्रियता से पूरी भाजपा और वहां के मुख्यमंत्री बौखला गए हैं। जिसके कारण इस तरह की बयानबाजी की जा रही है। पुतला दहन कार्यक्रम में महिला कांग्रेस अध्यक्ष रिंकु देवी, राधा प्रसाद सिंह, राजेश्वर कुशवाहा, मनीष चौबे, शमीम अंसारी, अभिमन्यु सिंह, धनंजय मेहता, वीरेंद्र कुशवाहा, मानस रंजन, विजय पाठक, तौफीक अहमद मकरानी, जोखन बिंद, जावेद अख्तर, धनंजय सिंह, ज्ञानचंद ओझा, दीपक शुक्ला, राजेश पांडेय, पीयूष भारद्वाज, दीपक कुशवाहा, धनंजय ओझा, तेजपति राम, रजनीश यादव, सुनील तिवारी, कामेश्वर तिवारी, ललित ठाकुर, सरोज बिंद, शत्रुघ्न पासवान, डीडी यादव, पप्पू पांडेय, सगीर अहमद, संतोष, सरवर आलम, मोहम्मद रिंकू, सुनील पांडेय, सुग्गी पांडेय , राम शंकर पांडेय, संतोष, जान्हवी, आलोक मेहता, रेयाज सलमानी, हसन निजामी, प्रवीण कुमार वर्मा और गयास सलमानी समेत पचासों कार्यकर्ता शामिल हुए।

## बाइक सवार अपराधी ले उड़े लाखों के जेवरात

**नासरीगंज संवाददाता (चौथी वाणी)।** नगर के मुख्य बाजार से कपड़े की दुकान से खरीदारी कर रहे ग्राहक से अपराधियों द्वारा लाखों के जेवरात लेकर फरार हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। यह घटना गुरुवार को उस समय घटी जब काराकाट थानाक्षेत्र के नावाडीह गांव निवासी रामधन राय ने गुरूवार को दोपहर बाद लगभग तीन बजे नासरीगंज के ही एक ज्वेलरी की दुकान से अपनी नातिन की शादी के लिए दो लाख साठ हजार सात सौ रुपये के सोने-चांदी के जेवर खरीदे। और फिर नजदीक की ही कपड़े की दुकान में चले गये। इसी क्रम में आपाची मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात अपराधी आए, दुकान में घुसे और रामधन राय के जेवर का बैग लेकर बड़ी बाजार रोड से हरिहरगंज की ओर फरार हो गये। पीड़ित के शोर मचाने पर कुछ लोगों ने पैदल पीछा भी किया। लेकिन अपराधी फरार होने में सफल रहे। बाद में पीड़ित ने थाने में आवेदन देकर एफ आई आर दर्ज कराई। जिसमें दावा किया गया है कि सीसीटीवी फुटेज के जरीए अपराधियों की पहचान हो सकती है। थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की गहन जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है। और अपराधियों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

## भोजपुर जिला में घरेलू गैस पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध

**आरा( चौथी वाणी दैनिक) –** भोजपुर जिला में घरेलू गैस पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। भोजपुर जिला में गैस की आपूर्ति हेतु इण्डेन के कुल 30 वितरक है, जिनके पास कुल 6768 गैस सिलेण्डर, भारत गैस के कुल 06 वितरक है, जिनके पास कुल 2384 एल०पी०जी० सिलेण्डर एवं हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के कुल 09 वितरक है, जिनके पास कुल 1164 गैस सिलेण्डर है, इस प्रकार कुल 10316 एल०पी०जी० सिलेण्डर आज वितरण हेतु उपलब्ध है। वर्त्तमान में एल०पी०जी० सिलेण्डर डिलीवरी के उपरान्त अगला बुकिंग शहरी क्षेत्रों में 25 दिन एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन पर ही होगा। अपने मोबाईल नंबर पर ओ०टी०पी० प्राप्त कर भेण्डर के माध्यम से ही गैस सिलेण्डर प्राप्त करें। गैस एजेंसी द्वारा होम डिलेवरी करना प्रारंभ कर दिया गया है, इसलिए गैस एजेंसी पर अनावश्यक भीड़ न लगायें एवं पैनिक बुकिंग न करें। जिला में एल०पी०जी० गैस वितरण से संबंधित शिकायत के निराकरण हेतु जिला नियंत्रण कक्ष गठित की गई है, जिसका दूरभाष संख्या 06182-248702 एवं अनुमंडल स्तर पर सदर आरा अनुमंडल का 06182-233325, पीरो अनुमंडल का 06181-223301, जगदीशपुर अनुमंडल का 06181-223048 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## खबरें एक नजर में

### अमृत भारत स्टेशन की अब स्पेशल सुरक्षा रेंजर ट्रैकर की निगरानी में, पुणे सुपौल, इंटरसिटी सहित कई ट्रेन को किया विशेष निरीक्षण, समस्तीपुर से सहरसा जंक्शन पहुंची रेंजर डॉग

**सहरसा षहर (चैथी वाणी)।** अमृत भारत स्टेशन के तहत नवनिर्मित सहरसा जंक्शन की निगरानी अब रेंजर ट्रैकर डॉग के हवाले किया गया है। सहरसा जंक्शन की स्पेशल सुरक्षा अब रेंजर के निगरानी मै होगी।शुक्रवार को समस्तीपुर जंक्शन



से 15284 जानकी एक्सप्रेस को खंगालते हुए डॉग स्क्वायड टीम के साथ रेंजर ट्रैकर सहरसा जंक्शन पहुंची आरपीएफ इंस्पेक्टर धनंजय कुमार यादव के नेतृत्व में शुक्रवार को हर आने जाने वाली ट्रेन और जंक्शन का चप्पा चप्पा रेंजर द्वारा निरीक्षण किया गया। साथ में सब इंस्पेक्टर सुजीत कुमार मिश्रा के अलावा रेलवे सुरक्षा बल के कई टीम भी मौजूद थी। दिल्ली से स्पेशल ट्रेनिंग लेकर शुक्रवार को रेंजर सहरसा जंक्शन पहुंचा सुबह से शाम तक सकुर्लेटिंग एरिया प्लेटफार्म के अलावा कई ट्रेनों को खंगाला। इसके अलावा कई महत्वपूर्ण ट्रेनों को भी खंगाला सहरसा जंक्शन पर स्पेशल चेकिंग में डॉग स्क्वायड टीम में रंजय और दिलीप साह भी शामिल थे।रेलवे सुरक्षा बल के साथ रेंजर ने महत्वपूर्ण ट्रेनों में विस्फोटक पदार्थ की जांच की समस्तीपुर से सहरसा तक जानकी एक्सप्रेस, सहरसा राजेंद्र नगर इंटरसिटी एक्सप्रेस, हाटे बाजार एक्सप्रेस, सहरसा बेंगलुरु सुपरफास्ट के अलावा सुपौल पुणे एक्सप्रेस के हर कोच की जांच की गई। इसके बाद सहरसा से समस्तीपुर तक सहरसा अहमदाबाद एक्सप्रेस का विशेष चेकिंग किया गया। दिल्ली से स्पेशल ट्रेनिंग लेकर रेंजर समस्तीपुर जंक्शन पहुंचा उसके बाद समस्तीपुर मानसी सहरसा चेकिंग के लिए भेजा गया शुक्रवार को खबर लिखिए जाने तक चेकिंग जारी रही।

### कमरों की कमी से जूझ रहा प्राथमिक विद्यालय बथनाही, छात्रों की पढ़ाई प्रभावित

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (चैथी वाणी)।** प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय



बथनाही में इन दिनों छात्र-छात्राओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय में मात्र तीन कमरे होने के कारण कक्षा एक से लेकर पांचवीं तक की पढ़ाई इन्हीं कमरों में संचालित की जा रही है। इससे न केवल बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, बल्कि शिक्षकों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक शंकर चैधरी ने बताया कि स्कूल में कुल 155 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं, जबकि शिक्षकों की संख्या 6 है। सीमित संसाधनों के बीच इन्हीं तीन कमरों में कक्षाएं, कार्यालय कार्य और अन्य गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। जगह की कमी के कारण कई बार एक ही कमरे में एक से अधिक कक्षाओं को बैठाकर पढ़ाना पड़ता है, जिससे पढ़ाई का माहौल बाधित होता है। उन्होंने बताया कि कमरे की कमी के कारण बच्चों को बैठने और पढ़ने में असुविधा होती है, वहीं शिक्षकों के लिए भी पढ़ाई को व्यवस्थित तरीके से संचालित करना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द अतिरिक्त कक्ष निर्माण की मांग की है, ताकि बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके।

### लखीसराय मंडल कारा का निरीक्षण,बंदियों की सुविधाओं का जिला जज ने लिया जायजा

**चौथीवाणी/लखीसराय/** जिले के मंडल कारा लखीसराय का शुक्रवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार शर्मा ने निरीक्षण किया। इस दौरान




जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विधानंद सागर भी मौजूद रहे।निरीक्षण के क्रम में न्यायाधीश ने महिला वार्ड सहित अन्य वार्डों का दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बंदियों से सीधे बातचीत कर उन्हें मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। बंदियों ने उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं को संतोषजनक बताया।इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा प्रदान की जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी भी बंदियों को दी गई। अधिकारियों ने कैदियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने पर विशेष जोर दिया।
निरीक्षण के दौरान कैन्टीन,रसोईघर और अस्पताल की भी जांच की गई तथा वहां उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की गई। न्यायाधीश ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बंदियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं विधिसम्मत और व्यवस्थित तरीके से सुनिश्चित की जाएं।

# बेगूसराय जिला परिषद में बगावत से मचा हड़कंप

(नंदकिशोर सिंह)

**बेगूसराय(चौथी वाणी)** जिला परिषद बेगूसराय में सियासी हलचल तेज हो गई है। जिला परिषद अध्यक्ष सुरेंद्र पासवान के खिलाफ 27 पार्षदों ने अविश्वास प्रस्ताव दायर कर दिया है। इस कदम से जिला परिषद की राजनीति में हड़कंप मच गया है। अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले पार्षदों ने अध्यक्ष पर भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी और कार्यों में भारी अनियमितता जैसे गंभीर आरोप लगायें है। पार्षदों का कहना है कि अध्यक्ष के कार्यकाल में विकास कार्य प्रभावित हुये हैं और पारदर्शिता का अभाव रहा है। 27 पार्षदों का समर्थन मिलने के बाद अविश्वास प्रस्ताव के पारित होने की संभावना प्रबल मानी जा रही है। यदि प्रस्ताव पारित हो जाता है, तो अध्यक्ष पद पर बदलाव होना तय माना जा रहा है। जिला परिषद के 27 पार्षद सदस्यों ने डीएम श्रीकांत शास्त्री और डीडीसी आकाश चौधरी को जिला परिषद अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव दायर किया है। दिये गये आवेदन में यह



अध्यक्ष सुरेंद्र पासवान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव दायर

उल्लेख किया गया है कि माननीय सुप्रीम कोर्ट के एसएलपी सिविल डायरी नंबर (एस)- 2168 / 2025 के निर्देश के आलोक में बेगूसराय जिप के अध्यक्ष के बिहार पंचायती राज अधिनियम 2006 का लगातार उल्लंघन करते हुये विधि संवत विरोधी, मनमानी पूर्ण भ्रष्ट, शिथिल एवं अकर्मण्य कार्यशैली के विरुद्ध 2 वर्ष पूर्व भी 4 अप्रैल 2024 को लगाये गये अविश्वास प्रस्ताव के संदर्भ में विस्तृत विमर्श,बहस और मत विभाजन के लिये बेगूसराय जिप सदस्यों की विशेष बैठक सत्र आयोजित करने का अनुरोध डीएम से किया है। मालूम हो कि पिछली बार 13 जिप के सदस्यों ने अध्यक्ष सुरेंद्र पासवान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का आवेदन दिया था। जिसमें 6 जिप सदस्य अविश्वास प्रस्ताव में उपस्थित हुये थे। जिसके कारण अविश्वास प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया था। इस संदर्भ में जिला परिषद के अध्यक्ष सुरेंद्र पासवान से पूछने पर उन्होंने मीडिया को यह बताया कि अविश्वास प्रस्ताव पार्षद सदस्यों के द्वारा लगाने की खबर आपके द्वारा हमें मिली है। यह अविश्वास प्रस्ताव लगाकर सिर्फ जिला परिषद में राजनीतिक करके विकास कार्यों को अवरुद्ध पार्षद के सदस्य करना चाहते है। मुझे किसी भी जिप सदस्यों से कोई भी शिकायत नहीं है। जिन 27 जिला परिषद के सदस्यों ने अध्यक्ष के ऊपर अविश्वास का प्रस्ताव लगाये है। उनका नाम इस प्रकार है। 35 के पार्षद अंजनी कुमार सिंह, 15 की शिल्पी कुमारी, 23 के चंदन कुमार, 18 की सुनीता देवी, 04 के राम प्रकाश पासवान, 01 की रूबी कुमारी, 02 के मनमोहन महतो,06 के पंकज कुमार शर्मा, 07 की पुष्पा देवी, 08 की प्रेमलता कुमारी, 11 की किरण कुमारी, 34 के झुन्ना सिंह,

33 के अमित कुमार, 17 के प्रवीण शेखर,16 की रीता देवी, 19 के राजीव कुमार सिंह, 31 की निरुपमा कुमारी, 12 के घनश्याम राय, 22 की ऋतु कुमारी, 32 की खुशबू देवी, 10 की ममता कुमारी, 09 के संजीव कुमार शर्मा, 24 के नंदलाल राय, 25 की सरिता देवी, 14 की किरण देवी, 30 की ममता कुमारी और 05 के दिनेश चौरसिया के नाम आवेदन पत्र में शामिल है।

## कांग्रेस पार्टी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्वशर्मा का फुका पुतला



**सहरसा शहर ( चौथी वाणी)।** जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा शुक्रवार को जिला अध्यक्ष मुकेश झा के नेतृत्व मे शुक्रवार को वीर कुंवर सिंह चैक पर असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्वशर्मा का पुतला दहन किया गया। जिला अध्यक्ष मुकेश झा ने कहा हिमनता विश्व शर्मा द्वारा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राज्य सभा मे विपक्ष के नेता दलित समाज से आने वाले मल्लिका अर्जुन खड़गे को पागल बूढा कहकर सिर्फ खड़गे जी का नहीं बल्कि पुरे दलित समाज का अपमान किया है। कांग्रेस पार्टी हिमंता विश्व शर्मा के बयान की कड़ी निंदा करती है। भाजपा ये समझ चुकी की असम मे वो बुरी तरह से हार रही है तो उसके नेता अनर्गल बयानबाजी पर उतर आये है। भारत के सबसे भ्रष्टतम मुख्यमंत्री मे शुमार हिमंता विश्व शर्मा की पत्नी के नाम से 3 देशों के पासपोर्ट का 52 हजार करोड़ की संपत्ति के खुलासा से पूरी भाजपा बौखला गयीं है। पुतला दहन मे नईम उद्दीन, दीवाकांत गिरी, महताब आरिफ, कहरा अध्यक्ष पंकज सिंह, सत्तर कटैया अध्यक्ष भारत नारायण झा,अबुल फराह साजली,अकबर आलम,मृणाल कामेश, मनीष कुमार, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष नितीश यादव, रामकुमार पासवान, अशोक राम, प्रशांत यादव संजीव यादव, इला कुमारी पासवान शोभाकांत झा, रामशरण यादव, कमलेश्वरी पासवान, अरुण यादव, राजेश राजा, भरत झा, बैद्यनाथ झा, विधान चंद्र झा, विवेक कुमार, विजय कुमार, संजय शर्मा, अजय यादव पप्पू यादव, सिकंदर यादव, अमरजीत यादव, रणधीर यादव, हिमांशु यादव, बाबुल सौरभ आनंद, पिंकेश यदुवंशी सहित अन्य मौजूद रहें।

## महिला आयोग सदस्य पिंकी कुशवाहा ने सखी वन स्टॉप सेंटर का किया निरीक्षण,कार्यों से जताई संतुष्टि



**चौथीवाणी/लखीसराय/**बिहार राज्य महिला आयोग की सदस्य पिंकी कुशवाहा ने सखी वन स्टॉप सेंटर, लखीसराय का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस) सह नोडल पदाधिकारी मिशन शक्ति वंदना पाण्डेय ने अंगवस्त्र एवं नवपौधा देकर उनका स्वागत किया। वहीं महिला एवं बाल विकास निगम, लखीसराय के जिला परियोजना प्रबंधक डॉ. मनोज कुमार सिन्हा ने भी पौधा भेंट कर स्वागत किया।निरीक्षण के क्रम में सखी वन स्टॉप सेंटर में दर्ज एवं निष्पादित मामलों की समीक्षा की गई। मामलों की प्रकृति में घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, द्वितीय विवाह, यौन उत्पीड़न, मानव तस्करी सहित अन्य मामलों की स्थिति का अवलोकन किया गया। केंद्र में सुचारू रूप से कार्य संचालन को लेकर माननीय सदस्य ने संतोष व्यक्त किया।इसके साथ ही उन्होंने हब कार्यालय (महिला सशक्तिकरण केंद्र) का भी निरीक्षण किया, जहां आगंतुकों की उपस्थिति, ह्यसखी वार्ताॠ कार्यक्रम तथा ह्यबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओॠ के तहत चल रहे जागरूकता अभियानों की सराहना की। उन्होंने महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा संचालित अन्य योजनाओं की भी जानकारी ली और सभी कर्मियों के कार्यों की प्रशंसा की।
इस दौरान उन्होंने ह्यसखी वार्ताॠ कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने तथा जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए जागरूकता कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने की सलाह दी।मौके पर सखी वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक पूनम कुमारी, हब कार्यालय के जिला मिशन समन्वयक प्रशांत कुमार, लैंगिक विशेषज्ञ किस्मत कुमारी, केस वर्कर निभा एवं सरिता, परामर्शी नूतन कुमारी, वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ अमित कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## एलपीजी आपूर्ति को लेकर लखीसराय प्रशासन सख्त, जमाखोरों पर कड़ी नजर




**चौथीवाणी/लखीसराय/** मध्य पूर्व में जारी युद्ध के चलते एलपीजी गैस आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। गैस एजेंसियों पर संभावित भीड़ और कालाबाजारी को रोकने के लिए प्रशासन ने विशेष निगरानी व्यवस्था लागू की है।प्रशासन द्वारा सभी प्रखंडों में प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी और संबंधित थानाध्यक्ष की त्रिसदस्यीय टीम गठित की गई है, जो लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर कालाबाजारी पर नजर रखेगी।8अप्रैल 2026 को इस अभियान के तहत एक निरीक्षण भी किया गया।सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे नियमित रूप से छापेमारी करें, रिपोर्ट जिला पदाधिकारी को भेजें और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी सुनिश्चित करें। साथ ही, एलपीजी वितरकों को चेतावनी दी गई है कि जमाखोरी या कालाबाजारी पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।जनता की शिकायतों के निस्तारण के लिए समाहरणालय लखीसराय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका हेल्पलाइन नंबर 06346-232952 जारी किया गया है।जिले में वर्तमान में 16 गैस एजेंसियां संचालित हैं और 3085 गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं। इसके अलावा बड़हिया नगर परिषद और लखीसराय नगर परिषद क्षेत्र में क्ल्र्ल्लि ढ्र' उड्ड१स्त्रड्ड१३ड्डल्ल छेशी द्वारा पाइप नेचुरल गैस (ढठत्र्) की आपूर्ति भी की जा रही है। जिन परिवारों ने अभी तक ढठत्र् कनेक्शन नहीं लिया है, वे निर्धारित मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि गैस की कोई कमी नहीं है, इसलिए घबराने या अनावश्यक भीड़ लगाने से बचें। आवश्यकतानुसार ही गैस सिलेंडर प्राप्त करें। साथ ही बताया गया कि घरेलू उपभोक्ता अंतिम डिलीवरी के 25 दिन बाद ही नया सिलेंडर बुक कर सकते हैं और बुकिंग के 2-3 दिनों के भीतर आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

## संत पॉल पब्लिक स्कूल तेघड़ा में अलंकरण समारोह का हुआ आयोजन

**तेघड़ा/बेगूसराय (चौथी वाणी)** संत पॉल पब्लिक स्कूल, तेघड़ा में नये शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के अवसर पर परंपरागत रूप से अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक सुनील कुमार सिंह, प्रेसिडेंट लक्ष्मी कुमारी, प्राचार्या तनु सौरभ, समन्वयक राम कुमार मिश्रा, सुरेन्द्र कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मंच संचालन राम कुमार मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की गतिविधियों के सुचारू संचालन हेतु विभिन्न पदों पर छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। स्कूल स्पोर्ट्स कप्तान के रूप में आराध्या कुमारी एवं हर्ष राज, अनुशासन कप्तान के रूप में अभिनव कुमार एवं महालक्ष्मी, सीसीए कप्तान के रूप में ईशान राज एवं आरिफा फातिमा, तथा स्कूल उप-कप्तान के रूप में आशीष राज एवं राधिका कुमारी को जिम्मेदारी सौंपी गई। इसी क्रम में विभिन्न हाउसों के कप्तान भी नियुक्त किये गये भाभा हाउस से राजीव कुमार एवं नाव्या, डार्विन हाउस से मो. आजाद एवं रोशनी कुमारी, न्यूटन हाउस से प्रणव राज एवं आराध्या कुमारी, तथा रमन हाउस से आशुतोष कुमार एवं अनुष्का वर्णवाल को यह दायित्व प्रदान किया गया। हाउस मास्टर के रूप में भाभा हाउस से काजल कुमारी, डार्विन हाउस से सौरभ कुमार, न्यूटन हाउस से ब्यूटी कुमारी एवं रमन हाउस से पुष्कर कुमार को जिम्मेदारी दी




गई। इस अवसर पर प्रबंधक, प्रेसिडेंट एवं प्राचार्या द्वारा सभी चयनित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को टाई, बैज एवं अन्य प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में प्रबंधक सुनील कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को जिम्मेदारी का बोध कराते हुये उन्हें कर्तव्यनिष्ठ एवं अनुशासित बनने की प्रेरणा दी तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। प्राचार्या तनु सौरभ ने सभी चयनित विद्यार्थियों से अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कंचन कुमारी, प्रेम माधुरी, भारती सिंह, राकेश कुमार, सचित के रामचंद्रन, प्रफुल्ल कुमार एवं सोमनाथ मांझी सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मां वैष्णो देवी सेवा समिति द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह के 14वीं संस्करण का आयोजन 21 जून को

**पटना (चौथी वाणी)** पटना सामाजिक सेवा के क्षेत्र में लगातार सराहनीय कार्य कर रही मां वैष्णो देवी सेवा समिति, पटना एक बार फिर मानवता का उदाहरण प्रस्तुत करने जा रही है। समिति द्वारा इस वर्ष 14वीं बार 51 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह आगामी 21 जून (रविवार) को आयोजित किया जाएगा।समिति के संयोजक कन्हैया अग्रवाल ह्यकन्नूह्ल ने बताया कि यह आयोजन खासतौर पर उन जरूरतमंद जोड़ों के लिए है, जिनकी शादी तय हो चुकी है लेकिन आर्थिक तंगी या उचित स्थान की कमी के कारण विवाह नहीं हो पा रहा है। ऐसे सभी जोड़ों का विवाह समिति द्वारा पूरी विधि-विधान से संपन्न कराया जाएगा।

सह-संयोजक जितेन्द्र कुमार ह्यजीतूह्ल ने जानकारी दी कि विवाह कार्यक्रम में 51 मंडप और 51 पंडितों द्वारा सभी धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ शादी कराई जाएगी। इसके अलावा नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी बसाने के लिए आवश्यक उपहार सामग्री भी प्रदान की जाएगी।उन्होंने बताया कि विवाह समारोह को भव्य बनाने के लिए राणा प्रताप भवन मछुआटोली से बैंड-बाजे के साथ बारात निकाली जाएगी, इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा।समिति के आलोक आजाद के अनुसार पिछले 14 वर्षों से अब तक इस पहल के तहत 636 सफल जोड़ियों का विवाह कराया जा चुका है और इस वर्ष भी उसी परंपरा को आगे बढ़ाया जा रहा है।इस आयोजन में शामिल होने के लिए निःशुल्क रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है, जिसकी अंतिम तिथि 15 मई निर्धारित की गई है। इच्छुक जोड़े आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद इस सामूहिक विवाह में शामिल हो सकते हैं। समिति ने स्पष्ट किया है कि इस आयोजन में किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। वर पक्ष से 12 और वधु पक्ष से 12 लोग समारोह में शामिल होकर विवाह की सभी रस्में पूरी कर सकते हैं।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रधान सहायकों के साथ आयोजित बैठक में निर्धारित दायित्वों के सम्यक निर्वहन का निर्देश

**सहरसा ( चौथी वाणी)**षुक्रवार को स्थानीय विकास भवन में जिलाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय प्रखंड, अंचल एवं बाल विकास परियोजना कार्यालयों से संबंधित प्रधान सहायकों, नाजिर के साथ आयोजित बैठक में निर्धारित कार्यों के सम्यक निष्पादन एवं उत्कृष्ट कार्यालय



प्रबंधन हेतु ठोस कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया गया है। समीक्षात्मक बैठक के दौरान लंबित पत्र, रोकड़ पंजी, जनशिकायत, न्यायालय, अंकेक्षण,सेवांत लाभ, विभागीय कारवाई से संबंधित प्रतिवेदन की वर्तमान स्थिति के संदर्भ में समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में उक्त वर्णित बिंदुओं के संदर्भ में कुछ कार्यालयों में मामले लंबित, अप्राप्त पाए गए है, जिसके कारण नाराजगी व्यक्त की गई। तदनुसार संबंधित कार्यालयों को सेवान्त लाभ, विभागीय कारवाई, विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त जनशिकायत, न्यायालय से संबंधित लंबित मामलों एवं अंकेक्षण संबंधित लंबित आपत्तियों को यथाशीघ्र निष्पादित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। सभी कार्यालयों को रोकड़ एवं अन्य पंजीयों, अभिलेखों के समुचित संधारण के साथ-साथ कार्यालय के उत्कृष्ट प्रबंधन हेतु तत्काल ठोस कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया है। बैठक में अपर समाहर्ता निशांत, स्थापना उप समाहर्ता अभिनव भास्कर सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## प्राथमिक विद्यालय में वर्ग पांच के बच्चो का विदाई समारोह आयोजित

**रुपौली/ पूर्णिया ( चौथी वाणी)**रुपौली प्रखंड के अंतर्गत नाथपुर पंचायत के प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मीनियाँ में वर्ग पांच के छात्र एवं छात्राओं को आगे के वर्ग में जाने के लिए विदाई समारोह किया गया इस विद्यालय में वर्ग 1 से लेकर वर्ग पांच के बच्चों का इसा विद्यालय में पाठन किया जाता हैं अब इस समारोह में वर्ग पांच के छात्र एवं छात्राओं को सर्टिफिकेट देकर विदाई किया।



समारोह के उपलक्ष्य में नाथपुर पंचायत के मुखिया विजय कुमार मंडल ने भी छात्र एवं छात्राओं का उत्साह बढ़ाया और बताया कि आप लोग खूब मेहनत करते रहिए और अपने पंचायत एवं गांव का नाम रोशन करते रहे और अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक परमानंद भारती, शिक्षक अमरेश कुमार शर्मा, सोनम कश्यप, सुमन कुमारी, जूली प्रियम देवव्रत कुमार एवं वार्ड सदस्य वार्ड 7 के अशोक कुमार वार्ड 8 के सुमन कुमार एवं ग्रामीण भारी संख्या में उपस्थित हो कर वर्ग पांच के छात्र एवं छात्राओं को विद्यालय से सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

## ज्यूडिशियल काउंसिल शीघ्र ही प्रमुख शहरों में लीगल एड सेंटर शुरू करेगा

**नई दिल्ली ( चौथी वाणी)** ज्यूडिशियल काउंसिल ने देशभर में न्याय तक पहुंच को मजबूत बनाने, कानूनी जागरूकता बढ़ाने और जनसहायता सेवाओं को विस्तार देने के उद्देश्य से विभिन्न शहरों में लीगल एड सेंटर खोलने की घोषणा की है। इस महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत शीघ्र ही नई दिल्ली, देहरादून, कानपुर, लखनऊ, फतेहपुर, जयपुर, सुल्तानपुर, इटावा और भरतपुर में लीगल एड सेंटर कार्य प्रारम्भ करेंगे।यह विस्तार ज्यूडिशियल काउंसिल की उस निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ता है जिसके माध्यम से समाज के हर वर्ग तक कानूनी सहायता पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है, विशेषकर गरीब, वंचित, महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक, मजदूर, विद्यार्थी तथा अन्याय के पीड़ित लोग,




जिन्हें समय पर कानूनी मार्गदर्शन प्राप्त करने में अक्सर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।प्रस्तावित लीगल एड सेंटर समर्पित जनसहायता केंद्रों के रूप में कार्य करेंगे, जहां नागरिकों को प्रारंभिक कानूनी परामर्श, दस्तावेजी मार्गदर्शन, शिकायत निवारण सहायता, कानूनी जागरूकता सामग्री तथा उनके संवैधानिक और विधिक अधिकारों को समझने में सहायता प्रदान की जाएगी। ये केंद्र नागरिक विवाद, पारिवारिक मामलों, उपभोक्ता शिकायतों, साइबर शिकायतों, वरिष्ठ नागरिक संरक्षण, महिला अधिकार, बाल कल्याण, श्रम विवाद और जनहित से जुड़े मामलों में भी मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

ज्यूडिशियल काउंसिल के चेयरमैन श्री राजीव अग्निहोत्री ने कहा, ह्लइन केंद्रों की स्थापना का उद्देश्य नागरिकों और न्याय व्यवस्था के बीच की दूरी को कम करना है, ताकि जमीनी स्तर पर लोगों को कानूनी जानकारी और प्रक्रियात्मक सहायता उपलब्ध कराई जा सके। न्याय केवल अदालतों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि हर नागरिक तक उसके द्वार पर पहुंचना चाहिए। इन लीगल एड सेंटरों के माध्यम से ज्यूडिशियल काउंसिल लोगों को कानूनी जागरूकता और त्वरित सहायता प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना चाहती है, ताकि कोई भी व्यक्ति केवल जानकारी या संसाधनों की कमी के कारण न्याय से वंचित न रहे।ह्व

अग्निहोत्री ने आगे बताया कि प्रत्येक केंद्र का संचालन अधिवक्ताओं, स्वयंसेवकों, सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों, सामाजिक कार्यकताओं तथा समाज सेवा की भावना रखने वाले लोगों के सहयोग से किया जाएगा, जिससे आम जनता को जिम्मेदार और सुव्यवस्थित सहायता मिल सके।

इन केंद्रों के माध्यम से कानूनी साक्षरता शिविर, भ्रष्टाचार विरोधी जागरूकता अभियान, महिला एवं बाल संरक्षण कार्यशालाएं, वरिष्ठ नागरिक सहायता प्रकोष्ठ तथा युवाओं के लिए विधिक शिक्षा कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। साथ ही, इन केंद्रों द्वारा शैक्षणिक संस्थानों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों, गैर-सरकारी संगठनों (ठॠड२) और नागरिक समाज के समूहों के साथ सहयोग कर व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। प्रत्यक्ष (वॉक-इन) कानूनी सहायता के अतिरिक्त, इन केंद्रों में टेलीफोनिक मार्गदर्शन और शिकायत सहायता प्रणाली भी शुरू की जाएगी, जिससे आसपास के ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के लोग भी बिना देरी के सहायता प्राप्त कर सकें।

ज्यूडिशियल काउंसिल का मानना है कि राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली, देहरादून, लखनऊ, जयपुर सहित कानपुर, फतेहपुर, सुल्तानपुर, इटावा और भरतपुर जैसे प्रमुख क्षेत्रीय शहरों में इन केंद्रों की स्थापना से उत्तर भारत में नागरिकों के लिए एक मजबूत कानूनी सहायता नेटवर्क तैयार होगा। यह न्याय तक पहुंच की पहल एक कानूनी रूप से जागरूक और सशक्त समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। यह पहल ज्यूडिशियल काउंसिल की उस व्यापक दृष्टि की पुनः पुष्टि करती है, जिसके अंतर्गत कानून का शासन, संवैधानिक मूल्यों का संरक्षण, विधिक सशक्तिकरण, भ्रष्टाचार के विरुद्ध सतर्कता और सभी के लिए समान न्याय तक पहुंच को बढ़ावा देना शामिल है।

## बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के पुरोधा सदस्य कोदन शाही का 89 वर्ष की अवस्था में दुःखद निधन हो गया

### प्राथमिक शिक्षक संघ मोतीपुर ने स्व० शाही के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया

**मोतीपुर (चौथी वाणी)**बरुराज निवासी बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के पुरोधा सदस्य कोदन शाही का 89 वर्ष की अवस्था में दुःखद निधन हो गया। प्राथमिक शिक्षक संघ मोतीपुर ने स्व० शाही के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और उनके प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया है।प्राथमिक शिक्षक संघ मोतीपुर के सचिव पवन कुमार प्रतापी और अध्यक्ष अशोक कुमार राय ने कहा कि स्वर्गीय कोदन शाही साहेबगंज के उर्दू विद्यालय से सेवानिवृत हुए थे एवं उन्होंने शिक्षकों के आंदोलन के लिए जेल भरो आंदोलन समेत शिक्षकों एवं शिक्षा में व्यापक सुधारों के लिए बड़े-बड़े आंदोलनों में भाग लिया। स्वर्गीय कोदन शाही के निधन से शिक्षकों में शोक की लहर है और यह शिक्षक संघ के लिए एक अपूरणीय क्षति है। वे शिक्षक संघ के मजबूत स्तम्भ थे।



स्वर्गीय कोदन शाही के निधन पर प्रखण्ड संघ के सम्मानित अध्यक्ष सुरेश कुमार सुमन, सम्मानित सचिव रामजन्म सिंह, वरीय उपाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, उप सचिव इन्द्र भूषण, अनीत कुमार संत, सुरेश कुमार निराला, शैलेन्द्र कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, जीतेन्द्र कुमार, उपेन्द्र कुमार, मुकेश कुमार, सनोज कुमार, मीडिया प्रभारी अरुण अकेला, उमेश कुमार ने शोक व्यक्त किया और उनके ज्येष्ठ पुत्र श्री जयप्रकाश शाही से भेंट कर दिवंगत के परिवारजनों के लिए संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## किड्स जोन में एनुअल डे 2026 का हुआ आयोजन, किडस जोन स्कूल दिवंगत पार्षद सिद्धि प्रिया का ड्रीम प्रोजेक्ट है जिसमें होती सस्ती पढ़ाईः बेन प्रिया

**सहरसा शहर ( चौथी वाणी)**। शहर के सिद्धि प्रिया हाउस बटराहा स्थित किड्स जोन में स्कूल का एनुअल डे समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर निगम की महापौर बेन प्रिया ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर स्कूल के निदेशक एससी खां की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य प्रीति झा, शिक्षक त्रिगुण झा,बरूण मिश्रा, भारती झा, जुही गुप्ता, अन्नु कुमारी सहित अन्य ने अंग वस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन विनय पाठक ने किया। इस मौके पर महापौर बेन प्रिया ने कहा कि यह स्कूल दिवंगत पार्षद सिद्धि प्रिया का ड्रीम प्रोजेक्ट था, जिसमें आमलोगों के बच्चों को कम खर्च में बेहतर शिक्षा देने की जो मुहिम थी वह रंग लाती दिख रही है। सभी निजी स्कूल




इसी तरह शिक्षा का माध्यम बने न की व्यवसायिक बन अभिभावकों का शोषण करे। सस्ती किताब और ड्रेस मिलनी चाहिए। उन्होंने स्कूल संचालक को साधुवाद दिया।इस मौके पर बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण की प्रस्तुति दी गयी। इसके बाद महापौर द्वारा बच्चों को प्रतीक चिह्न व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर स्थानीय चंद्रमोहन ठाकुर, रामनाथ झा, अनिल झा, उदय खां, गुडू राय, विभाष झा, अरूण मिश्र, अमित दौलत, मनोज साह, आशीर्वाद झा, रतन खां, अजित यादव, विनोद सोनी सहित अन्य मौजूद थे।

## समाजसेवी मिथिलेश सिंह के मरणोपरांत अर्जक पद्धति से शोक सभा का आयोजन

### वक्ताओं ने कहा-स्वर्ग -नरक की कल्पना बेतुका

**गया (चौथी वाणी )गया।** जिले के बाराचट्टी प्रखंड स्थित मायापुर गांव में अर्जक संघ के तत्वाधान में समाजसेवी मिथिलेश सिंह के मृत्युपरांत अर्जक पद्धति से शोक सभा का आयोजन किया गया। शिक्षक सुरेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित शोक सभा में मुख्य अतिथि के रूप में आए मानववादी विचारक वीरेंद्र कुमार अर्जक ने कहा कि अर्जक संघ छुआछूत, ऊंच नीच व जाति पांति पर आधारित विषमतामूलक संस्कृति को खत्म कर समता ,बंधुत्व एवं वैज्ञानिक सोच पर आधारित मानववादी संस्कृति को अपने पर बल दिया। वहीं अर्जक संघ के जिलामंत्री सह पत्रकार विनोद विरोधी ने दिवंगत मिथिलेश कुमार सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि स्वर्ग- नरक की कल्पना बेतुका है। कर्मकांड के नाम पर परिजनों को शोषण का शिकार बनाया जाता हैं। ऐसी परंपरागत रूढ़ियों से सावधान रहने की आवश्यकता है। इस अवसर पर मृतक के बेटे राजेश रंजन, रवि रंजन एवं आलोक रंजन, बेटी सुषमा कुमारी एवं खुशबू कुमारी तथा बहू समेत अन्य परिजनों ने दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन व्यक्त किया ।शोक सभा में मौजूद अन्य लोगों में बृजेश कुमार सिंह (समधी) ,उपेंद्र प्रसाद, संजय सिंह, शिक्षक अजय कुमार, संजय मंडल, शकुंतला देवी आदि शामिल रहे। सभा के अंत में एक मिनट का मौन रखकर मृतक के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त की गई।

## देश के हजारों संस्थाओं को निरस्त या कुल औफ कर दिया गया है

**दिल्ली (चौथी वाणी)** दिल्ली संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा गुरु शिष्य परंपरा (रिपट्री ग्रांट) के लिए मिलने वाले वेतन अनुदान को देश के हजारों संस्थाओं को निरस्त या कुल औफ कर दिया गया है। ऐसी संस्थाओं में बिहार के भी लगभग 90 संस्थाऐ है। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के इस तुगलकी फरमान 18 राज्यों 250 के करीब कलाकार उपस्थित रहे बिहार से लगभग 30 रंगकर्मी दिल्ली पहुंचे। बिहार के रंगकर्मियों ने अपना एक विज्ञप्ति श्री मनोज तिवारी और संस्कार भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिजित गोखले को दिया। बिहार से आए कलाकारों में मनीष महिवाल, अमित रौशन, डॉ. शैलेंद्र, मिथिलेश सिंह, मो जानी, सनद कुमार, गणेश गौरव, मो जहांगीर खान,आजाद हुसैन, पप्पु ठाकुर, हरिशंकर रवि,अजित चोहान, भारतेन्दु चौहान आदि ने मनोज तिवारी और संस्कार भारती दिल्ली से इस संबंध में मुलाकात की, माननीय सांसद मनोज तिवारी और संस्कार भारती दिल्ली अध्यक्ष अभिजित गोखले ने कलाकारो की बात सुनी और आश्वासन दिया की मंत्रालय और इसके क्रेंद्रिय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से कलाकारों के हित में बात रखेंगे।



## पटना में 11 से 13 अप्रैल तक निःशुल्क कृत्रिम अंग वितरण शिविर, दिव्यांगजनों को मिलेगा नया सहारा

**पटना (चौथी वाणी)** पटना समाज सेवा और मानवता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए, रोटरी क्लब ऑफ चाणक्य, पटना (डिस्ट्रिक्ट 3250) द्वारा आज 11, से 13 अप्रैल 2026 को तीन दिवसीय निःशुल्क कृत्रिम अंग वितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर महाराणा प्रताप भवन, आर्य कुमार रोड, पटना झ 800004 में आयोजित होगा, जहाँ जरूरतमंद एवं दिव्यांगजन को निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को चलने-फिरने में सक्षम बनाना ही नहीं, बल्कि उनके जीवन में आत्मनिर्भरता, आत्मसम्मान और नई आशा का संचार करना भी है। तीन दिवसीय इस शिविर के दौरान विशेषज्ञों की टीम द्वारा लाभार्थियों का परीक्षण, माप एवं फिटिंग की जाएगी तथा उच्च गुणवत्ता वाले कृत्रिम अंग प्रदान किए जाएंगे। क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन अभिषेक अपूर्व एवं प्रोजेक्ट चेयर रोटेरियन कमल बिदासरिया ने आम जनता एवं सामाजिक संस्थाओं से अपील की है कि वे इस सेवा कार्य की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाएँ, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद इस अवसर का लाभ उठा सकें। एमपी जैन ने कहा कि, ह्लएक छोटा प्रयास किसी के जीवन में फिर से चलने की ताकत और जीने की नई दिशा दे सकता है।



## बिराटपुर गांव के एक सुनसान घर में पांच लाख की हुई बड़ी चोरी प्रशासन को चुनौती, सोनवर्षा थाना क्षेत्र में लगातार हो रही है चोरी लेकिन पुलिस प्रशासन मौन बना है

**सोनवषाराज (सहरसा) (चौथी वाणी)** । स्थानीय थाना क्षेत्र में इन दिनों लगातार चोरी की घटना दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है लेकिन पुलिस प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है ये बड़ा सवाल है। स्थानीय थाना क्षेत्र के विराटपुर गांव के वार्ड नंबर 8 स्थित एक सूनसान घरों में अज्ञात चोरों के द्वारा ताला तोड़कर करीब पांच लाख की चोरी करने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जो सोनवर्षा राज थाना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है। इतना ही नहीं आजतक सोनवर्षा पुलिस चोरी के छिटपुट घटनाओं को छोड़कर बड़ी चोरी के मामले का उद्भेदन करने में असमर्थ रही है। जिससे आमजनों में भारी आक्रोश है। घटना कि जानकारी गृहस्वामी विराटपुर गांव निवासी बिबेक सिंह उर्फ सदाशिव सिंह को शुक्रवार को उस वक्त लगी जब सहरसा से घर पहुंच कर अपने घर का मुख्य द्वार का ताला खोलकर अंदर प्रवेश किया तो देखा कि सभी कमरे का ताला टूटा हुआ था और सभी सामान बिखरा पड़ा हुआ था।एक एक जब देखने लगा तो सभी पांचों कमरे का ताला टूटा हुआ था और घर के अंदर रखें आलमीरा, ट्रंक, बक्सा व अटैची सभी टूटा और बिखरा पड़ा हुआ था। घटना को लेकर गृहस्वामी ने बताया कि अपने बड़ी बेटी की शादी के लिए सोने चांदी के जेवरात सहित चांदी का बिस्कुट आदि समान बनाकर रखा था लेकिन आज सबकुछ चोर ले गया। और सभी महगें कपडे कि चोरी कर लिया गया।उन्होंने बताया कि बीते 4 तारीख को सपरिवार सहरसा गए थे।शुक्रवार को जब वापस घर पहुंचे तो देखा कि अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। घटना की सूचना सोनवर्षा राज थाना पुलिस को दिया गया।घटना की सूचना मिलते ही सोनवर्षा राज थानाध्यक्ष संजय कुमार सत्यार्थी ने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच आवश्यक जांच में जुट गए। घटना के उद्भेदन के लिए डॉग स्कावयर घटनास्थल पर पहुंच कर जांच किया है। मालूम हो कि अप्रैल माह में इससे पहले विष्णु चैक पर से वाटर एटीएम का दो मोटर व उसके बाद मध्य विद्यालय मनौरी के सामने से दो मोटर कि चोरी अज्ञात चोरों के द्वारा कर लिया गया था।




## राशिफल/पंचांग

ज्योतिषाचार्य संजीत कुमार मिश्रा



**दिनांक 11 /04/2026 शनिवार**

बैशाख कृष्णपक्ष नवमी,रात्रि 12:37 उपरांत दशमी,नक्षत्र उतराषाढ़ा,दोपहर 01:37 उपरांत श्रवण,राशि -मकर,विक्रम सम्वत :2083, सूर्योदय 05:31सुबह,सूर्यास्त :06:10 संध्या,चंद्रोदय :02:04 सुबह (11अप्रैल 2026 ) ,चंद्रास्त : 12:12 सुबह,ऋतू बसंत,चौघडिया,दिन,चौघड़िया : काल 05:31 सुबह 07:06 सुबह,शुभ 07:08 सुबह, 08:41 सुबह,रोग 08:41 सुबह 10:16 सुबह,उद्वेग 10:16 सुबह 11:51 सुबह,चर 11:51सुबह 01:26 दोपहर,लाभ 01:26 दोपहर 03:01 दोपहर,अमृत 03:01 दोपहर 04:36 संध्या काल 04:36 संध्या 06:10 संध्या,लगन :मीन,सुबह 05:37 उपरांत मेष लगन,राहुकाल,सुबह 08:241 से 10:016 सुबह,अभिजित मुहूर्त,सुबह 11:26 सुबह से 12:16 दोपहर,दिशाशूल पूर्व यात्रा विचार :आज कही यात्रा पर जाने के पहले अदरक खाकर यात्रा करे लाभ होगा

### -- दैनिक राशिफल --

मेष लाभ के अवसर हाथ आएंगे। बाहरी सहायता से कार्यों में गति आएगी। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। नौकरी में चैन रहेगा। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा।

वृष चोट व दुर्घटना से शारीरिक हानि की आशंका है। विवाद को बढ़ावा न दें। अतिउत्साह हानिप्रद रहेगा। कुसंगति से बचें। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

मिथुन संबंधियों तथा मित्रों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

कर्क दुःखद समाचार मिल सकता है। भागदौड़ रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। मानसिक बेचैनी रहेगी। प्रियजनों के साथ रिश्तों में खटास आ सकती है।

सिंह स्थायी संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। परीक्षा, साक्षात्कार व करियर संबंधी कार्यों में सफलता प्राप्त होगी।

कन्या शैक्षणिक व शोध इत्यादि कार्यों के परिणाम सुखद रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है। नौकरी कार्य में उत्साह व प्रसन्नता से सफलता प्राप्त होगी।

तुला यात्रा लाभदायक रहेगी। काफी समय से रुका हुआ धन प्राप्ति के आसार हैं। भरपूर प्रयास करें। आय में वृद्धि होगी। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा।

वृश्चिक राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। धार्मिक कृत्यों में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी।

धनु बेरोजगारी दूर होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। प्रतिद्वंद्वी पस्त होंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा।

मकर घर में अतिथियों का आगमन होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। लंबे प्रवास की योजना बनेगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा।

कुंभ नई योजना बनेगी। पुराने किए गए निर्णयों का लाभ अब प्राप्त होगा। सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा।

मीन किसी अपने ही व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। फालतू खर्च होगा। असमंजस रहेगा।